आश्विन कृष्ण पक्ष एकादशी 02:50 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 28 सितंबर 2024
वर्ष 3, अंक 39, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रह्मांड की उत्पत्ति का रहस्य खोलेगी आकाशगंगा 16

फिल्म वेट्टैयन द हंटर का हिंदी टीजर रिलीज 15





## योगी ने दिया हुनर को मंच

"मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में यह आयोजन युवाओं को योजनाओं की जानकारी देता है और उन्हें अपने भविष्य को संवारने का एक बेहतर मंच प्रदान करता है। कौशल विकास मिशन के माध्यम से युवाओं को आधुनिक तकनीकों में दक्षता हासिल करने का अवसर मिल रहा है।
–कपिल देव अग्रवाल, कौशल विकास मंत्री

**03** लाख लोग पहुंचे यूपीआईटीएस 2024 के तीसरे दिन





"प्रत्येक जिले की अनूठी शक्तियों का उपयोग अर्थव्यवस्था में हो रहा है। 2025 तक उत्तर-प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए प्रतिबद्ध है।
–नंद गोपाल नंदी, औद्योगिक विकास एवं निर्यात प्रोत्साहन मंत्री

### आकर्षण का केंद्र



**ट्रेड शो में राधा-कृष्ण** यूपीआईटीएस 2024 में यह राधा-कृष्ण की यह मूर्ति बरबस लोगों का ध्यान खींच रही है।

# एआई के जरिए प्रभु श्रीराम के जीवन के प्रसंगों का भावपूर्ण और भव्य चित्रण

राज्य ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा/लखनऊ

**▸▸ रामायण दर्शन : पुरातन वैभव के साथ नजर आ रही अयोध्या जुट रही लोगों की भीड़**

**अमृत विचार :** इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित किए जा रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस 2024) के द्वितीय संस्करण में एक स्टाल ऐसा भी है जिसका विषय कारोबारी नहीं बल्कि धार्मिक आस्था है।यहां आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के माध्यम से भगवान राम के जीवन के हर महत्वपूर्ण क्षण का प्रभावशाली और मनमोहक चित्रण किया गया है।

रामायण दर्शन के नाम से इस पवेलियन में अयोध्या को उसके पुरातन वैभव की कल्पना के अनुरूप वास्तविक छवि में प्रस्तुत किया गया है । साथ ही भगवान राम के जीवनकाल से जुड़े प्रसंगों को भी भव्य तरीके से दर्शाया गया है। इसमें गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण, सीता स्वयंवर, वनवास, सीता हरण, लंका दहन और रावण वध प्रमुख हैं।

इस मनोरम पवेलियन में इन सभी छवियों के बीच बैकग्राउंड में बजता 'राम सिया राम' का संगीत इसकी आभा को निखार रहा है। एआई के माध्यम से निर्मित छवियों में रामायण के सभी पात्रों में सादगी और वैभव, वास्तविकता और विरासत तथा अध्यात्म व आधुनिकता का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। लोग यहां पर आकर सेल्फी भी ले रहे हैं और संपूर्ण रामायण का साक्षात्कार कर प्रभु श्रीराम के प्रेरक प्रसंगों की छवि को खुद में आत्मसात कर रहे हैं।




यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से बनाए गए रामायण से संबंधित चित्रों ने सबका ध्यान खींचा।

## उच्च शिक्षा की उपलब्धियों से परिचित करा रही सरकार

**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा/लखनऊ :** यूपीआईटीएस के द्वितीय संस्करण में उच्च शिक्षा विभाग ने भी अपना स्टॉल लगाया है। यहां उच्च शिक्षा के क्षेत्र में योगी सरकार द्वारा किए जा रहे अभिनव प्रयासों और उपलब्धियों को प्रस्तुत किया गया है जो उत्तर प्रदेश को एक शैक्षणिक हब के रूप में उभरता हुआ प्रदर्शित कर रहा है। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी 2020) के क्रियान्वयन को भी यहां विस्तार से प्रचारित किया जा रहा है। इसमें त्वरित डिग्री पूरा करने के विकल्प, चार-वर्षीय स्नातक कार्यक्रम की शुरुआत, बहुविषयकता और निरंतर आंतरिक मूल्यांकन (सीआईई) शामिल हैं। इसी के साथ, शिक्षा में आईसीटी के उपयोग के विषय में भी जानकारी दी गई है। उत्तर प्रदेश में एनईपी के अनुसार क्षेत्रीय भाषाओं को उच्च शिक्षा में प्राथमिकता दी जा रही है। सभी उच्च शिक्षा संस्थानों में भाषा केंद्रों की स्थापना की गई है और स्थानीय भाषाओं में ई-सामग्री विकसित की जा रही है, ताकि शिक्षा अधिक सुलभ हो सके। इसी प्रकार भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) का भी प्रचार किया गया।

## तीसरे दिन लेजर शो और फैशन शो ने खींचा ध्यान

**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा :** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे दिन लेजर शो और खादी फैशन शो आकर्षण का केंद्र रहे। सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों की प्रस्तुति ने भी समां बांध दिया। कार्यक्रम के तीसरे दिन नोएडा, ग्रेटर नोएडा, दिल्ली, गुड़गांव, गाजियाबाद फरीदाबाद ही नहीं, बल्कि दूसरे शहरों, राज्यों और विदेशों से आने वाले बॉयर्स की भी काफी भीड़ देखने को मिल रही है। बॉयर्स की अच्छी-खासी भीड़ देखकर कारोबारियों में काफी उत्साह है। एक अनुमान के मुताबिक शुक्रवार को तकरीबन साढ़े तीन लाख लोग पहुँचे। उम्मीद की जा रही है कि शनिवार और रविवार को और अधिक भीड़ जुटेगी।

## पिछले वित्तीय वर्ष में 20.57 बिलियन डॉलर पहुंचा निर्यात




**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा :** फेडरेशन ऑफ एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (एफआईईओ) द्वारा आयोजित नेविगेटिंग द ग्लोबल मार्केट प्लेस : पोटेंशल, चैलेंज एंड स्ट्रेटजीस फॉर इंडियन एक्सपोर्ट विषय पर हुए सेशन में प्रदेश सरकार के माइक्रो, स्माल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज, खादी एंड विलेज इंडस्ट्रीज, हैंडलूम एंड टैक्सटाइल मंत्री राकेश सचान ने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष में प्रदेश के निर्यात ने 20.57 बिलियन अमेरिकी डॉलर के आकड़े को छू लिया था। वृद्धि का महत्वपूर्ण हिस्सा हमारे एमएसएमई के प्रयासों का कारण है।

# ऑर्गेनिक पर जोर, ओडीओपी की चर्चा चहुंओर

**यूपीआईटीएस 2024 तीसरा दिन**

### बरेली के गाय के गोबर से बनी पेंटिंग व अलीगढ़ के मेटल क्रॉफ्ट की मांग

### बांग्लादेश के हालात के बीच ग्रेटर नोएडा के टेक्सटाइल स्टॉल पर बढ़े विजिटर्स

राज्य ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा

**अमृत विचार :** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में विजिटर्स आर्गेनिक उत्पादों पर खासा जोर दे रहे हैं। लगभग हर पवेलियन पर दर्शक आर्गेनिक उत्पादों को ढूंढकर खरीद रहे हैं। दर्शकों में यूपी के एक जिला एक उत्पाद को लेकर क्रेज साफ दिखता है। शायद यही कारण है कि ओडीओपी पवेलियन में दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। दर्शकों को अलीगढ़, मेरठ, बांदा, सिद्धार्थनगर, गोरखपुर समेत अलग अलग जिलों के उत्पाद खूब भा रहे हैं।

**दर्शकों को भा रहे अलीगढ़, मेरठ, सिद्धार्थनगर, गोरखपुर और बांदा के उत्पाद**

बुलंदशहर से ट्रेड शो घूमने आयी अंजना कहती हैं कि ओडीओपी उत्पादों की गुणवत्ता बहुत अच्छी होती है। इन उत्पादों में मिलावट नहीं होती। गत वर्ष भी वो ट्रेड शो में शॉपिंग करने आई थीं। अंजना ने सिद्धार्थनगर का काला नमक चावल खरीदा। ट्रेड शो में देशी गुड़, हींग, घी समेत अचार, मुरब्बा आदि के स्टॉल पर भीड़ लगी थी। हाथरस की हींग बेच रहे दुकानदार ने बताया कि हम सौ प्रतिशत शुद्धता की गारंटी देते हैं। शायद यही वजह है कि लोग उत्पाद को पसंद कर रहे हैं।

अलीगढ़ मेटल क्रॉफ्ट स्टॉल पर शुक्रवार को दिन भर महिलाओं की अच्छी खासी भीड़ रही। स्टॉल संचालक कृष्ण कुमार वासनिक ने बताया कि भगवान की मूर्ति, सजावटी उत्पाद समेत ग्रास के ट्री, लैंप, दीपक आदि बेच रहे हैं। बकौल कृष्ण भगवान की मूर्ति सबकी पसंदीदा हैं। बालाजी की प्रतिमा लगभग हर भक्त खरीद रहा है। स्टॉल पर 100 रुपये से लेकर 2 लाख रुपये तक की प्रतिमाएं मौजूद हैं।



ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में चल रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में तीसरे दिन मूर्तियों के स्टाल पर लगी भीड़।

### योगी की पेंटिंग खरीदने की होड़

ओडीओपी पवेलियन में एक स्टॉल ऐसा भी था, जहां यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पेंटिंग दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बन रही थी। कई दर्शकों ने यह पेटिंग खरीदने की कोशिश की लेकिन बरेली की रचना अग्रवाल यह कहकर मना कर देती कि यह बेचने के लिए नहीं है। रचना अग्रवाल ने बताया कि दरअसल, स्टॉल में लगी सभी पेंटिंग गाय के गोबर से बनाई गई हैं। इनमें प्राकृतिक रंगों का ही प्रयोग किया गया है। रचना अग्रवाल की मां मधुबनी, वर्ली, लिप्पन आर्ट की पारंगत है। ये पेटिंग 8-10 साल तक चलती हैं। रचना ने बताया कि वो योगी आदित्यनाथ से मिलकर उन्हें उनकी पेटिंग गिफ्ट करना चाहती हैं, इसलिए इसे बेच नहीं रही।

### कपड़ा कारोबारियों की उम्मीद बढ़ी

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में ग्रेटर नोएडा के टेक्सटाइल बिजनेस को लेकर दर्शकों की उम्मीदें बढ़ गई हैं। इसके पीछे एक बड़ा कारण बांग्लादेश के अंदरूनी हालात भी है। कारोबारियों ने बताया कि बांग्लादेश टेक्सटाइल का बड़ा निर्यातक है। लेकिन वर्तमान हालातों में निर्यात प्रभावित हो रहा है। ऐसे में भारत के पास बढ़िया मौका है कि वो टेक्सटाइल बिजनेस को अलग अलग देशों तक फैलाए। कारोबारियों को उम्मीद है कि गौतम बुद्ध नगर और लखनऊ इस सेक्टर में तेजी से ग्रोथ करेंगे। इसके अलावा दर्शकों ने फिरोजाबाद की चूड़ियां, कन्नौज का इत्र, बलिया का सत्तू भी खूब खरीदा।

## कारोबारियों के सपनों को मिल रही उड़ान

**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा :** उत्पाद बनाने वाले हर कारोबारी का एक बड़ा सपना होता है कि उसके उत्पाद को विदेशों में भी पंसद किया जाए। यूपीआईटीएस 2024 कारोबारियों के सपने को नई उड़ान दे रहा है। उन्हें उम्मीद है कि आने वाले दो दिनों में कई विदेशी ऑर्डर मिलेंगे, जो उनके उत्पादों को एक्पोजर में सहायक सिद्ध होंगे।

### नहीं ढूंढ़ने पड़ रहे खरीदार : चेतन



वृंदावन के डिवाइन कॉपर के फाउंडर चेतन खंडेलवाल कहते हैं कि पहले बॉयर्स को ढूंढ़ने की जरूरत पड़ती थी, लेकिन इस बार आसानी से मिल रहे हैं। पिछले साल तीन देशों से ऑर्डर मिले थे। इस बार भी ऑट्रेलिया से ऑर्डर मिला है।

### अच्छे कारोबार की उम्मीद : रुचि



कानपुर स्थित रास बॉयोसॉल्यूशन की प्रमुख रुचि खन्ना ने कहा कि हम पिछले 15 साल से अपना कारोबार कर रहे हैं। पिछले तीन दिनों के अंदर हमें वियतनाम, युगांडा, आस्ट्रेलिया सहित कई देशों के बॉयर्स मिले हैं।

### मिल रहे विदेशी खरीदार : दीपक



हापुड़ के मदर नेचर हर्बल अपैरल्स के एमडी दीपक पांडे क्यूबा, यूके, स्पेन, तुर्की, जिम्बाब्वे के बॉयर्स मिलने से उत्साहित हैं। वह कहते हैं कि यह सब मुख्यमंत्री योगी की पहल की वजह से संभव हो रहा है। हमारे उत्पाद हर्बल हैं, जो पर्यावरण के साथ ही स्किन के लिए भी लाभकारी है।

### मिल रहा एक्सपोजर : शाहरुख



मुरादाबाद स्थित शान इम्पैक्स के प्रमुख मो. शाहरुख कहते हैं कि हमें अभी कुछ देशों से ऑर्डर मिल चुका है, जबकि कई और देशों के ऑर्डर पाइप लाइन में हैं। मुख्यमंत्री योगी की पहल की वजह से उनके उत्पादों को इंटरनेशनल एक्सपोजर मिल रहा है, जो उनके लिए बहुत गर्व की बात है।



## हज के लिए ऑनलाइन आवेदन अब 30 तक

**अमृत विचार, लखनऊ :** हज कमेटी ऑफ इंडिया मुम्बई ने हज-2025 के लिए ऑनलाइन हज अवेदन की समय सीमा 7 दिन बढ़ा दी है। हज पर जाने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि पहले 23 सितम्बर थी, जिसे बढ़ाकर अब 30 सितम्बर कर दिया गया है।

हज आवेदक हज कमेटी ऑफ़ इंडिया की वेबसाइट https://hajcommittee.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के सचिव / कार्यपालक अधिकारी एसपी तिवारी ने बताया कि अवकाश के दिनों में भी कार्यालय ऑनलाइन आवेदन भरे जाने के लिए खुला रहेगा। आवेदन के लिए प्रत्येक जिले में ई-सुविधा केन्द्र कार्यरत हैं।

# उप्र अनुसूचित आयोग के अध्यक्ष बने बैजनाथ रावत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ 16 सदस्यों की भी हुई घोषणा, तीन महिलाएं शामिल**

**अमृत विचार:** राज्य सरकार द्वारा उप्र. अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग का नया अध्यक्ष पूर्व विधायक बैजनाथ रावत को बनाया गया है। आयोग में उपाध्यक्ष, पूर्व विधायक बेचन राम व सोनभद्र के जीत सिंह खरवार को बनाया गया है, साथ ही तीन महिला समेत 16 सदस्य नियुक्त किए गए हैं।

समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने शुक्रवार को सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आयोग के पदाधिकारी समाज के उत्थान के लिए कार्य करेंगे। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अनुसूचित जाति-जनजाति को जोड़ने का प्रयास भी करेंगे।

**आयोग में नियुक्त सदस्य**

मेरठ के हरेंद्र जाटव, नरेंद्र सिंह खजूरी, सहारनपुर के महिपाल वाल्मीकि, बरेली के संजय सिंह, उमेश कठेरिया, आगरा के दिनेश भारत, हमीरपुर के शिव नारायण सोनकर, औरेया की नीरज गौतम, लखनऊ के रमेश तूफानी, आजमगढ़ के तीजाराम, मऊ के विनय राम, गोंडा की अनिता गौतम, कानपुर के रमेश चंद्र, भदोही के मिठाई लाल, कौशाम्बी के जितेंद्र कुमार और अंबेडकर नगर की अनिता कमल।

## आईपीएस जुगल किशोर का निलंबन वापस

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश पुलिस में डीआईजी फायर रहे आईपीएस जुगल किशोर तिवारी को शासन ने बहाल कर दिया है। वह उन्नाव में तैनात फायर विभाग के एक सिपाही को विभागीय जांच में क्लीन चिट देने के मामले में निलंबित चल रहे थे।

बता दें कि बीते 10 जुलाई को आईपीएस अधिकारी जुगल किशोर को सस्पेंड कर दिया गया था। आचरण नियमावली का पालन ना करने के चलते उनपर यह कार्रवाई की गई थी। आरोप था कि आईपीएस जुगल किशोर ने अपने अधिकार क्षेत्र के बाहर जाकर दो साल से ज्यादा छुट्टी पर रहे एक फायरमैन की सुनवाई करते हुए नियमों के परे जाकर उसे लाभ पहुंचाया था।

# सेवानिवृत्त आईएएस मोहिंदर 5 अक्टूबर को ईडी में तलब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ फ्लैट खरीदारों से ठगी के मामले में पूछताछ के लिए नहीं पहुंचे थे पूर्व आईएएस अफसर**

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लखनऊ इकाई ने नोएडा के फ्लैट खरीदारों से ठगी के मामले में सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी मोहिंदर सिंह को पूछताछ के लिए पुनः तलब किया है। इससे पहले उन्हें बुधवार को बुलाया गया था, लेकिन वह नहीं पहुंचे और न ही उन्होंने ईडी को कोई जानकारी दी।

बतादें कि ईडी ने छापेमारी में मोहिंदर सिंह के ठिकानों से बरामद संपत्तियों के दस्तावेजों की पड़ताल की थी। अब उनसे इन संपत्तियों में निवेश की गई रकम के स्रोत के बारे में पूछताछ हो सकती है। इसके अलावा हैसिंडा प्रोजेक्ट से संबंधित कामकाज देखने वाले अथॉरिटी के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। ईडी को उनकी कुछ बेनामी संपत्तियों की जानकारी भी मिली है। पिछले दिनों ईडी ने मोहिंदर सिंह के ठिकानों पर छापेमारी की थी।

**इनसे भी होगी पूछताछ**

नोएडा अथारिटी के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी मोहिंदर सिंह के अलावाल एचपीपीएल व क्लाउड नाइन प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक रहे सुरप्रीत सिंह सूरी, विदुर भारद्वाज, निर्मल सिंह, आदित्य गुप्ता, आशीष गुप्ता से भी पूछताछ की जाएगी।

# 53 जिलों के एआरटीओ प्रवर्तन का वेतन रोका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ प्रशमन शुल्क के निर्धारित लक्ष्य प्राप्त न हो पाने पर परिवहन आयुक्त ने की बड़ी कार्रवाई**

**अमृत विचार:** प्रदेश के परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने आज बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रदेश के 53 जनपदों के एआरटीओ (प्रवर्तन) का सितंबर माह का वेतन रोकने के निर्देश जारी किए हैं।यह जानकारी अपर परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन) ए के सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1 जुलाई 2024 से 31 अगस्त 2024 तक प्रशमन शुल्क के निर्धारित लक्ष्य को प्रदेश के 53 जनपदों में प्राप्त नहीं किया जा सका, जिसके कारण एआरटीओ (प्रवर्तन) का सितंबर माह का वेतन रोके जाने का निर्णय मुख्यालय स्तर से लिया गया है।

अपर परिवहन आयुक्त ने बताया कि मुख्यालय स्तर से लगातार निर्देश दिए जाते हैं कि प्रशमन शुल्क के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किये जाने के लिए फील्ड में तैनात अधिकारी प्रयास करें। फील्ड में तैनात प्रवर्तन अधिकारी अपने-अपने जनपदों में प्रशमन शुल्क प्राप्ति में रुचि नहीं दिखा रहे हैं जो कि शासन और मुख्यालय के निर्देशों की अवहेलना है।

**कवायद** 2027 तक देश में 1 करोड़ घरों की छत पर सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य

# प्रदेश में 25 लाख घरों की छत पर लगेगा सोलर पैनल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ पीएम सूर्य घर योजना का लाभ लेने में लखनऊ अव्वल**

**▸▸ वाराणसी, कानपुर, आगरा और प्रयागराज टॉप फाइव में**

**अमृत विचार :** सौर ऊर्जा के जरिए जनता को लगभग निःशुल्क बिजली देने का अभियान उप्र. में तेजी से आगे बढ़ रहा है। घर की छतों पर सोलर रूफ टॉप पैनल लगाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी 75 जिलों के लिए अलग-अलग लक्ष्य तय किया है। साल 2027 तक उप्र. में जहां 25 लाख घरों की छत पर सोलर पैनल लगेगा, वहीं देश में 1 करोड़ घरों की छत पर सोलर पैनल लगाने की तैयारी है।

इसी साल शुरू हुई पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत मात्र सात महीने में ही लखनऊ में सर्वाधिक रूफ टॉप पैनल इंस्टॉल किये गये हैं। इसी क्रम में वाराणसी, कानपुर, आगरा और कानपुर नगर टॉप फाइव में हैं।

**11 हजार से अधिक सोलर पैनल लगाए गए 7 माह में**

हाल ही में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा भी की है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्रदेश में लखनऊ जनपद में सर्वाधिक 11,435 सोलर रूफ टॉप पैनल क्रियाशील कर दिये गये हैं।

वहीं दूसरे नंबर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में इस योजना के अंतर्गत अबतक 4088 सोलर पैनल इंस्टॉल हो चुके हैं। ऐसे ही कानपुर में 1909, आगरा में 1364 और प्रयागराज में 1349 रूफ टॉप पैनल लगाए गए हैं।

**17 लाख 75 हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन**

उप्र. में पीएम सूर्य घर योजना के लिए अबतक 17 लाख 75 हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। इनमें से 32 हजार से अधिक घरों में रूफ टॉप पैनल इंस्टाल किये जा चुके हैं। बता दें कि पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत एक किलोवॉट क्षमता के रूफ टॉप पर केंद्र सरकार की ओर से 30 हजार रुपए और प्रदेश सरकार की ओर से 15 हजार रुपए यानी कुल 45 हजार रुपए की सब्सिडी दी जा रही है। ऐसे ही दो किलोवॉट के लिए केंद्र द्वारा 60 हजार रुपए और प्रदेश सरकार द्वारा 30 हजार रुपए यानी कुल 90 हजार रुपए की सब्सिडी दी जा रही है। वहीं तीन किलोवॉट और उससे ऊपर के लोड के लिए केंद्र द्वारा 78 हजार रुपए और राज्य सरकार द्वारा 30 हजार रुपए यानी कुल 1 लाख 8 हजार रुपए की सब्सिडी जी जा रही है।

## सार-संक्षेप



शतरंज खिलाड़ी वंतिका अग्रवाल ने अपनी मां संगीता और पिता आशीष के साथ शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की।

### पुलिसकर्मियों को जल्द मिलेंगी आवासीय सुविधाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** गृह विभाग ने पुलिसकर्मियों को आवासीय सुविधाएं देने के लिए कई प्रस्तावों को मंजूरी दी है। कानपुर नगर के बिधनू के अंतर्गत नवीन थाना सेन पश्चिम पारा में आवासीय भवनों के निर्माण के लिए 8.27 करोड़ की स्वीकृति की गई है। इसके अलावा आगरा स्थित छीपाटोला पुलिस क्लब कॉलोनी में 96 आवासीय भवनों के लिए 35.21 करोड़ की मंजूरी दी गई है। बिजनौर के अफजलगढ़ में टाइप बी के 48 नग आवासों की मंजूरी दी गई है। इसके लिए 22.98 करोड़ की धनराशि जारी करने की भी संस्तुति कर दी गई है। रामपुर में अग्निशमन केंद्र के कार्मिकों के लिए भी लंबे समय से आवासीय व्यवस्था करने की मांग चल रही थी। ऐसी स्थिति में गृह विभाग ने रामपुर में आवासीय सुविधाओं के लिए 12.82 करोड़ रुपये की संस्तुति की गई है।

### महात्मा बुद्ध कृषि विश्वविद्यालय को फिर मिले 45 करोड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि कुशीनगर में निर्माणाधीन महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के लिए शासन द्वारा 45 करोड़ रुपये की संस्तुति की है। यह विश्वविद्यालय शिक्षा और अनुसंधान से उप्र. के कृषकों की आय को दुगनी करने तथा कृषि को धारणीय बनाने में सहयोग करेगा। साथ ही उन्होंने शुक्रवार को बताया कि मृदा एवं जल संरक्षण अनुसूचित जातियों के लिए नेशनल मिशन फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर के अंतर्गत नमामि गंगे योजना और अन्य के लिए 3.51 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी गई है।

### पुरस्कार के लिए 6 अक्टूबर तक करें आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से न्यूनतम 03 वर्ष पुरानी स्थापित इकाइयों को वित्तीय वर्ष 2024-25 में पुरस्कार देने के लिए उद्यमियों/इकाईयों और लाभार्थियों का चयन किया जाएगा।। इकाइयां 06 अक्टूबर तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी महेंद्र प्रताप ने बताया कि संबंधित इकाई को अपना नाम, वित्त पोषण का वर्ष और उत्पादन का नाम एवं प्रकार का विवरण देना होगा। साथ ही बिक्री और रोजगार के आंकड़े भी देने होंगे। जिला स्तर पर गठित चयन समिति आवेदनों का चयन कर परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग कार्यालय को भेजेगी। चयनित उद्यमियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया जाएगा।

### ड्यूटी से नदारद रेहरा बाजार पीएचसी के प्रभारी हटाए गए

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलरामपुर के रेहरा बाजार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) के डॉ. उत्कर्ष मिश्रा को ड्यूटी में नदारद रहने के आरोप के बाद पीएचसी से हटा दिया गया है। स्वास्थ्य महानिदेशक बृजेश राठौर ने बताया कि डॉ. उत्कर्ष को मथुरा बाजार पीएचसी में स्थानान्तरित कर दिया गया है। उनकी जगह सादुल्लाहनगर सीएचसी के डॉ. मंशा लाल को अतिरिक्त जिम्मेदारी दे दी गई है। साथ ही जांच के लिए चार सदस्यीय कमेटी कर दी गई है। रिपोर्ट एक सप्ताह के अन्दर मांगी गई है। यह कार्रवाई उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर हुई।

आश्विन कृष्ण पक्ष एकादशी 02:50 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
शनिवार, 28 सितंबर 2024
वर्ष 3, अंक 39, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



ब्रह्मांड की उत्पत्ति का रहस्य खोलेगी आकाशगंगा 16
फिल्म वेट्टैयन द हंटर का हिंदी टीजर रिलीज 15

## एक नजर

### केरल में एमपॉक्स का एक और मामला सामने आया

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में एमपॉक्स (मंकीपॉक्स) का एक और मामला सामने आया है। भारत में एमपॉक्स का यह तीसरा मामला है। 29 साल का युवक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से केरल के एर्नाकुलम लौटा था। बताया जा रहा है कि उसे तेज बुखार था और जांच में एमपॉक्स की पुष्टि हुई है। हालांकि अभी स्ट्रेन का पता नहीं चला है। केरल के स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि मरीज का कोच्चि के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसके सैंपल पुणे के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी में जीनोमिक सीक्वेंसिंग के लिए भेजे गए हैं। जांच के बाद पता चलेगा कि मरीज एमपॉक्स के खतरनाक और तेजी से फैलने वाले क्लैड-1बी स्ट्रेन से संक्रमित है या नहीं।

### ब्रह्मोस एयरोस्पेस में पूर्व अग्निवीरों को आरक्षण

**नई दिल्ली।** सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण करने वाले ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड ने कंपनी की तकनीकी, प्रशासनिक और सुरक्षा समेत अन्य शाखाओं में पूर्व अग्निवीरों के लिए पदों को आरक्षित करने का फैसला किया है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस भारत और रूस का संयुक्त उपक्रम है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस विभिन्न कार्यक्षेत्रों में अग्निवीरों के लिए रिक्तियों को आरक्षित करने की घोषणा करने वाली रक्षा क्षेत्र की पहली अग्रणी कंपनी है। कंपनी के एक आदेश में कहा गया है कि तकनीकी और सामान्य प्रशासन में कम से कम 15 प्रतिशत रिक्तियां अग्निवीरों के लिए आरक्षित होंगी।

# भारी बारिश से खेत में खड़ी धान मक्का व गन्ने की फसलें गिरीं

## पूर्वी, तराई और अवध क्षेत्र के लगभग 30 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

- प्रदेश के कई जिलों में झमाझम बारिश कर लौट रहा मानसून

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश से मानसून कई जिलों में झमाझम बारिश करते हुए वापसी कर रहा है। 24 घंटों के दौरान कई जिलों में भारी बारिश हुई है। गरज-चमक के साथ हुई भारी बरसात ने उमस से राहत तो दी, लेकिन धान, मक्का और गन्ने आदि की खड़ी फसलें खेतों में बिछ गईं। इसका बड़ा कारण बारिश के दौरान तेज हवाओं का चलना भी रहा। अयोध्या, अमेठी, अंबेडकर नगर, बहराइच आदि जिलों में खड़ी फसलों के गिरने से किसानों का बड़ा नुकसान हुआ है।

राज्य के तराई क्षेत्र के महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर और आसपास के इलाकों में शुक्रवार रात से शनिवार सुबह तक गरज चमक के साथ भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पूर्वी, तराई और अवध क्षेत्र के लगभग 30 जिलों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर-पश्चिम के कुछ जिलों को छोड़कर पूरे राज्य में अगले 24 घंटे बादल जमकर बरसेंगे। शुक्रवार को कानपुर, कन्नौज, बांदा ,गोरखपुर, बहराइच, सुल्तानपुर, अयोध्या, रायबरेली आदि में अच्छी बरसात हुई।

राजधानी लखनऊ में भी गुरुवार शाम से शुरू हुई बारिश का सिलसिला शुक्रवार तक जारी रहा। सुबह से हुई बारिश से शहर सराबोर दिखा। बारिश के साथ तेज हवाओं ने लोगों को ठंड का अहसास कराया। तापमान में अच्छी खासी गिरावट दर्ज की गई। मौसम वैज्ञानिक एम. दानिश ने बताया कि शनिवार को भी मौसम ऐसा ही रहने की उम्मीद है। रविवार से बारिश के कमजोर पड़ने के संकेत हैं। हालांकि, रविवार को भी प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में छिटपुट बारिश जारी रहने की संभावना है।

फिलिप कैपिटल इंडिया में कमोडिटीज रिसर्च के वाइस प्रेसीडेंट अश्विनी बंसोड़ का तर्क है कि सितंबर के चौथे सप्ताह और अक्टूबर की शुरुआत में भारी बारिश के कारण अगैती फसलों की बोआई प्रभावित हो सकती है। उन्होंने कहा कि इसका असर बारिश की मात्रा व अवधि पर निर्भर होगा। अगर अक्टूबर के शुरुआती 15 दिन तक बारिश होती है तो खेतों में पानी जमा होने से फसलों को ज्यादा पहुंच सकता है।



बहराइच में बारिश के बाद खेत में गिरी धान की फसल।

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अभी सुधार नहीं

प्रदेश में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति में अभी सुधार नहीं है। प्रमुख नदियां उफानाई हुई हैं। मौसम विभाग ने 29 सितंबर तक भारी बारिश का अनुमान लगाया है। लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, सीतापुर, बाराबंकी और गोंडा के लिए रेड अलर्ट जारी किया है तो वहीं हरदोई, बस्ती, लखनऊ और सिद्धार्थनगर में ऑरेंज अलर्ट लागू है। अन्य जिलों में भी बारिश के आसार हैं। इन जिलों में राहत और बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को तैनात किया गया है।

> इस तरह की बारिश पूर्व में हुई कम बरसात की भरपाई नहीं है। बारिश के बीच हवाएं चलने से फसलों को नुकसान अवश्य पहुंचा है। फसलों को बारिश ही नहीं, रोशनी भी चाहिए। लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण दोनों के बीच पहले जैसा तालमेल नहीं हो पा रहा है। यानी नदियों-तालाबों के बजाय अब समुद्री पानी वाष्पित होकर बादल बन बरस रहा है, इसलिए कृषि भी प्रभावित है।
> **- डॉ. अवधेश मिश्रा**, कृषि विशेषज्ञ, उप्र.

# मुरादाबाद में युवक की मौत पर पुलिसकर्मियों को दौड़ाकर पीटा

## अवैध खनन के शक में ट्रैक्टर-ट्राली का पीछा कर रहे थे पुलिसकर्मी

- चालक की मौत पर भड़का गुस्सा दो घंटे तक बवाल, पथराव
- दो नामजद समेत चार पुलिस कर्मियों हत्या की रिपोर्ट
- सीओ ठाकुरद्वारा हटाए गए, एसएचओ समेत सात निलंबित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा में पुलिस वालों को लाठी-डंडे लेकर दौड़ाते ग्रामीण।

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र में अवैध खनन के शक में ट्रैक्टर-ट्राली का पीछा कर रही पुलिस को चालक की मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए ग्रामीण उग्र हो गए। आक्रोशित भीड़ ने पुलिस वालों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। दो घंटे तक ग्रामीणों और पुलिस में जमकर संघर्ष हुआ। लाठी-डंडे लेकर गुस्साई भीड़ पुलिस के पीछे पड़ गई, जमकर पथराव किया।

पानी से भरे धान के खेत से भागकर पुलिस कर्मियों ने जान बचाई। उग्र भीड़ ने कुछ पुलिस कर्मियों को बंधक बनाकर वर्दी फाड़ दी और पिटाई की। सूचना पर जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक समेत पीएसी और भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा। मृतक के पिता ने दो नामजद समेत चार पुलिस कर्मियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। एसएसपी ने सीओ ठाकुरद्वारा राजेश कुमार को हटा दिया है, जबकि एसएचओ ठाकुरद्वारा, दो दरोगा और चार सिपाहियों को निलंबित कर दिया है। थाना क्षेत्र तरफ दलपतपुर गांव निवासी धर्मपाल का बेटा लोकेश उर्फ मोनू (25) ट्रैक्टर-ट्राली से मिट्टी डालने का काम करता है। लोकेश शुक्रवार तड़के 3 बजे ट्रैक्टर-ट्राली लेकर खेत पर गया था। अवैध खनन की आशंका में पुलिस वालों ने अपनी गाड़ी से उसका पीछा कर लिया। पुलिस से बचने के लिए लोकेश ट्रैक्टर भगाने लगा। इसी दौरान उसकी ट्रैक्टर के पहियों के नीचे दबकर मौत हो गई। सुबह तक जब वह घर पर नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। रोड से नहर वाले रास्ते से 50 मीटर दूर खेत में मोनू का शव मिला। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर के टायर से दबे शव को निकालकर पास ही सड़क पर रख दिया और पुलिस वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सुबह 8 बजे सूचना पर पहुंची पुलिस पर ग्रामीण अवैध खनन को लेकर वसूली का पैसा नहीं देने पर सिपाही अनीस और नरेश समेत गाड़ी में सवार चार पुलिसकर्मियों पर मोनू की हत्या का आरोप लगाने लगे।

# चार हत्याओं के दोषियों को सुनाई फांसी की सजा

- कोर्ट ने दोनों अभियुक्तों को तब तक फांसी पर लटकाए रखने का आदेश दिया जब तक उनकी मृत्यु न हो जाए

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र में वर्ष 2021 में महिला व उसके तीन बच्चों की हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय ने शुक्रवार को दो आरोपियों को फांसी की सजा सुनाई है। यही नहीं, कोर्ट ने कहा कि दोनों को तब तक फांसी पर लटकाए रखा जाए जब तक उनकी मृत्यु न हो जाए। कोर्ट ने अभियुक्तों को अलग-अलग धाराओं में भी सजा सुनाते हुए 70/70 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र के बसंतापुर गजाधरपुर और मदनकोठी में तीन बच्चों व एक महिला की निर्मम हत्या कर दी गई थी। महिला मेरी कात्यान मुंबई की रहने वाली थी। दिल दहला देने वाली घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त था। पुलिस ने 10 सितंबर 2021 को हत्या समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया था। घटना में विवेचना के दौरान तत्कालीन विवेचना अधिकारी ने घटना का खुलासा करते हुए थाना क्षेत्र के तेलियनपुरवा ततेहरा गांव निवासी अभियुक्त ननकू व सलमान को नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा था। मुकदमे में थाने की पुलिस व तत्कालीन डीजीसी रहे मुन्नूलाल मिश्रा ने सत्र न्यायाधीश की कोर्ट पर कड़ी पैरवी की थी। इस मामले की सुनवाई कोर्ट में लगातार चली। इस दौरान करीब 24 गवाहों को पेश किया गया था। शुक्रवार को अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय पवन कुमार शर्मा की कोर्ट में सुनवाई के दौरान डीजीसी गिरीशचद्र शुक्ला व एडीजीसी प्रमोद सिंह ने घटना को वीभत्स बताते हुए अभियुक्तों को फांसी की सजा दिलाने की दलील पेश की थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने व साक्ष्यों के आधार पर ननकू व सलमान को फांसी की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि ननकू व सलमान को तब तक फांसी पर लटकाया जाए, जब तक उनकी मृत्यु न हो जाए। वहीं, हत्याकांड का एक अभियुक्त दानिश नाबालिग है। उसका केस जेनुवेल कोर्ट में चल रहा है। मालूम हो कि मेरी कात्यान तीन बच्चे मुंबई के रहने वाले थे। उनकी हत्या कर शव अलग अलग स्थानों पर फेंका गया था। कहीं खेत तो कहीं तालाब के निकट शव मिले थे। जिससे हत्या की गुत्थी को सुलझाने के लिए पुलिस को काफी मेहनत करनी पड़ी थी।

### अलग-अलग मिले थे महिल व उसके तीन बच्चों के शव

महिला व उसके तीन बच्चे मुंबई के रहने वाले थे। उनकी हत्या कर शव अलग अलग स्थानों पर फेंका गया था। कहीं खेत तो कहीं तालाब के निकट शव मिले थे। जिससे हत्या की गुत्थी को सुलझाने के लिए पुलिस को काफी मेहनत करनी पड़ी थी।

## प्रसाद विवाद: जांच के लिए एसआईटी गठित

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश सरकार ने तिरुपति में भगवान वेंकटेश्वर के मंदिर में चढ़ाए जाने वाले लड्डू में पशु चर्बी मिलाए जाने के मामले की जांच के लिए नौ सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) नियुक्त किया है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने हाल में आरोप लगाया था कि राज्य में युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) की पूर्ववर्ती सरकार ने वेंकटेश्वर मंदिर को भी नहीं बख्शा और लड्डुओं को बनाने के लिए घटिया सामग्री एवं पशु चर्बी का इस्तेमाल किया गया। उन आरोपों के कारण देश में एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया और करोड़ों हिंदुओं की भावनाएं आहत हुईं। मुख्य सचिव नीरभ कुमार प्रसाद ने गुरुवार देर रात जारी आदेश में कहा कि सरकार ने तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) की पवित्रता की रक्षा करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत पूरे मामले की विस्तृत जांच करने के लिए एक एसआईटी गठित किया है।




## जमीन घोटाला मामला

### सिद्धारमैया और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी

**मैसूरू।** लोकायुक्त पुलिस ने शुक्रवार को मैसूरू शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूखंड आवंटन मामले में अदालत के आदेश के बाद मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। बेंगलुरू की एक विशेष अदालत ने बुधवार को इस मामले में सिद्धारमैया के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस जांच का आदेश दिया था, जिससे उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की भूमिका तैयार हो गई। विशेष अदालत का यह आदेश हाईकोर्ट द्वारा राज्यपाल थावरचंद गहलोत के सिद्धारमैया के खिलाफ जांच करने की मंजूरी को बरकरार रखने के एक दिन बाद आया है।

# तेलंगाना के मंत्री के परिसरों पर ईडी का छापा

- धनशोधन के मामले में केंद्रीय एजेंसी ने की कार्रवाई

हैदराबाद, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तस्करी गिरोह से संबंधित लगभग 100 करोड़ रुपये के धन शोधन मामले में तेलंगाना के राजस्व मंत्री पी. श्रीनिवास रेड्डी और कुछ अन्य लोगों से जुड़े कई परिसरों पर शुक्रवार को छापे मारे। सूत्रों ने बताया कि हैदराबाद समेत राज्य में करीब पांच स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं।

धन शोधन का यह मामला राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) द्वारा पी. श्रीनिवास रेड्डी के बेटे हर्ष रेड्डी के खिलाफ दर्ज शिकायत से जुड़ा है। हर्ष रेड्डी पर आरोप है कि उन्होंने सात करोड़ रुपये की पांच घड़ियां खरीदी हैं, जिनके भुगतान क्रिप्टो करेंसी और हवाला गिरोह से जुड़े हैं और ए नवीन कुमार नामक व्यक्ति इस मामले में निदेशालय की जांच के दायरे में है। कांग्रेस नेता पी. श्रीनिवास रेड्डी तेलंगाना सरकार में राजस्व, आवास, सूचना और जनसंपर्क मंत्री हैं।

### जम्मू-कश्मीर के दो जिलों में एनआईए का छापा

**नई दिल्ली/जम्मू।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने जून में शिव खोड़ी मंदिर से लौट रहे तीर्थयात्रियों की बस पर हुए घातक आतंकवादी हमले की जांच के तहत शुक्रवार को राजौरी और रियासी जिलों में कई स्थानों पर छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए अधिकारी जम्मू-कश्मीर में सात स्थानों पर छापे मार रहे हैं। आतंकवादियों द्वारा नौ जून को श्रद्धालुओं की बस पर की गई गोलीबारी में जम्मू-कश्मीर के बाहर के सात तीर्थयात्रियों सहित नौ लोगों की मौत हो गई थी और 41 अन्य घायल हो गए थे। गृह मंत्री ने इस आतंकवादी हमले की जांच का जिम्मा 17 जून को एनआईए को सौंपा था। इस मामले में अब तक राजौरी के एक व्यक्ति हाकम खान को गिरफ्तार किया गया है, जिसने आतंकवादियों को भोजन, आश्रय और रसद मुहैया कराई थी।

# सड़कों पर रात भर गाड़ी खड़ी की तो देना होगा शुल्क

## नगर विकास विभाग बना रहा प्रस्ताव, कैबिनेट से हरी झंडी मिली तो नई पार्किंग नीति होगी लागू

- पूरी रात 100, सप्ताह के लिए 300 और महीने भर के लिए 1000 रुपये देना होगा पार्किंग शुल्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** रात में सड़क पर गाड़ी खड़ी कर घर में चैन की नींद सोना मुश्किल होने वाला है। दरअसल, उत्तर प्रदेश में सड़कों पर रातभर गाड़ी खड़ी करने पर अब शुल्क देना होगा। नगर विकास विभाग ने इसकी तैयारी कर ली है। योजना के अनुसार, नगर निगम के अधिकार क्षेत्र (सार्वजनिक जगहों) में आने वाले स्थानों पर अगर कोई रात में गाड़ी खड़ी करता है तो उससे पार्किंग शुल्क लिया जाएगा। यह शुल्क प्रति रात 100 रुपये, सप्ताह भर के लिए 300 रुपये, महीने भर के लिए 1000 रुपये और साल भर के लिए 10000 रुपये होगा।

इसके लिए शुल्क जमा करने के साथ एक परमिट मिलेगा और कोई बिना परमिट के गाड़ी खड़ी करता है तो उससे तीन गुना शुल्क वसूल किया जाएगा। फिलहाल, इस प्रस्ताव को लेकर संबंधित विभाग से सुझाव, आपत्ति और निस्तारण के बारे में विस्तृत कार्ययोजना मांगी गई है। मंत्रिमंडल से मंजूरी मिली तो नगर निगम में पार्किंग की नई नीति लागू हो जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी बीते दिनों सुनियोजित पार्किंग के लिए नगर विकास विभाग को एक नीति लाने का निर्देश दिया था। उसके बाद अब नगर विकास नई पार्किंग नीति लाने के तहत कार्ययोजना को अंतिम रूप दे रहा है। पूर्व में स्पष्ट नीति न होने के कारण मनमाने तरीके से पार्किंग टेंडर उठते रहते हैं, जिसके चलते शहरों में अवैध पार्किंग की बाढ़ आ गई है। नगर निगम द्वारा विकसित पार्किंग को निजी हाथों में भी देने पर विचार हो सकता है। नगर निगमों (बड़े शहरों) में पार्किंग ठेकों में बड़ी कंपनियां भी अपना टेंडर डाल सकेंगी।

### दे सकते हैं सुझाव, रख सकते हैं मांग

प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने नई नीति के लिए उप्र. नगर निगम (पार्किंग स्थान का सन्निर्माण, अनुरक्षण और प्रचलन) अनंतिम नियमावली-2024 का प्रकाशन करते हुए आपत्ति मांगी है। नगर विकास विभाग की इस निमयावली पर प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग अनुभाग-9 बापू भवन लखनऊ या फिर ईमेल nagarvikasanubhag9@gmail.com पर आपत्तियां और सुझाव भेजे जा सकते हैं।

## एक नजर

### दहेज न मिलने पर विवाहिता को पुत्र के साथ किया बेघर

**गुरसहायगंज।** मधवापुर चियासर निवासी अनामिका पुत्री राजेश त्रिपाठी हाल निवासी ग्राम बिर्रा ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि उसकी शादी 29 नवंबर 2010 को फर्रूखाबाद के मऊदरवाजा क्षेत्र के नुनाई निवासी रविकांत दीक्षित से हुई थी। शादी के बाद पति के साथ ससुराल वालों ने 5 लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। उसके एक पुत्र लवी है। ससुरालियों ने 2 माह पहले उसे मारपीट कर पुत्र के साथ घर से निकाल दिया। पति ने दूसरी शादी भी कर ली। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### दो लोगों के विरुद्ध शटरिंग चोरी की रिपोर्ट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम डुडवाबुजुर्ग निवासी अमीनुद्दीन पुत्र कमालुद्दीन ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि उसकी शटरिंग की दुकान नगर के पश्चिमी बाईपास पर है। जिसमें 26 सितंबर की सुबह लगभग 06 बजे नगर के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी पवन गुप्ता पुत्र सर्वेश गुप्ता व रजनीश पुत्र राकेश ने दो शटरिंग के फरमें चोरी कर लिए। जिनको रंगे हाथ दुकानदार ने पकड़ लिया। जो इससे पहले भी एक बार चोरी कर चुके थे। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### छात्र-छात्राओं की प्रतियोगिता आज

**कन्नौज।** शहर के एसबीएस इंटर कॉलेज मकरंदनगर में 28 सितंबर को सुबह नौ बजे से सेवा पखवाड़ा के तहत जिला स्तरीय पेंटिंग, निबंध व संभाषण प्रतियोगिता होगी। डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि कक्षा छह, सात व आठ के विद्यार्थी विकसित भारत विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता में शामिल होंगे। कक्षा नौ व 10 के छात्र-छात्राएं आत्मनिर्भर भारत थीम पर निबंध लिखेंगे। कक्षा 11 व 12 के विद्यार्थी वोकल फॉर लोकल विषय पर संवाद करेंगे। प्रतिभागी समय से आधा घंटे पहले पहुंचेंगे।

### आज नहीं, 30 को होगी क्विज प्रतियोगिता

**कन्नौज।** जिला आपदा प्रबंधन की बारिश होने की रिपोर्ट को संज्ञान में लेते बीएसए संदीप कुमार ने 28 सितंबर को होने वाली राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विकास खंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता को स्थगित कर दिया है। उन्होंने बताया कि बारिश की वजह से ग्रामीण क्षेत्रों से बच्चों को सभी बीआरसी तक पहुंचने में दिक्कत हो सकती है। बच्चों की सुरक्षा एवं सुविधा को की वजह से अब 30 सितंबर यह प्रतियोगिता भव्य ढंग से आयोजित कराई जाएगी।

### बंदियों ने एडीजे से की निशुल्क अधिवक्ता की मांग

**जलालाबाद, कन्नौज।** अपर जिला जज/सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण लवली जायसवाल ने शुक्रवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। महिला बंदियों को निजी स्वच्छता हेतु शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सचिव ने बंदियों के खानपान, चिकित्सा व उनके मुकदमों में पैरवी अधिवक्ताओं के संबंध में जानकारी ली। जेल में संचालित कौशल विकास का भी निरीक्षण किया। बंदियों ने समुचित इलाज एवं दूध, फल एवं खाना सही से मिलने की बात कही। बंदियों द्वारा अपने मामले की पैरवी हेतु सरकारी अधिवक्ता दिलाये जाने की याचना की गयी।

### ई-रिक्शा चालक ने युवक से की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** हरदोई के थाना अरवल ग्राम बनामऊ निवासी अमित कुमार पुत्र राम रहीम यादव ने बताया कि उसके चाचा अतर सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह 25 सितंबर को लगभग 05 बजे छिबरामऊ जा रहा था। तभी जसोदा में हरदोई के थाना माधौवगंज, ग्राम मडिया निवासी ई-रिक्शा चालक जितेंद्र पुत्र इंद्रपाल यादव ने उसके चाचा से किराए के पैसे मांगे। तो उसने पैसे दे दिए। लेकिन ई-रिक्शा चालक ने शराब के लिए पैसे मांगे। मना करने पर ई-रिक्शा चालक ने गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित के भतीजे ने ई-रिक्शा चालक के विरूद्ध कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### जंगली जानवर ने बकरे को बनाया निवाला

**सौरिख।** दिनदहाड़े जंगली जानवर ने घर के बाहर बाग में बंधे बकरे को अपना शिकार बना लिया। खेतों में ले जाकर नोच नोच कर खा लिया। घटना से इलाके में हड़कंप मचा है। सूचना पर पुलिस एवं वन विभाग की टीम ने पहुंच कर मामले की पड़ताल शुरू कर दी। सकरावा थाना क्षेत्र के बझेड़ी गांव निवासी सुधीर शाक्य पुत्र श्रीकृष्णा शाक्य का बकरा गुरुवार को मकान के पास स्थित बाग में बंधा था। तभी जंगली जानवर उस पर हमलाकर ले गया और पड़ोस में धान के खेत में ले जाकर खा लिया। खोजबीन के दौरान बकरे की हड्डियां मिलीं तो ग्रामीणों में दहशत फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस एवं वन विभाग की टीम ने जंगली जानवर की तलाश शुरू कर दी है।

# गैरहाजिर शिक्षिका ने स्कूल का तोड़ा ताला, निलंबित

## बीईओ विश्वनाथ पाठक व मधुलिका बाजपेयी की रिपोर्ट पर कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर भेजा था डीएम को, कराई गई जांच
- उमर्दा ब्लॉक के अचनकापुर का मामला, जलालपुर पनवारा में संबद्ध

**अमृत विचार।** स्कूल समय के बाद प्रधानाध्यापक कक्ष का शिक्षिका ने ताला तोड़ दिया। ग्रामीणों ने इसका वीडियो बनाकर डीएम को भेज दिया। जांच के आदेश हुए तो पता लगा कि महीने में 20 दिन शिक्षिका विद्यालय ही नहीं पहुंचीं। गैरहाजिरी के दिनों में भी हस्ताक्षर कर रहीं हैं। दो बीईओ की जांच रिपोर्ट के बाद बीएसए ने आरोपी सहायक अध्यापक को निलंबित कर दिया।

बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि 23 सितंबर को बीईओ उमर्दा विश्वनाथ पाठक व बीईओ मधुलिका बाजपेयी की टीम विद्यालय में सहायक अध्यापक रीता त्रिपाठी की ओर से प्रधानाध्यापक कक्ष का ताला तोड़ने वाले वायरल वीडियो की जांच करने पहुंचीं। उस दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक लक्ष्मी पाल, सहायक अध्यापक सौरभ यादव व धर्मेंद्र कुमार भी मौजूद थे। पंजीकृत 66 बच्चों के सापेक्ष 41 उपस्थित थे। बताया गया है कि एसएमसी अध्यक्ष दिलाशाराम व वीडियो बनाने वाले संदीप कुमार भी मौजूद थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि एसएमसी अध्यक्ष व स्टॉफ का आरोप है कि रीता त्रिपाठी 10 से 12 दिन ही विद्यालय आईं। जब जांच हुई तो 20 दिन अनुपस्थित मिलीं। मानव संपदा पोर्टल पर भी प्रभारी प्रधानाध्यापक ने अनुपस्थिति दिखाई और उसी आधार पर वेतन मिला। ताला तोड़ने के मामले में बीईओ टीम बीआरसी तिर्वा भी गई। वहां रीता त्रिपाठी एफएलएन प्रशिक्षण ले रहीं थीं। रीता ने बताया कि 18 सितंबर को वह उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर करने गई थीं। उस दौरान वह ब्लॉक में प्रशिक्षण ले रहीं थीं। बैच का समय था इसलिए फोन कर स्टाफ को रुकने को कहा था लेकिन जब वह स्कूल पहुंची तो बंद हो चुका था।

अनुरोध के बाद भी स्कूल में कोई नहीं था। ताला तोड़ने वाले मामले में खेद व्यक्त किया। बीईओ की टीम ने इसे अमर्यादित व अशोभनीय कृत्य माना। कहा, इससे शिक्षक की गरिमा व विभाग की छवि धूमिल हुई है। विद्यालय का ताला तोड़ने, विद्यालय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने आदि के आरोप में कार्रवाई की संस्तुति हुई। बीएसए ने रीता त्रिपाठी को निलंबित कर प्राथमिक स्कूल जलालपुर पंचमा ब्लॉक कन्नौज में संबद्ध कर दिया है। मामले की जांच के लिए बीईओ हसेरन को नामित किया गया है। 15 दिन में आरोप पत्र मांगे गए हैं।



स्वच्छ घर स्वामी महिला को सम्मानित करते सभासद व कर्मी। अमृत विचार

# स्वच्छ घर स्वामी व सफाई मित्रों को किया सम्मानित

संवाददाता गुरसहायगंज, कन्नौज

- 75 घर स्वामी व 50 सफाई मित्रों को दिए प्रमाण पत्र

**अमृत विचार।** नगर में स्वच्छता की मुहिम को साकार रूप देने वाले स्वच्छ घर स्वामियों व सफाई मित्रों को नगर पालिका कर्मियों व सभासदों ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत नगर में स्वच्छता अभियान में सहभागिता व सहयोग करने वाले 25 वार्डों के 75 स्वच्छ घर स्वामियों व 50 सफाई कर्मियों को प्रमाण देकर सम्मानित किया गया। स्वच्छ घर स्वामियों कैलाश चन्द्र गुप्ता, मेराज, सीमा, कमला देवी, डॉ. एसके विश्वास, साधना पांडेय, राजेन्द्र गुप्ता, सुधीर, प्रमोद कुमार, राहुल, दीपक, सीता गुप्ता व आकाश शामिल रहे। सफाई मित्रों में सुमित, सनी, सुनीता, नितिन, विशाल, कुलदीप आदि रहे। इस दौरान सभासद आफताब आलम, धर्मेन्द्र गुप्ता, परमजीत, चन्द्रजीत, कपिल यादव, मधु शर्मा, जीतू गुप्ता, संतोष गुप्ता, शिव शंकर तिवारी, सफाई नायक अशोक कुमार, राजन बाबू आदि मौजूद रहे।

# गैंगस्टर के चार दोषियों को सजा, जुर्माना लगा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- गैंगलीडर को पांच साल तो शेष को तीन-तीन साल की जेल

**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) नंद कुमार ने गैंगस्टर के मामले में दोष सिद्ध होने पर चार अभियुक्तों को सजा व जुर्माने से दंडित किया है। गैंगलीडर को पांच साल तो शेष को तीन-तीन साल की जेल तथा सभी पर पांच-पांच हजार का जुर्माना लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर सभी को दो-दो माह की कैद भुगतने का आदेश दिया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सुधीर पांडे ने बताया कि एसएचओ ठठिया प्रयाग नारायण बाजपेयी ने अखिलेश पुत्र प्रेमचंद्र कोरी निवासी खैरनगर थाना ठठिया (धारा 302), गैंगलीडर रामचंद्र कठेरिया उर्फ चंदर पुत्र सोवरन निवासी हरेईपुर, सदस्य धर्मपाल उर्फ कप्तान उर्फ बाबा पुत्र सोवरन कठेरिया, होरीलाल उर्फ मान सिंह पुत्र राम सनेही, महेश चंद्र पुत्र रामसनेही निवासी गण हरेईपुर के खिलाफ गैंगचार्ट दाखिल किया था। इन पर गिरोह बनाकर हत्या जैसे अपराध करके आर्थिक और भौतिक लाभ अर्जित करने का आरोप था।

प्रकरण की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद न्यायालय में आरोपियों के खिलाफ दो अप्रैल 2023 को चार्जशीट दाखिल की गई। शुक्रवार को सुनवाई पूरी होने पर न्यायाधीश ने दोषियों में गैंग लीडर रामचंद्र कठेरिया को पांच साल की सजा तथा पांच हजार जुर्माना, सदस्यों क्रमशः धर्मपाल, होरीलाल व महेशचंद्र को 3-3 साल की जेल तथा प्रत्येक को 5000 रुपये के जुर्माने से दंडित किया।

# नवाब, नीलू और बुआ पर लगा गैंगस्टर

**किशोरी दुष्कर्म प्रकरण**

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद कोतवाली पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट
- करीब डेढ़ महीने पहले दुष्कर्म में हुई थी सपा नेता की गिरफ्तारी

**अमृत विचार।** करीब डेढ़ महीने पहले किशोरी से दुष्कर्म में पकड़े गए सपा नेता व पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव की मुश्किलें बढ़ गईं हैं। जिलाधिकारी से अनुमोदन प्राप्त होने के बाद मुख्य आरोपी नवाब, सह आरोपी नीलू यादव और पीड़िता की बुआ के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर में मामला दर्ज कर लिया है। इसके साथ ही संपत्ति जब्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

बताते चलें कि 11/12 अगस्त की रात को नवाब सिंह यादव को उनके ही कॉलेज से किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। तत्पश्चात किशोरी की बुआ की भूमिका संदिग्ध मिलने पर उसे सह आरोपी बनाया गया था। बुआ के बयानों में पाया गया कि मुख्य आरोपी के भाई नीलू ने साक्ष्यों को विलोपित करने तथा जांच को प्रभावित करने का प्रयास किया। इसके लिए न सिर्फ रुपयों का प्रलोभन दिया बल्कि चार लाख रुपये भी बुआ के परिचित के खाते में भेजे गए। इस पर उसे भी सह आरोपी बनाते हुए पुलिस ने गिरफ्तारी के प्रयास किए। इसके बाद इनाम घोषित किया लेकिन नाटकीय ढंग से उसने न्यायालय में समर्पण कर दिया। डीएनए से दुष्कर्म की पुष्टि के बाद नवाब की मुश्किलें बढ़ गईं। इधर सभी आरोपियों को जेल भेजने के बाद कोतवाली पुलिस ने गैंगचार्ट तैयार करते हुए गैंगस्टर की प्रक्रिया को गतिमान कर दिया।

पुलिस अधीक्षक अमित आनंद ने बताया कि मुख्य आरोपी समेत तीनों अभियुक्तों का गैंगचार्ट पुलिस ने तैयार करने के बाद बुधवार को फाइल संयुक्त निदेशक अभियोजन आरके मिश्रा के पास समीक्षा के लिए भेजी थी। गुरुवार को समीक्षा के बाद फाइल पुलिस के पास वापस भेजी गई। तत्पश्चात गैंगस्टर कार्रवाई के लिए नोडल अफसर एएसपी अजय कुमार ने फाइल को जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ल के पास अनुमोदन के लिए भेजा था।

एसपी ने बताया कि जिलाधिकारी का अनुमोदन प्राप्त होने पर तीनों के खिलाफ गैंगस्टर के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। कहा कि अभियुक्तों पर दर्ज मुकदमों की विस्तृत विवेचना करते हुए इसे न्यायिक प्रक्रिया में लाया जाएगा। बता दें कि मामला दर्ज होने के बाद पुलिस अवैध तरीके से कमाई गई संपत्तियों का ब्योरा जुटाएगी। गिरोह बनाकर लोगों को डरा धमका कर अवैध तरीके से कमाई करने के मामले में ही गैंगस्टर की कार्रवाई की जाती है।

# लाइनमैन की मनमानी से किसान भड़के

संवाददाता, छिबरामऊ,कन्नौज



बिजली घर पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्राम अंचलों में लाइनमैन की मनमानी से भड़के ग्रामीणों ने किसान यूनियन की अगुवाई में शुक्रवार को बिजली घर पहुंच कर विरोध प्रदर्शन किया। इसके साथ ही अधिशाषी अभियंता को ज्ञापन सौंपा ।

प्रेमपुर के मिघौली के सब स्टेशन के दो लाइनमैन पर किसानों ने मीटर रीडिंग पर धन उगाही के आरोप लगाए। ग्रामीणों ने भाकियू जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला के नेतृत्व में बिजली घर का घेराव किया। आरोप लगाया कि गुरुवार को लाइन मैन ने 50 से अधिक किसानों के कनेक्शन बिना किसी पूर्व सूचना के काट दिए। आरोप लगाया कि लाइनमैन ग्रामीणों से बिल के नाम पर अवैध धन उगाही करते हैं। मांग की कि गांव में कैंप लगा कर उनकी सुविधानुसार बिल जमा कराया जाए। बिजली बिल बकाया होने पर कनेक्शन काटने से पूर्व उन्हें इसकी सूचना दी जाए। मीटर रीडिंग लेने में पारदर्शिता लाते हुए रीडर विभाग से जारी पहचान पत्र भी लेकर आएं। वर्तमान में तैनात लाइनमैन को हटाते हुए विभागीय कार्रवाई की जाए। अधिशासी अभियंता राजीव कुमार भारती ने कहा कि सभी बिंदुओं की जांच करवा कर कार्रवाई की जाएगी। किसानों का हित सुरक्षित रहे ये उनकी जिम्मेदारी है । जिनके कनेक्शन काटे गए हैं उन्हें जोड़ा जाएगा और बकाया बिल को किस्तों में जमा करने की सुविधा है । इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन किसान के दर्जनों पदाधिकारी नन्हीं देवी,कांती देवी, सियारानी, उर्मिला, मालती देवी, पूनम तिवारी, निर्मला देवी, रोहित चौहान, श्याम तिवारी, लल्ला बाबू, सीताराम, राहुल, देवेन्द्र कमल, कुलदीप तिवारी, रवि सक्सेना, अंकित चौहान आदि मौजूद रहे।

# पुलिस लाइन में होगी प्रथम शूटिंग चैंपियनशिप स्पर्धा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- निशानेबाजी को बढ़ावा देने को होगा दो दिवसीय आयोजन
- सभी प्रतिभागी शूटिंग रेंज में जाकर कर सकते हैं अभ्यास

**अमृत विचार।** पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक की पहल पर पहली बार निशानेबाजी की प्रतियोगिता की तैयारी है। दो दिन आयोजित होने वाली प्रथम शूटिंग चैंपियनशिप का उद्देश्य निशानेबाजी के खेल को बढ़ावा देना और नए प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है।

यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक अमित आनंद ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के प्रतिभागी हिस्सा ले सकते हैं। पहले जूनियर वर्ग में 21 वर्ष से कम आयु के, युवा में 18 से कम, सब यूथ में 14 वर्ष से कम तथा छोटे बच्चों (10 से कम)वर्ग में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। बताया कि प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को अपनी निशानेबाजी कौशल और सटीकता का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। सभी इच्छुक प्रतिभागियों के लिए पंजीकरण 26 सितंबर से प्रारंभ हो चुके हैं जो 30 सितंबर तक जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रतिभागी पुलिस लाइन स्थित शूटिंग रेंज में 30 सितंबर तक शूटिंग का अभ्यास कर सकते हैं। प्रतिभागी प्रतिसार निरीक्षक कार्यालय या फोन नंबर से पंजीकरण करा सकते हैं।

**उपलब्धि** इसी विकास खंड की ग्राम पंचायत बहादुरपुर मझिगवां को भी पहले मिल चुका सर्टिफिकेट

# सौरिख बना आईएसओ प्रमाणित जिले का पहला ब्लॉक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



निरंजन त्रिवेदी

**अमृत विचार।** सौरिख ब्लॉक आईएसओ से प्रमाणित जनपद का पहला विकास खंड बन गया है। क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम के तहत 9001:2015 का प्रमाण पत्र मिला है जो तीन साल तक लागू रहेगा। हालांकि इस दौरान हर एक साल में सर्वे भी किए जाएंगे।

बीडीओ सौरिख निरंजन त्रिवेदी ने बताया कि सरकार की ओर से निर्धारित मानकों में सर्वे होता है। यह तीसरी संस्था कराती है। बताया कि कार्यालय में रखरखाव, फर्नीचर, मेंटीनेंस, बीडीओ कक्ष, एडीओ व अन्य कर्मियों के कक्ष देखे जाते हैं। पत्रावलियों में नाम व नंबरिंग, आईजीआरएस का निस्तारण, प्रधान व सचिव के रजिस्टर भी मानक में शामिल हैं। उसी के तहत 27 सितंबर 2024 से 26 सितंबर 2027 तक का आईएसओ प्रमाण पत्र मिला है। बीडीओ ने कहा कि जनपद के लिए यह सौभाग्य की बात है। इससे पहले उनके ही विकास खंड की ग्राम पंचायत बहादुरपुर मझिगवां को भी यह प्रमाण पत्र मिल चुका है। विकास खंड के प्रमाण पत्र में बेसिक सुविधाएं, स्वास्थ्य, स्वच्छ पेयजल आपूर्ति, सफाई कार्य व गांव में विकास कार्य आदि का जिक्र है। जिलाधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने बताया कि सौरिख को प्रमाण पत्र मिलना गर्व की बात है। अन्य ग्राम पंचायतें व विकास खंड भी बेहतर काम कर इस उपलब्धि को हासिल करें।





खड़िनी में स्थित विकास खंड सौरिख का भवन। अमृत विचार

### आज आएंगी प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी

**कन्नौज।** जिले की प्रभारी और उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी 28 सितंबर को जिले में होंगी। वह शाम पांच बजे कलक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में शामिल होंगी। उनके कार्यक्रम की पुष्टि जिलाधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने की है। हालांकि बैठक से पहले वह भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भी शामिल होंगी। उनके आगमन को लेकर तैयारियां की गई हैं।

## सार-संक्षेप

### सिपाही की बहन ने युवक पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** सिपाही की बहन ने युवक पर व किशोरी ने सिपाही के विरुद्ध दुष्कर्म व मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िताओं ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर एक दूसरे के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। मुजफ्फरनगर निवासी सिपाही की बहन ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि वह कोतवाली क्षेत्र के गांव में अपनी भाभी की विदा कराने 22 सितंबर को आई थी। यहां भाभी ने उसे नशे का इंजेक्शन लगा दिया और भाभी के भाई ने उसके साथ लगातार चार दिनों तक दुष्कर्म किया। शुक्रवार की सुबह महिला ने यूपी 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस पीड़िता सहित आरोपियों को कोतवाली ले आई। दूसरे पक्ष से किशोरी ने सिपाही के खिलाफ दुष्कर्म करने व उसकी बहन के द्वारा घर में घुसकर मारपीट करने की तहरीर दी है। कोतवाल आलोक दुबे ने बताया कि दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### पांच ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त, सम्मानित होंगे प्रधान

**कन्नौज।** जिले की पांच ग्राम पंचायतों को राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2023 में टीबी मुक्त घोषित किया गया है। इनके ग्राम प्रधानों को गांधी जयंती दो अक्टूबर को सम्मानित किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश ने जिलाधिकारी को पत्र जारी किया है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की तरफ से जारी पत्र में कहा गया है कि विश्व को 2030 तक क्षय उन्मूलन किया जाना है। इके अंतर्गत पंचायतीराज संस्थाओं को टीबी संबंधी समस्याओं के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदन उठाते हुए पंचायों में जन जागरूकता बढ़ाने और टीबी उन्मूलन के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करने के लिए जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया जाना है। इस क्रम में जिले की पांच ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। इसमें तालग्राम ब्लाक की रायपुर, उमर्दा की भखरा, हसेरन की रेरी रामपुर तथा जलालाबाद ब्लाक की ग्राम पंचायतें गौरियापुर व गदनपुर ठठिया शामिल हैं। इनके ग्राम प्रधानों को गांधी जयंती पर गांधी जी की कांस्य रंग की प्रतिमा व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाए।



निरीक्षण के दौरान उपनिरीक्षकों से जानकारी लेते एसपी। अमृत विचार

### कोतवाली पहुंचे एसपी, परखी व्यवस्था, पैदल गश्त

**छिबरामऊ,कन्नौज।** कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण करने पहुंचे पुलिस अधीक्षक अमित आनंद को अभिलेख व मालाखाना के साथ परिसर की साफ सफाई चाक चौबंद मिली। उन्होंने सबसे पहले हवालात का निरीक्षण कर बंदियों की सुरक्षा का जायजा लिया। आरक्षियों के आवास व बैरक के बारे में भी जानकारी ली। अपराधियों के रिकार्ड और अभिलेखों की पड़ताल की। दिनभर चले निरीक्षण के साथ ही सौरिख व विशुनगढ़ थाना प्रभारियों के साथ शहर के मुख्यमार्ग पर रूट मार्च किया। सीओ ओमकार नाथ शर्मा व कोतवाल सचिन कुमार सिंह मौजूद रहे।



सौरिख में बिजली चेंकिग करती विभाग की टीम। अमृत विचार

### बकाये में 80 की बिजली काटी, 13 लाख की वसूली

**सौरिख,कन्नौज।** क्षेत्र में अधिशासी अभियंता के नेतृत्व में दो टीमों का गठन कर सघन बिजली चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बकाये में 80 लोगों के कनेक्शन काटे गए जबकि बिल के 13 लाख रुपये वसूले गए। कस्बा समेत आसपास के इलाके में गुरुवार को अधिशासी अभियंता राजीव कुमार के नेतृत्व में एसडीओ संत कुमार वर्मा एवं एसडीओ अरविंद कुमार की अलग-अलग टीम बनाकर चेकिंग की गई। 10 हजार से ऊपर के बकाये में 80 कनेक्शन भी काटे गए हैं अधिशासी अभियंता ने बताया कि चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा। इस दौरान जेई सुनील कुमार वर्मा,लाइनमैन साधु यादव, राजीव कुमार, आदि लोग मौजूद रहे।

### सौरिख पहुंची शहीद रज कलश यात्रा का स्वागत

**सौरिख,कन्नौज।** शहीद भगत सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में पूर्व सैनिकों ने दो दिवसीय शहीद रज कलश यात्रा का शुभारंभ मैनपुरी से किया। सौरिख पहुंचने पर इसका लोगों ने जगह-जगह स्वागत एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। शुक्रवार को राष्ट्रीय शहीद मेला चैरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरबख्श के निर्देश से सत्येंद्र पाल, रजनीश यादव, हरकेश यादव, मनीष यादव, एवं सुभाष आचार्य ने मैनपुरी के दिलाखर में स्थित शहीद जितेंद्र सिंह यादव स्मारक से शहीद रज कलश यात्रा का शुभारंभ किया। सकरावा थाना क्षेत्र के परौर गांव में स्थित शहीद रामपाल सिंह स्मारक एवं सौरिख कस्बा के सनराइज एकेडमी में पहुंची यात्रा का पूर्व जेल विजिटर डॉ जे. बी. सिंह यादव ने कई लोगों के साथ स्वागत किया। शहीदों के समाधि स्थल से मिट्टी लेकर कलश में डाली गई। और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। आयोजकों ने बताया कि शहीदों के समाधि स्थल से गुजरते हुए यात्रा का शनिवार को लखनऊ में समापन होगा। इस दौरान पूर्व सैनिक कर्मवीर सिंह यादव, पूर्व प्रधान आलोक यादव, सत्यभान सिंह यादव, अनिल प्रकाश, सत्येंद्र सिंह, दलबीर सिंह, अनूप यादव, समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

सर्वसाधारण सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र आराध्य प्रताप सिंह उम्र 7 वर्ष का नाम बदलकर अभिराज प्रताप सिंह रख लिया है। यही नाम भविष्य में मेरे व पुत्र के सभी प्रपत्रों व स्कूली दस्तावेजों में लिखा पढ़ा व समझा जाये। **आलोक कुमार सिंह पुत्र श्री राम आसरे सिंह पता- ग्राम शिवराजपुर, पोस्ट- गड़वारा, जनपद- प्रतापगढ़ (उ0प्र0)**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट नं. 23063334 में त्रुटिवश मेरी पत्नी का नाम SUMAIYA HASANI की जगह SUMMAIYA अंकित हो गया है। इसे संशोधित करके सही नाम SUMAIYA HASANI अंकित किया जाये SYED BILAL ABDUL HAI HASANI **नि0- तकिया कला मैदानपुर, रायबरेली, उ.प्र**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी पुत्र रहमतउल्ला, निवासी- ग्राम- कटौली, मजरा अहमदाबाद थाना रहीमाबाद जिला लखनऊ,** मेरी पुत्री का नाम आधार कार्ड पर मदीहा आरिफ सिददीकी है जबकि कक्षा 09 की मार्कशीट पर मदीहा दर्ज हो गया है। जो कि गलत है। मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी तथा पुत्री मदीहा आरिफ सिद्दकी (MADEEHA ARIF SIDDIQUE) की माता का नाम तहसीन जहाँ है। यह कि उपरोक्त की पुत्री का नाम मदीह नाज के स्थान पर मदीहा आरिफ सिद्दीकी दर्ज किया जाए।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम **अमर कान्ती उर्फ श्रीकान्ती पत्नी अमरनाथ निवासी हरपालपुर पोस्ट खरसतिया, जिला बाराबंकी** की रहने वाली हूं। जीवन बीमा पालिसी में मेरा नाम श्रीकान्ती अंकित है। जब कि आधार कार्ड, बैंक पासबुक में अमर कान्ती पत्नी अमरनाथ अंकित है। उक्त दोनो नाम मेरे ही हैं। मुझे दोनों नाम से जाना पहचाना जाता है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रवण कुमार जायसवाल पुत्र स्व0 भगवती प्रसाद जायसवाल निवासी ग्राम व पोस्ट अरसिया बाजार तहसील शाहगंज जिला जौनपुर घोषणा करता हूं कि मेरे पुत्र का नाम सचिन जायसवाल है लेकिन त्रुटिवश अभिलेखों में रितिक जायसवाल हो गया है जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम सचिन जायसवाल ही भविष्य में जाना व समझा जाए। **भवदीय-श्रवण कुमार जायसवाल।**


**सूचना**

मेरी पुत्री मंगला देवी मनमानी करते हुए 20-09-2021 को संतोष पुत्र जगदीश निवासी ग्राम रेउढ़ा थाना ज़रवलरोड जिला बहराइच के साथ जाकर शादी कर लिया था। जिससे मेरी मानहानि हुई थी। दोनों के कृत्य से आहत होकर मेरे परिवार ने मंगला देवी व संतोष से संबंध विच्छेद कर लिया था। अब दोनों लोग पुन: संबंध बनाने का प्रयास कर रहे हैं। मंगला देवी व उनके पति से मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का कोई वास्ता सरोकार नहीं है। दोनों लोग अपने द्वारा किये गये कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **उदय राज पुत्र स्व0 राम सेवक ग्राम पैरौरी अमृतपुरी पुरवा थाना-कोतवाली करनैलगंज जनपद-गोण्डा**

# नारायना हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर, पनकी, कानपुर

सम्बद्ध

## नारायना मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च सेन्टर





**नि:शुल्क**

# 5000 मोतियाबिन्द ऑपरेशन

(योजना पहले आओ - पहले पाओ के आधार पर)

ओ.पी.डी. समय प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक

**Dr. Sujata Gupta**
(MBBS, MS)

**Dr. Ruchi Priya**
(MBBS, MS)

**मोतियाबिन्द के लक्षण**

1. धुंधला या अस्पष्ट दिखाई देना।
2. दोहरा दिखाई देना (डबल विजन)।
3. रंग फीके दिखाई देना।
4. हल्की रोशनी तेज प्रतीत होना।
5. रोशनी के चारों ओर गोल घेरा दिखाई देना।
6. रात के समय या कम रोशनी में दृष्टि बेहद कम होना।
7. बार-बार चश्में के नम्बर बदलना।

**समस्त नेत्र संबंधित परीक्षण तथा चिकित्सा सुविधाएं**

- रेटिना का सरकना।
- आंखों के आगे काले धब्बे आना।
- मोतियाबिन्द ऑपरेशन के बाद कम नजर आना।
- डायबिटिक और ब्लड प्रेशर से रेटिना दोष।
- पर्दे का ऑपरेशन एवं लेजर की सुविधा।
- कैटरैक्ट का ऑपरेशन फेको विधि द्वारा उपलब्ध।

डी.बी.सी.एस. Ayushma । CGHS । ECHS । ESI एवं अन्य TPA की सुविधा उपलब्ध

जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने के लिए कॉल करें -
Co. No. 7800007704, 7800007705

पता : नारायना हॉस्पिटल, गंगागंज, पनकी, कानपुर (पनकी हनुमान मंदिर के पास)

**आज का मौसम**

शनिवार को मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना है।

27.0° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06 : 02 | सूर्यास्त 06 : 08

# दिन भर होती रही कभी झमाझम तो कभी रिमझिम बारिश

## जनजीवन अस्तव्यस्त, सड़कों पर हुआ कीचड़ तो कई जगह जलभराव ने खड़ी की मुसीबत



गढ़ैया मोहल्ले में बारिश के दौरान आवागमन करते लोग अमृत विचार



शेखपुरा जाने वाली निर्माणाधीन सड़क पर हुए कीचड़ से गुजरते वाहन सवार।

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** दो दिन से लगातार चल रही रिमझिम तो कभी झमाझम बारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। बादल छाए रहने व पूर्वी हवाएं चलने से अधिकतम व न्यूनतम तापमान का अंतर खासा कम हो गया है जिससे पंखे चलने पर भी लोगों को सर्दी का अहसास हो रहा है। खेती की बात करें तो रबी की फसलों के लिए यह बारिश फायदेमंद है।

गुरुवार की सुबह से मौसम में खासा बदलाव देखा गया तो दोपहर बाद जहां तहां बारिश-बूंदाबांदी भी हुई। इसके बाद देर रात शुरु हुई बरसात रुक-रुककर जारी रही। शुक्रवार की सुबह भी बारिश और बादलों से भरी थी। कभी धीमी तो कभी तेज बूंदें पड़ने से लोगों को आवागमन में दिक्कत का सामना करना पड़ा।

कई स्थानों पर जलभराव हो गया तो वहीं कच्ची या निर्माणाधीन सड़कें कीचड़ से युक्त हो गईं। इससे कई वाहनसवार फिसले तो कुछ फिसलने से बचे। दिन भर बारिश के कारण बाजार व रोज की दिनचर्या पर खासा असर देखा गया। स्कूल आने जाने वाले बच्चे भीगते हुए निकले तो जिन लोगों को जरूरी काम था वे छाता लिए नजर। तमाम दो पहिया वाहन सवार भी छाता लगाए दिखाई दिए।

- **रबी की फसलों के लिया बारिश फायदेमंद बताई**
- **तापमान में गिरावट से होने लगा सर्दी का अहसास**

कृषि मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र कुमार और आपदा प्रबंधन प्रभारी जयलक्ष्मी ने बताया कि जिले में दो दिन में करीब 20 मिमी. बारिश रिकार्ड की गई है। आगे भी दो दिन का अलर्ट है। मौसम वैज्ञानिक ने जानकारी दी कि अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 27 और 25 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। यह सामान्य से करीब 3 डिग्री कम है।

तापमान में खासी गिरावट आने से लोगों को अभी से सर्दी का अहसास होने लगा। उन्होंने बताया कि 12 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाओं ने मौसम को सर्द किया है। यह बारिश रबी की फसलों (गेहूं, मटर आदि) के लिए खेत तैयार करने में फायदेमंद है। हालांकि अगेती आलू थोड़ा लेट हो सकता है। मौसम वैज्ञानिक ने कहा कि इस बार हर साल के सापेक्ष करीब 100 मिमी बारिश अतिरिक्त हुई है।

### आज भी बारिश, बिजली गिरने की चेतावनी

**कन्नौज।** मौसम विभाग 28 सितंबर को भी बारिश व आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। जनपद कन्नौज को भी येलो जोन में रखा गया है। बचाव के लिए विभाग ने जानकारी साझा की है। कहा है कि ऐसे मौसम में संभव हो तो घर के बाहर जाने से बचें। बारिश के दौरान घर की छत पर नहाने, पार्क, खुले स्थान व खेतों में जाने से बचें। जिला आपदा विशेषज्ञ जय लक्ष्मी पांडेय ने बताया कि खुले में पशुओं को न बांधें। उनको सुरक्षित स्थान पर बांधे। लोग तालाब, नदी तट आदि जैसे जल निकायों से दूर रहें। बिजली चमकने/ आंधी आने पर पेड़ के नीचे से हट जाएं। वर्षा के दौरान सर्पदंश की संभावना बनी रहती है। इससे बचने के लिए पर्याप्त प्रकाश रखें। उन्होंने बताया कि घर या खेत पर जरूरी काम से निकलें ऐसे समय में टार्च, मोबाइल फ्लैश लाइट का प्रयोग करें। मौसम संबंधी जानकारी के लिए स्मार्ट मोबाइल फोन में दामिनी व सचेत एप डाउनलोड करें। स्थानीय प्रशासन को क्षति और मृत्यु की जानकारी दें इससे पीड़ितों को आर्थिक मदद भी मिल सकेगी। अगर कोई व्यक्ति वज्रपात की चपेट में आ गया है तो तुरंत 108 पर कॉल करें और पीड़ित को अस्पताल ले जाएं। जिला आपदा विशेषज्ञ ने बताया कि दैवीय आपदा संबंधित शिकायत/ सहायता के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के टोल फ्री नंबर 1077, 05694235606, 9454415005 डायल करें।



गौरियापुर नवोदय विद्यालय संपर्क मार्ग पर हुआ जलभराव।

## मूसलाधार बारिश ने आलू बोआई की तैयारी पर फेरा पानी

संवाददाता गुरसहायगंज, जलालाबाद

- **देर रात 10 बजे से शुक्रवार की शाम 04 बजे तक होती रही बरसात**

**अमृत विचार।** देर रात से शुरू हुई मूसलाधार बारिश शुक्रवार दोपहर बाद तक होती रही। इससे नगर सहित क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जलभराव हो गया। दिनभर सड़कों व बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। बारिश ने आलू की बुआई की तैयारियों पर पानी फेर दिया। गुरुवार की देर रात तेज हवाओं के साथ शुरू हुई मूसलाधार बारिश अगले दिन शाम चार बजे तक होती रही। इससे जलभराव से आवागमन भी बाधित हो गया। बारिश के कारण आलू फसल की बुआई की तैयारी में जुटे किसानों की परेशानी बढ़ गई है। गुरसहायगंज, तेराजाकेट, सराय प्रयाग, जसोदा, समधन, मलिकपुर आदि स्थानों पर जलभराव हो गया। ब्लॉक जलालाबाद मुख्यालय से गौरियापुर संपर्क मार्ग पर भी जलभराव हो गया। इस मार्ग पर सीएचसी, जवाहर नवोदय विद्यालय व कई गांव होने से लोगो को आवागमन में खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## एक नजर

### सीढ़ियों से गिर कर महिला की मौत

**छिबरामऊ,कन्नौज।** शहर के मोहल्ला बजरिया में शुक्रवार की सुबह पूजा पत्नी अंकित गुप्ता किसी काम के लिए छत पर गई थी। उतरने के दौरान सीढ़ियों पर पैर फिसलने से गिरकर घायल हो गई। परिजन सौ शौय्या अस्पताल ले गये। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतका अपने पीछे बेटे वंश को रोता बिलखता छोड़ गई।

### खाद न मिलने से अन्नदाता परेशानः अरविंद

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम पटकुलिया ढंगरा में किसानों के बीच पहुंचे क्षेत्र के पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव ने कहा नगर में सहकारी समितियों पर खाद नहीं पहुंच रही है। भाजपा सरकार में अन्नदाता परेशान है। कहा सरकार हर साल दावे करती है कि किसानों को खाद के लिए कोई तकलीफ़ नहीं उठानी पड़ेगी, लेकिन जमीनी हकीकत सामने है। आज पूरे जिले की सरकारी समितियों पर डीएपी, एनपीके खाद नही मिल रही है। अगर इसमें जल्द सुधार नहीं हुआ तो समाजवादी पार्टी के लोग सहकारी समितियों का घेराव करेंगे। बड़े पैमाने पर जिले में खाद आ रही है। फिर भी वह किसानों तक नहीं पहुंच रही है।

### एमएमआईटी अनौगी में सेवा पखवाड़ा का आयोजन

**जलालाबाद, कन्नौज।** एमएमआईटी अनौगी में सेवा पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को प्रभारी प्रधानाचार्य उमेश चंद्र के निर्देशन में 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के तहत गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत विषय पर छात्र-छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के विषय में चर्चा की गई। इस दौरान राम सजीवन कमल, डॉ. उदय सिंह, नीरज कुमार, मारिया, अमरनाथ, संजय कुमार, श्याम सिंह, मनीष पाल, अरुण दीक्षित, गौरव सिंह, छविनाथ, चंद्रशेखर, अंशु निगम, गौरव सिंह आदि मौजूद रहे।

# एसबीएस के अमन पाल और अमन शर्मा को पहला स्थान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** मंडलीय योगासन प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग के अमन पाल और सीनियर वर्ग से अमन शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया है। यह दोनों छात्र एसबीएस इंटर कॉलेज के हैं। औरैया में हुई प्रतियोगिताओं में जनपद औरैया का पहला, कन्नौज का दूसरा व इटावा का तीसरा नंबर आया।

डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि 26 सितंबर को मंडल स्तरीय योग प्रतियोगिता औरैया के डॉक्टर सच्चिदानंद जन सहयोग इंटर कॉलेज लहरापुर में हुईं। जिसमें कन्नौज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



औरैया में कन्नौज के छात्र को सम्मानित करते अतिथि व प्रभारी प्रधानाचार्य।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज फतेहपुर जसोदा कई वर्गों में नौ मेडल जीते। अंडर-14 में अभिषेक ने रिथमिक योग में सोना, सागर कश्यप ने व्यक्तिगत योग में रजत, आलोक ने कलात्मक विधा में चांदी, आशीष ने भी कलात्मक विधा में चांदी, सागर ने रिथमिक विधा में कांस्य, सागर ने कलात्मक विधा में कांस्य, कंचन ने व्यक्तिगत विधा में कांस्य व आलोक ने रिथमिक विधा में कांस्य जीता।

## बुलेट बाइक के लिए विवाहिता को निकाला

**सौरिख,कन्नौज।** थाना क्षेत्र के मांझपाटी गांव निवासी मधु शाक्य पुत्री नरेश शाक्य की शादी वर्ष 2018 में छिबरामऊ नगर के भैनपुरा मोहल्ला निवासी बृजेंद्र शाक्य पुत्र परशुराम के साथ हुई थी।

आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद से ही पति ब्रजेंद्र शाक्य, ससुर परशुराम, सास ओमवती, देवर नरेंद्र, जेठ दीपक बुलेट मोटरसाइकिल एवं दो लाख रुपये की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर मारपीट करने लगे। सभी ने 25 सितंबर को चार बच्चियों को छीन कर मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# कटी सड़क दे रही हादसे को दावत

संवाददाता, सौरिख,कन्नौज

**अमृत विचार।** क्षेत्र के सीएसबी रोड पर स्थित ईशन नदी पुल के आसपास भारी बारिश के चलते सड़क समेत किनारे पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इससे राहगीरों को निकलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह गड्ढे हादसे को दावत दे रहे हैं जिनके कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

क्षेत्र के छिबरामऊ, सौरिख, बिधूना, मार्ग पर स्थित सरदारपुर गांव के पास स्थित ईशन नदी के आसपास पिछले कई दिनों से हो रही बारिश के चलते सड़क समेत किनारे बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इनके कारण आने जाने वाले राहगीरों के साथ कभी भी कोई भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है।



बारिश में सड़क किनारे बन गए गहरे गहरे गड्ढे। अमृत विचार

- **भारी बारिश से हो गए बड़े-बड़े गड्ढे, बढ़ा जान का जोखिम**

बड़े-बड़े गड्ढे होने से आने-जाने में भी लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। खास यह कि इस मार्ग से अक्सर अधिकारी गुजरते हैं लेकिन इन गड्ढों को नजरअंदाज कर देते हैं। संबंधित विभाग इस समस्या से अनजान बना हुआ है। राहगीरों समेत आसपास के ग्रामीणों ने सड़क मरम्मत कराने की मांग की है।



# करंट की चपेट में आने से युवक की जान गई

संवाददाता, असोथर

**अमृत विचार।** खेत में कुछ ही दूर पर लटक रहे हाईटेंशन लाइन की चपेट में एक युवक आ गया। जिससे गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों ने उसे आनन-फानन जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



फाइल फोटो।

असोथर थाना क्षेत्र के बेसड़ी गांव निवासी अंकित यादव शुक्रवार को खेतों में चारा काटने गया था। जहां जमीन से कुछ ही ऊपर लटक रहे हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। जिससे वह करंट की चपेट में आ गया। जिससे वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने आनन-फानन घायल को घर पहुंचाया। जहां से परिजनों ने उसे सदर अस्पताल लेकर पहुंचे।

जहां डाक्टर ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि चार साल पहले उसकी शादी रहिमापुर मिचकी में हुई थी। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली उपकेंद्र असोथर में कई बार शिकायत करके तार बदलकर ऊंचाई पर बांधने की मांग की गयी थी। लेकिन जिम्मेदारो द्वारा ध्यान नहीं दिया गया। वहीं जेई जितेंद्र पाल का कहना है, कि उनकी अस्थायी तैनाती एक माह पहले हुई है। तार बदलने का काम विभाग का है।

## पुलिस पर फर्जी मुठभेड़ का आरोप

**फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के कंचनपुर निवासी नंदनी ने बताया कि पति गोलू को पुलिस काफी दिनों से परेशान कर रही थी। इसी वजह से पति अपने मामा करन के घर कन्नौज में रहकर मजदूरी करता था। बताया कि पति ने खुद को निर्दोष साबित करने के लिए कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था।


इसके पहले ही 23 सितंबर की शाम पांच बजे कन्नौज के ठठिया टोल प्लाजा से कार सवार कुछ लोग गोलू और मामा करण को पकड़ ले गए। उसने ऑनलाइन शिकायत की और कन्नौज एसपी को भी सूचना दी। गुरुवार को सदर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने मुठभेड़ में पति और करण को गिरफ्तार करने की सूचना मिली। परिजनों ने आरोप लगाया कि गोलू के पैर में पुलिस ने गोली मारकर फर्जी तरीके से जेल भेजा है। उसके नाबालिग देवर को भी पुलिस उठा लाई है। नंदनी ने आईजीआरएस पोर्टल पर भी शिकायत की है।

# रात-दिन बिजली कटौती से उपभोक्ता खासे त्रस्त

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** सितंबर महीने में पड़ रही जून जैसी गर्मी ने बिजली खपत को फिर बढ़ा दिया है। उपकेंद्रों में औसतन से दोगुनी खपत दर्ज हो रही है। जिससे लाइनों के ब्रेकडाउन की वजह से आपूर्ति का सिलसिला गड़बड़ा गया है। शहर के इलाकों में रात होते ही फॉल्ट की झड़ी लगनी शुरू हो जाती है। जबकि लो वोल्टेज की समस्या से भी आम जन परेशान होता है। हालांकि दो दिन से हो रही बारिश से बिजली खपत में कमी आई है।

इस वर्ष जून और जुलाई माह में औसत से भी काफी कम बारिश हुई। सितंबर के पहले पखवारे में बारिश का ग्राफ बहुत अधिक नहीं रहा। इससे उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। गर्मी से बचाव के लिए घरों, कार्यालयों, उद्योगों आदि में बिजली उपकरणों पंखा, कूलर, एसी आदि का जबरदस्त प्रयोग शुरू हो गया, जिससे बिजली की मांग में जबरदस्त उछाल आया। बिजली विभाग के सूत्रों की माने तो सामान्य मौसम में बिजली की खपत 300 मेगावाट के आसपास रहती है।



- **उमस भरी गर्मी में ट्रांसफॉर्मर ओवरलोड होने से फॉल्ट**
- **उपकेन्द्रों में औसत से दोगुनी दर्ज की जा रही खपत**

इधर, दो-तीन दिन में बिजली की खपत में जबरदस्त इजाफा हुआ था लेकिन दो दिन से हो रही बारिश से इसमें गिरावट आई है। विभागीय जानकारों के मुताबिक, इससे पहले मई व अगस्त में भी मांग में उछाल आया था। तब खपत 320 से 350 मेगावाट तक पहुंच गई थी। अधिकारियों का कहना है कि लोकल स्तर पर फाल्टों के कारण कस्बों व ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की कटौती करना मजबूरी है। गुरुवार रात नौ बजे से दो बजे तक बिजली की आवाजाही ने श्याम नगर, खम्भापुर, पीएसी परिसर, विष्णुपुरी कालोनी समेत अन्य मोहल्ले के उपभोक्ताओं को जमकर छकाया।

## सार-संक्षेप

### बच्चे को जहर देकर मारने का आरोप

**फतेहपुर।** असोथर थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर मजरे सरकंडी की रहने वाली गुड़िया देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी शादी वीरेंद्र निषाद के साथ पांच साल पहले हुई थी। शादी के तीन साल बाद पति और ससुराल वाले दहेज कम लाने की बात कहकर मारपीट करते थे। तीन साल पहले मुझे मारपीट कर घर से निकाल दिया। उस समय में गर्भवती थी। उसके बाद बच्चा पैदा हुआ। पति आठ दिन पहले आया और साथ रखने की बात कही। 26 सितंबर को पति ने डंडे से पीटा। शाम को सास ने बेटे को समोसा में जहर खिला दिया। डॉक्टर के पास लेकर गई तो मृत घोषित कर दिया। पति और देवर ने बच्चे के शव को छीनकर यमुना नदी में फेंक दिया। इसके बाद घर से निकाल दिया।

### महिला ने जहर खाकर खुदकुशी कर ली

**फतेहपुर।** धाता थाना क्षेत्र के भुरचुनी गांव में गुरुवार की रात मनोज कुमार की 40 वर्षीय पत्नी पवन कुमारी ने घर के अंदर रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। तबियत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी हुई। जानकारी होते ही परिजनों ने महिला को इलाज के लिए धाता कस्बे स्थित एक निजी अस्पताल ले गये। जहां डॉक्टर ने महिला की नाजुक हालत को देख प्राथमिक उपचार के बाद प्रयागराज के लिए रिफर कर दिया। जहां डॉक्टरी परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की पुष्टि होते ही कोहराम मच गया। परिजन शव लेकर वापस घर लौट आए। जिन्होंने महिला की मौत की खबर पुलिस को दी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के मायके पक्ष के लोगो ने ससुरालियों के खिलाफ किसी प्रकार के कोई आरोप प्रत्यारोप नहीं लगाए हैं। न ही पुलिस को किसी प्रकार की कोई तहरीर दी है।

### एटीएम से छेड़छाड़ कर रहे युवक को पीटा गया

**फतेहपुर।** एटीएम से रुपये चोरी करने का प्रयास कर रहे युवक को लोगों ने पकड़ लिया और पिटाई करने के बाद दुकान के अंदर बन्द कर दिया। चोर की पिटाई का वीडियो भी सामने आया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। वीडियो सदर कोतवाली क्षेत्र के ज्वालागंज का है। यहां एक होटल के पास एटीएम का शटर नीचे करके युवक रुपये निकालने की कोशिश कर रहा था। उसी समय एक व्यक्ति पैसा निकालने पहुंचा तो युवक को मशीन से छेड़छाड़ करते पकड़ लिया। जब इस बात की अन्य लोगों को जानकारी हुई तो युवक को पहले बीच सड़क पर पिटाई की और उसके बाद एटीएम रूम में बन्द कर जमकर पिटाई की। चोर की पिटाई का किसी ने वीडियो बनाया, जिसमें भीड़ में शामिल लोग चोर की पिटाई कर रहे है और चोर लोगों से चिल्ला चिल्लाकर कह रहा है कि वह चोर नहीं है। बात तो सुन लो, लेकिन भीड़ में शामिल लोग पिटाई करने में लगे रहे। कोतवाली प्रभारी तारकेश्वर राय ने बताया कि एक युवक को लोगों ने पकड़ा था। मौके पर ज्वालागंज चौकी प्रभारी को भेजा गया था, जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### अलग अलग मामलों में वांछित गिरफ्तार

**फतेहपुर।** पुलिस ने गश्त के दौरान शारिफ उर्फ राहुल पुत्र हसन अली निवासी विजय नगर थाना खागा को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से पुलिस ने एक किलो 200 ग्राम गांजा बरामद किया है। इसी तरह गाजीपुर पुलिस ने वांछित दरोगा पुत्र रामसिंह निवासी करसवां थाना गाजीपुर को गिरफ्तार किया है, जो विस्फोटक सामग्री अधिनियम में वांछित था। हथगांव पुलिस ने सुनील कुमार निवासी हरदो कोतवाली खागा को गिरफ्तार किया है, जो युवती को शादी का झांसा देकर दुराचार करने के बाद मारपीट, गालीगलौज व जानमाल की धमकी देने के मामले में वांछित था।

### बैंक प्रबंधक पर मनमानी का आरोप

फतेहपुर। किशनपुर थाने के रानीपुर बहेरा निवासी शिवम शुक्ला ने बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक पर आरोप लगाते हुए बताया कि उसने मुद्रा लोन के लिए फाइल तैयार कराई थी। फाइल बैंक में जमा कर दी थी। कई बार शाखा प्रबंधक दुकान का निरीक्षण करने गए, लेकिन उसे टहलाया जा रहा है। गुरुवार को उसे मुद्रा लोन देने के लिए बुलाया गया, लेकिन शाखा प्रबंधक ने उसकी फाइल वापस कर दी।

**मंथन** शिक्षक-अभिभावक बैठक में अभिभावकों ने रखे अपने विचार

# बच्चों की पढ़ाई के प्रति गम्भीर रहें अभिभावक

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के अभिभावकों की सहभागिता निभाने के लिए शुक्रवार को भिटौरा ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय फरीदपुर में शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी हुई। प्रधानाध्यापिका गर्विता सिंह और एआरपी अजय अवस्थी उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापिका गर्विता सिंह ने जहां बच्चों की पढ़ाई के बारे में जानकारी दी, वहीं अभिभावकों ने भी अपने विचार रखे।

बैठक में एआरपी अजय अवस्थी की उपस्थिति में छात्रों के नामांकन, उपस्थिति एवं ठहराव पर चर्चा के साथ ही डीबीटी, निपुण भारत मिशन, कायाकल्प, दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन एवं उपस्थिति, विद्यालय प्रबंध समिति आदि बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। प्रधानाध्यापिका गर्विता सिंह ने सरकारी स्कूलों में नामांकन के लाभ के बारे में अभिभावकों को जानकारी दी।



पीटीएम में अभिभावकों को दी गई जानकारी। अमृत विचार

उन्होंने बताया कि सरकारी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने से नवोदय प्रवेश परीक्षा, विद्या ज्ञान प्रवेश परीक्षा, आश्रम पद्धति स्कूल में प्रवेश आसानी से लिया जा सकता है। अभिभावकों ने अपने अपने विचार रखते हुए बच्चों को नियमित स्कूल भेजने और उनकी शिक्षा को लेकर परस्पर शिक्षकों से सम्पर्क में रहने के प्रति हामी भरी।

इस मौके पर एआरपी अजय अवस्थी, एसएमसी अध्यक्ष हरिश्चंद्र, प्रधानाध्यापिका गर्विता सिंह, माधवी श्रीवास्तव सहायक शिक्षिका, ललिता देवी शिक्षामित्र, लालमणि सहित तमाम अभिभावक उपस्थित रहे।

# 32 लाख कीमत के 125 मोबाइल बरामद

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** पुलिस ने खोए और चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद करने में बड़ी सफलता हासिल की है। सर्विलांस टीम की मदद से कुल 32 लाख रुपये की कीमत के 125 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के नेतृत्व में इस अभियान को अंजाम दिया गया, जिसके बाद मोबाइल मालिकों को उनके फोन वापस सौंपे गए। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देश पर जिले भर में गुमशुदा मोबाइलों को खोजने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में सर्विलांस सेल और जिले के विभिन्न थानों की पुलिस टीमों ने मिलकर काम किया। इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के जरिए खोए हुए मोबाइल ट्रेस किए गए, जिसमें फतेहपुर और आसपास के जिलों से कुल 125 मल्टीमीडिया मोबाइल बरामद हुए। इन मोबाइलों की कुल कीमत करीब 32 लाख रुपये आंकी गई है। रिजर्व पुलिस लाइन के सम्मेलन कक्ष में बरामद मोबाइलों को उनके असली मालिकों को सौंपा गया। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने खुद इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और मोबाइल मालिकों को उनके फोन लौटाए।

# अमृत विचार कानपुर संस्करण

## के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई

# MHPL India

**Design To Bulid Company Innovative Infra Projects**



*We Build Projects that Build our Nation!*

# महिला ने फांसी लगाई, मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

## मायके वालों ने ससुरालीजनों को पीटा, एक साल पहले हुई थी शादी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



शिवानी।



जांच पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मायके न भेजे जाने से नाराज महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने पति व ससुर को हिरासत में ले लिया है।

थाना मऊदरवाजा के ग्राम हैबतपुर गढ़िया काशीराम कॉलोनी ब्लॉक नंबर 71 निवासी पवन राजपूत की 25 वर्षीय पत्नी शिवानी मोहल्ला अस्तबल तराई निवासी सतीश की पुत्री थी। पवन सुबह वी-मार्ट में नौकरी करने चला गया। उसके बाद शिवानी पंखे में साड़ी बांधकर फंदे पर लटक गई। नीचे कमरे में रहने वाली जेठानी जब कमरे में गई तो उसने शिवानी को लटका देखा। परिजन शिवानी को फंदे से उतार कर डॉ हरिदत्त द्विवेदी के यहां ले गए। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को वापस घर ले जाया गया। सूचना मिलने पर शिवानी के चाचा सुधीर आदि परिजन मौके पर पहुंचे। गुस्साये मायके वालों ने ससुराल वालों की पिटाई कर दी। शिवानी का एक वर्ष पूर्व ही विवाह हुआ था। सुधीर ने आरोप लगाया कि ससुराल वालों ने शिवानी को मार डाला है। परसों दावत के लिए शिवानी को बुलाया था लेकिन उसे नहीं भेजा गया। कल भी शिवानी को बुलाने वह उसके घर गए थे और आज सुबह भी शिवानी से बात करने के लिए फोन किया लेकिन पर परिजन बात कराने से टालमटोल करते रहे। फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल कर घटना के साक्ष्य जुटाये। नायब तहसीलदार सनी कनौजिया व हल्का इंचार्ज राघवेंद्र व चौकी इंचार्ज नरसिंह ने पंचनामा की कार्रवाई की। शिवानी के पिता दिल्ली में रहते हैं। पुलिस ने पति पवन एवं ससुर को हिरासत में ले लिया है।

- पुलिस ने पति व ससुर को हिरासत में लिया
- घटना के दौरान पति नौकरी करने गया था

# सड़ने लगा बाढ़ का पानी सांस लेना हुआ मुश्किल

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** गंगा का जलस्तर शुक्रवार को 20 सेंटीमीटर घटने के बाद 136.30 मीटर पर पहुंच गया है। गंगा का चेतावनी बिंदु 136.60 मीटर दर्ज है। गंगा नदी में आई बाढ़ गावों में गन्दगी छोड़ गई है। पानी सड़ने से उसकी दुर्गंध से लोगों का सांस लेना मुश्किल हो गया है।

केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक नरौरा बांध से गंगा में 42160 क्यूसेक, हरिद्वार बैराज से 57677 क्यूसेक व बिजनौर बैराज से 62860 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। गंगा के जलस्तर में और कभी आने की संभावना जताई गई है। उधर रामगंगा का जलस्तर 15 सेंटीमीटर घटकर 135.50 मीटर पर पहुंच गया है। रामगंगा का चेतावनी बिंदु 136.60 मीटर दर्ज है। नदियों का जलस्तर घटने से गंगापार के लोगों ने राहत की सांस ली है। गांवों से बाढ़ का पानी निकल रहा है। बाढ़ के साथ आई गंदगी गांवों में पसरी पड़ी है, जिससे लोग परेशान हैं। पानी की धार से कटे ग्राम रामपुर जिठौली संपर्क मार्ग, भरखा संपर्क मार्ग, तीसराम की मड़ैया संपर्क मार्ग, माखन नगला संपर्क मार्ग, मंझा की मड़ैया संपर्क मार्ग पर आवागमन में अभी भी लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम हरसिंहपुर कायस्थ, मंझा की मड़ैया, तीसराम की मड़ैया, आशा की मड़ैया, उदयपुर, माखन नगला आदि गांवों के लोग अभी भी बाढ़ की दुश्वारियों से परेशान हैं। खेतों मे घास, हरा चारा नष्ट हो जाने से लोगों के सामने पशुओं का पेट भरने की समस्या खड़ी हो गई है। बाढ़ की वजह से मकानो मे नमी बढ़ गई है जिससे मच्छरों की संख्या बढ़ जाने से लोगों की रातों की नींद हराम है। बाढ़ निकलने के बाद रोगों ने अपने पैर पसारना शुरू कर दिया है। लोग बुखार, खांसी, जुकाम, त्वचा रोगों आदि से पीड़ित होने लगे हैं। ग्रामीण रामजी, धर्मेंद्र, बहोरान, शिवपाल आदि का कहना है कि बाढ़ तो घट रही है परंतु समस्याएं अभी भी पीछा नहीं छोड़ रही हैं।



गांव में भरा पानी। अमृत विचार

# दबंगों ने सरेबाजार युवक को अगवा कर 30 हजार वसूले

**कायमगंज।** कोतवाली कायमगंज क्षेत्र में दबंगो ने युवक को बंधक बना मारपीट की और उसके घर से पत्नी से तीस हजार रुपये ले लिए। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है।

कोतवाली क्षेत्र के गाव मऊ रशीदाबाद निवासी मुनीम चन्द्र पुत्र मटरुलाल ने कोतवाली कायमगंज पुलिस को शिकायत पत्र देते हुए कहा कि वह 27 सितंबर 2024 को कायमगंज बाजार करने गया था। जब वह सुबह 11 बजे ट्रांसपोर्ट के निकट कम्पिल रोड के पास पेट्रोल पंप पर पहुंचा तभी मुबारिक नगर निवासी अवनीश पुत्र अज्ञात अपने चार-पांच साथियों के साथ आया और उसे पकड़ कर अपने गांव मुबारक ले गया और लातघूंसों व डंडों से पीटा। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद उक्त लोग उसे बंधक बनाकर उसके घर ले और घर में पत्नी से 30000 रुपये की मांग की। घर वालों ने मजबूरी में मेरी पत्नी के जेवर को गिरवी रखकर उक्त लोगों को रुपये दिए। तब कहीं उन लोगों ने उसे छोड़ा। पीड़ित ने पुलिस से अपनी जान माल का खतरा बताते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पीड़ित का शिकायत पत्र न लेकर टरका दिया।

# पुत्र ने मां को पीठ पर बैठा कर कराई स्तूप की परिक्रमा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



मां को पीठ पर बैठा कर परिक्रमा करता म्यामांर का युवक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तथागत की तपस्थली रहे संकिसा में शुक्रवार सुबह म्यांमार से आए चार पारवारिक सदस्यों ने धार्मिक स्थल पर बुद्ध वन्दना कर पुण्य अर्जित किया। वृद्ध मां ने धार्मिक स्थल की सीढ़ियां चढ़ने में जब असमर्थता दिखाई तो पुत्र पोम्पी ने बड़ी श्रद्धा से लाचार मां को अपनी पीठ पर बैठाकर उनको दर्शन पूजन करवाया और स्तूप की परिक्रमा कराई। धार्मिक स्थल तथा आसपास मौजूद लोगों ने मां के प्रति पुत्र का ऐसा व्यवहार देखकर हैरानी जताई। सभी के मुख से बरबस निकल पड़ा कि आजकल युग में भी श्रवण कुमार जैसे पुत्र जीवंत है। पुत्र की पत्नी ने भी अपनी सास की पूजा वन्दना में हाथ बंटाया। पुत्र पोम्पी ने बताया कि माता पिता की बहुत हार्दिक इच्छा थी कि समस्त बौद्ध स्थलों के दर्शन पूजन कर मानसिक शांति व आत्मिक आनन्द की अनुभूति करें। मां की इच्छा के अनुसार 25 दिन का टूर बनाकर पूरे देश के बौद्ध तीर्थों के दर्शन कराए। आज अंतिम दिन संकिसा में बुद्ध वन्दना कर दर्शन पूजन किए। इसके पूर्व कुशीनगर, बोध गया, लुंबिनी आदि सभी स्थलों पर दर्शन पूजा पाठ सम्पन्न हो चुका है। संकिसा से पूरा परिवार आगरा, दिल्ली होकर स्वदेश वापस चला गया। बताते चलें बुद्ध ने संकिसा में रह कर अखंड साधना की थी। इस वजह से संकिसा बौद्ध अनुयाइयों के लिए तीर्थ बन गया है। विश्व भर के बौद्ध अनुयायी यहां समय समय पर आते रहते है।

- बौद्ध तीर्थस्थलों के दर्शन करने म्यांमार से संकिसा आया था परिवार

## सार-संक्षेप

### पीथनापुर के लोगों को मगरमच्छ से खतरा

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र के ग्राम पिथनापुर के मजरा असलानपुर निवासी सुरजीत पुत्र रामवीर रामगंगा नदी के किनारे खड़ी बांसी से बांस काटने गया तभी उसे कुछ हलचल दिखाई दी उसे पास ही मगरमच्छ दिखाई दिया। वह किसी तरह से वहां से भागा और ग्रामीणों को बताया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ बढ़ती देख मगरमच्छ पानी मे खिसक गया। ग्रामीणों ने 112 नंबर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहुंचकर ग्रामीणों से जानकारी की और वन विभाग को सूचना दी। ग्रामीणों का कहना है मगरमच्छ होने से कोई बड़ी घटना हो सकती है। ग्रामीण अपने पशुओं को पानी पिलाने नदी के किनारे ले जाते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मगरमच्छ पकड़वाने की मांग की है।



बांसी में पड़ा मगरमच्छ। अमृत विचार

### स्वरूप पूजन के साथ ही रामलीला का मंचन शुरू

**फर्रुखाबाद।** श्री आदर्श रामलीला मंडल की ओर से शुक्रवार को भारतीय पाठशाला स्थित मानस मंच पर हवन में आहुतियां देकर भूमि पूजन किया गया। स्वरूपों की आरती उतारने के साथ ही रामलीला का मंचन शुरू हो गया। शुक्रवार को सुबह स्वरूपों को गंगा स्नान कराकर उनका दुर्वाषा ऋषि आश्रम में पूजन कर आरती उतारी गई। इसके बाद लोहाई रोड पर मंडल के पदाधिकारियों ने मंत्रोच्चार के बीच हवन में आहुतियां दीं। राम, सीता, भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न व हनुमान जी के स्वरूपों का पूजन किया गया। इसके साथ ही रामलीला का मंचन शुरू हो गया। मंडल के मंत्री दीपक मिश्रा ने बताया कि 27 सितम्बर से गणेश पूजन से रामलीला का मंचन शुरू हो गया। इसके साथ ही शोभायात्रा 5 अक्टूबर को निकलेगी। 18 अक्तूबर को श्रीराम राज्याभिषेक के साथ कार्यक्रमों का समापन होगा। दुर्वाशा ऋषि आश्रम के महंत ईश्वरदास जी महाराज ने आहुति दीं। पूजन शरद मिश्रा द्वारा कराया गया। प्रबल त्रिपाठी, नारद गुप्ता, राजेश कसरे, दीपक मिश्रा, अखिलेश बाजपेई गुड्डन, नरेन्द्र नाथ मिश्रा, नवीन मिश्र, मुन्ना लाल चौरसिया, अवधेश दीक्षित, आदेश दीक्षित, संतोष वर्मा, मोहित शुक्ला, सुमित दीक्षित, अर्पित पांडेय, देवाशीष पांडेय, पंकज पांडेय, सूर्य प्रकाश भारद्वाज, अरविंद दीक्षित, शरद मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### बहलाफुसला कर नाबालिग को ले गया युवक

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि 23 सितंबर को नगर से सटे गांव प्रेम नगर निवासी रंजीत कोरी उसकी नाबलिग पुत्री को शादी का झांसा देकर बहलाफुसला कर भगा ले गया है। पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मुकद्मा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सामूहिक दुष्कर्म व लूट में दो दोषियों को 10 साल कैद

**फर्रुखाबाद।** जहानगंज थाना क्षेत्र के एक आश्रम में सो रही महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म व अन्य लोगों के साथ लूटपाट करने के आरोप में आठ वर्ष पूर्व मुकदमा दर्ज कराया गया था। इस मामले में एंटी डकैती न्यायालय के विशेष अपर जिला सत्र न्यायाधीश ने 18 सितंबर को गांव चुरसई निवासी सुनील कुमार, मुन्नालाल उर्फ पंडित को दोषी करार दिया था। शुक्रवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए दोनों दोषियों को 10 वर्ष की कैद व एक-एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है।

### आवारा कुत्तों ने किया बालक पर हमला

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के गांव नरैनामऊ निवासी मदनपाल का 10 वर्षीय पुत्र बृजेश गांव के पास ही मवेशियों के लिए घास लेने गया था। जब वह घास काट रहा था। तभी अचानक आवारा कुत्तों ने उस हमला कर दिया। चीखने की आवाज सुनकर खेत में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद कुत्तों को भगाया। परिजन उसे सीएचसी लेकर दौडे। जहां उसका इलाज किया गया।

# 228 नामाकंन पत्र बिके, 212 ने भरा पर्चा

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

- दि किसान सहकारी चीनी मिल समिति के चुनाव की सरगर्मी बढ़ी
- शनिवार को होगी नामाकंन पत्रों की जांच, 4 अक्टूबर को मतदान

**अमृत विचार।** दि किसान सहकारी चीनी मिल समिति में सामान्य चुनाव की प्रक्रिया में 228 नामाकंन पत्र बिके जबकि 212 ने नामाकंन किया। शनिवार को नामाकंन पत्रो की जांच की जाएगी। 4 अक्टूबर को मतदान होगा। इस दौरान भारी पुलिस फोर्स तैनात रहा।

दि किसान सहकारी चीनी मिल समिति में सामान्य चुनाव को लेकर मतदाता सूची चस्पा की गई थी। इस पर कोई भी आपति न आने पर पूर्व में घोषित मतदाता सूची ही अंतिम रही। चीनी मिल में 19775 किसान सदस्य हैं जो 151 वार्डों में 214 डेलीगेट का चुनाव करेंगे। शुक्रवार को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक डेलीगेट का नामाकंन हुआ। शनिवार को नामाकंन पत्रों की जांच की जाएगी। चीनी मिल का टोकन मिलने के स्थान के पास बैरियर लगाकर प्रत्यशियों व अन्य गाड़ियों को रोका गया। प्रत्याशी पैदल ही अन्दर गए। प्रत्याशियों के साथ एक ही प्रस्तावक को नामाकंन कक्ष में जाने की अनुमाति थी। दोपहर लगभग 1 बजे बीजेपी का एक डेलीगेशन सांसद मुकेश राजपूत के साथ चीनी मिल पहुंचा। इस दौरान एडीएम सुभाष चन्द्र प्रजापित, एएसपी डॉ संजय सिंह, एसडीएम रवीन्द्र कुमार, सीओ मोहम्दाबाद अरुण कुमार, तहसीलदार विक्रम सिंह, जीएम विनोद कुमार, सीसीओ प्रमोद कुमार, एईडीपी प्रशांत कुमार के अलावा कोतवाली कायमगंज, थाना कंपिल व थाना मेरापुर का पुलिस फोर्स तैनात रहा। इस दौरान जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, जिला प्रभारी शिव मंगल, महामंत्री फतेह चन्द्र वर्मा, अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य, क्षेत्रीय विधायक पति अजीत गंगवार, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अरुण दुबे पूर्व नपा अध्यक्ष सुनील चक आदि मौजूद रहे।



चीनी मिल में मौजूद एडीएम, एएसपी, एसडीएम व अन्य। अमृत विचार

### नामाकंन के दौरान नहीं दिखे विपक्षी

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** शुक्रवार को दि किसान सहकारी चीनी मिल समिति में नामाकंन के दौरान बीजेपी के नेताओं का सुबह से ही जमावड़ा रहा। जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, सांसद मुकेश राजपूत, अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य आदि भाजपा नेता मौजूद रहे जबकि नामाकंन के दौरान विपक्ष से कोई भी नेता मौजूद नहीं रहा।

# बारिश ने फेरा किसानों की उम्मीदों पर पानी

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** बाढ़ के बाद अब वर्षा का कहर जारी होने से किसान की नींद उड़ी हुई है। वर्षा और बाढ़ की वजह से खेतों की नमी सूख नहीं पा रही है जिससे किसान फसलों की बुवाई के लिए अपने खेतों को तैयार नहीं कर पा रहे है। अमृतपुर तहसील के लगभग 9 हजार हेक्टेयर भूमि पर आलू की बुवाई की जाती है। क्षेत्र के प्रगतिशील किसान एक सीजन मे आलू की दोहरी फसल खेतों मे तैयार कर लाभ कमाते हैं। किसान अपने खेतों में 15 सितंबर के आस पास अगैती आलू की बुआई कर देते हैं और ढाई महीने मे कच्चे आलू की फसल खोदकर मंडी में बिक्री कर देते हैं। दिसंबर माह में पुनः आलू की अच्छी किस्म की बुआई कर खेतों के लिए बीज तैयार करते हैं और इस बीज आलू का कोल्ड स्टोरों मे भंडारण कर आलू की बुआई के समय सामान्य किसानों को अच्छी किस्म का बीजा बेंचकर दोहरा लाभ कमा लेते हैं। परंतु इस बार मौसम की मार से किसानों को अगैती आलू की फसल दगा देती नजर आ रही है।15 सितंबर के बाद से आलू की अगैती फसल की बुआई का समय चल रहा है परंतु अभी भी हो रही वर्षा और बाढ़ ने किसानों के मंसूबों पर पानी फेर दिया है। जिससे किसान परेशान नजर आ रहा है।

# लोहिया अस्पताल के ओपीडी में उमड़ी मरीजों की भीड़

- पर्चा बनवाने को लेकर हुई धक्कामुक्की

**फर्रुखाबाद।** डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल पुरुष ओपीडी में मरीजों की भीड़ उमड़ी जिससे वहां अफरातफरी का माहौल उतपन्न हो गया। भीड़ को नियंत्रित करने में वहां मौजूद गार्डों को पसीना आ गया। मौसम के करवट लेते ही बीमारियों की संख्या में इजाफा हुआ है जिसके चलते शुक्रवार को 740 रोगियों ने ओपीडी में अपने पर्चे बनवाये। डाक्टरों के कक्षों के बाहर मरीजों की भारी भीड़ लग गई। लोग पर्चा बनवाने को लेकर धक्का मुक्की करने लगे। वहां मौजूद गार्डों ने जैसे तैसे शांति व्यवस्था बहाल रखी। कई मरीज गार्ड से भी भिड़ गए। फिजिशियन डॉक्टर प्रवीन कुमार ने बताया कि मौसम में बदलाव से सबसे ज्यादा मरीज खांसी, जुखाम, बुखार और पेट दर्द के आ रहे हैं।

### लापरवाही में बीडीओ कमालगंज हटाए गए

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह के आदेश पर मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा ने कमालगंज खंड विकास अधिकारी अमरेश सिंह चौहान को हटा दिया गया है। शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने व योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन करने में उदासीनता बरतने तथा जन शिकायतों का समय से निस्तारण न करने एवं उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने कार्रवाई करते हुए उन्हें जिला विकास अधिकारी कार्यालय से सम्बद्ध किया गया। त्रिलोकचंद शर्मा संयुक्त खंड विकास अधिकारी को विकासखंड कमालगंज में तैनात करते हुए विकासखंड मोहम्मदाबाद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

## वर्ग पहेली-205

**बाएं से दाएं**

1.1. निगोड़ा का स्त्रीवाची रूप 2. एक गाली के रूप में प्रयुक्त।

5.1. बादल; मेघ 2. वह वंशज जो पितरों को जल देकर तृप्त करता है।

8. घरों में पानी भरने वाला और इससे प्राप्त पारिश्रमिक से जीविका चलाने वाला सेवक; पनहरा।

10.1. मुद्राचलन; प्रचलित मुद्रा; सिक्का 2. किसी देश विशेष में प्रचलित मुद्रा या धन व्यवस्था।

11.1. पुराने समय में बच्चों को पहनाई जाने वाली एक प्रकार की टोपी जिसमें चार तनियाँ या बंद लगे होते थे 2. अँगिया; चोली।

**ऊपर से नीचे**

2. एक प्रकार की पीली मिट्टी जिसका तिलक प्राय: वैष्णव लोग लगाते हैं।


3. राक्षस; असुर; दानव।

4.1. आँख का एक रोग जिसमें अधिक प्रकाश के कारण आँखें चौंधिया जाती हैं और कभी अँधेरा

6.1. आटे का पतला हलवा; लपटा 2. लेई 3. गाढ़ा तरल पदार्थ।

7.1. समाप्त होना; बाकी न रहना 2. अदा कर दिया जाना।

9.1. (रामायण) कैकेयी के गर्भ से उत्पन्न राजा दशरथ के पुत्र 2. दुष्यंत और शकुंतला का पुत्र भरत जिसके नाम पर इस देश का नाम भारतवर्ष पड़ा 3. एक प्रसिद्ध मुनि जो नाट्यशास्त्र के प्रधान आचार्य माने जाते हैं 4. लवा या भारद्वाज पक्षी।



### वर्ग पहेली -204 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 धों | | | 2 अ | | 3 थे |
| धा | | 4 अ | नु | रा | ग |
| | 5 नि | | भ | | ली |
| | 6 शि | ला | व | त | |
| | | | ही | | 7 म |
| | 8 ज् | ञा | न | यो | ग |
| | | | ता | | ही |

## सुडोकू -118

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | | | 7 | | 5 | 1 |
| | 4 | | | 8 | | | | 9 |
| | | 3 | | 2 | | 6 | | 7 |
| | 9 | | 4 | | | | | 6 |
| | 7 | 2 | | | | 5 | 3 | |
| 4 | | | | | 5 | | 7 | |
| 3 | | 9 | | 4 | | 8 | | |
| 1 | | | | 3 | | | 4 | |
| 7 | 2 | | 6 | | | 1 | | |

### सुडोकू - 117 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 7 | 9 | 5 | 6 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 9 | 3 | 6 | 8 | 2 | 1 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 5 | 6 | 1 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 6 | 2 | 8 | 1 | 5 | 4 | 7 |
| 5 | 1 | 2 | 4 | 7 | 3 | 9 | 6 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 5 | 1 | 7 | 4 | 2 | 6 |
| 2 | 5 | 4 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 सितंबर शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 14.49 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-शरद।

चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-अश्लेशा 29 सितंबर 03.38 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष** — आज आत्मग्लानि जैसी महसूस हो तो मित्रों से बात करें वो आपका मनोबल बढ़ाएंगे। अपनी तरक्की को लेकर आशंकित रहेंगे। कर्मचारियों के ऊपर काम का काफी दबाव हो सकता है। खाली समय में कोई उपन्यास और कहानी आदि पढ़कर समय बिता सकते हैं।

**वृष** — आज संतान की शिक्षा में अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। आनंद और उल्लास के साथ समय व्यतीत होगा। व्यवसाय में उत्तरोत्तर उन्नति के योग बन रहे हैं। दांपत्य संबंधों में काफी प्रगाढ़ता रहेगी। जीवनसाथी की सलाह से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

**मिथुन** — आज आपको लक्ष्यों के प्रति सजग रहना चाहिए। बैंकिंग से जुड़े लोगों को काफी काम करना पड़ेगा। जॉब में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। परिवार में मंगल कार्यों की रूपरेखा बन सकती है। अप्रिय व्यक्तियों से मिलने के कारण कुपित हो सकते हैं।

**कर्क** — आज मनोनुकूल नौकरी ढूंढ रहे हैं तो आपको प्राप्त हो सकती है। प्रियजनों से आपको उपहार मिलने के योग बन रहे हैं। रोमांस और प्रेम के मामले में भाग्यशाली रहेंगे। कीमती वस्तुओं को खरीद सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप व्यस्त होंगे, लेकिन सुरक्षा के साथ खिलवाड़ न करें।

**सिंह** — आज प्रियजनों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। व्यर्थ के कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। बातचीत के माध्यम से परेशानी सुलझाने का प्रयास करें। धन के मामले में आपको निराशा हाथ लग सकती है। आत्ममनन और विश्लेषण में समय जरूर लगाएं।

**कन्या** — आज लोग आपकी सलाह का अनुसरण करेंगे। काफी प्रसन्नता और संतुष्टि का अनुभव करेंगे। थोड़ी सी मेहनत में अच्छा परिणाम अर्जित करेंगे। घर पर अच्छा समय बिताएंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहद भाग्यशाली रहने वाला है।

**तुला** — आज पुराने विचारों को छोड़कर नए विचारों को अपनाएं। नया निवेश कर सकते हैं। अपनी इच्छाशक्ति के बल पर बिखरे हुए काम को बना लेंगे। आप लोगों के बीच प्रेरणा बनकर उभर सकते हैं। जॉब में बदलाव के विषय में सोच सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज बच्चों को नैतिक शिक्षा देंगे। साझेदारी के कार्यों के लिए समय उत्तम है। मल्टीनेशनल कंपनियों में काम कर रहे लोगों को बॉस से शाबाशी मिल सकती है। ऑनलाइन किसी बड़ी मीटिंग में शामिल होंगे।

**धनु** — आज आप विरोधाभास जैसी स्थिति में फंस सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों को निश्चित करने का प्रयास करें। पारिवारिक मामलों में बाहर के लोगों की राय न लें। धैर्य और विवेक से काम लेना बेहद जरूरी है।

**मकर** — आज नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। आपको उच्च अधिकारियों का सहयोग मिल सकता है। व्यवसाय और करियर में स्थायीत्व देखने को मिलेगा। बिल्डर्स अपने प्रोजेक्ट्स को लेकर आश्वस्त रहेंगे। जीवनसाथी के प्रति अपना भाव अच्छा रखें।

**कुंभ** — आज आपकी जीवनशैली में सुधार होगा। किसी सहकर्मी से कोई गलती हो गई हो तो उसे क्षमा करें और उसे प्यार से समझाएं। एकाग्रता के साथ मेहनत करेंगे तो परिणाम अवश्य ही अच्छे मिलेंगे। व्यापार में नया अनुबंध हो सकता है।

**मीन** — आज आपसी संबंधों को प्रगाढ़ करने में आपका ध्यान रहेगा। आपके मन का बोझ घटेगा। जॉब के लिए इंटरव्यू का बुलावा आ सकता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए पौष्टिक भोजन और ताजे फलों का सेवन करें।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | पुलिस और मुजरिम | सुबह : 09.20 |
| B4U Movies | सिंह इज ब्लिंग | रात : 07.00 |
| &pictures | इंडियन | सुबह : 10.39 |
| &pictures | द ताशकंद फाइल्स | रात : 08.00 |
| Sony Pix | सैन एंड्रियास | दोपहर : 12.00 |
| Sony Pix | जर्नी 2 | रात : 07.45 |
| Zee Cinema | किसी का भाई किसी की जान | सुबह : 10.26 |
| Zee Cinema | फुकरे 3 | शाम : 04.54 |
| Colors Cineplex | रावण राज | सुबह : 10.48 |
| Colors Cineplex | सूर्या द सोल्जर | रात : 07.30 |

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम : 04.54 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर- बच्चों आई लव यू का आविष्कार किस देश में हुआ?
चिंटू (स्टूडेंट)- चीन में।
टीचर- वह कैसे?
स्टूडेंट- मैम, इसमें चीनी गुण हैं, न कोई गारंटी, न कोई वारंटी। चले तो जिदंगी भर, न चले तो घंटे भर।

कर्मचारी- सर बहुत बारिश हो रही है, आंधी आ रही है, लग रहा है आज तूफान आएगा, क्या आज छुट्टी ले सकता हूं?
बॉस- खुद ही सोच लो किससे दिनभर बेइज्जती करानी है, मुझसे या पत्नी से?
कर्मचारी- ठीक है सर, मैं आ रहा हूं।

# छोटे दुकानदारों का चालान काटने के विरोध में प्रदर्शन

## मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी से शिकायत करने की बात कही

संवाददाता ताखा, इटावा

**अमृत विचार।** जिला पंचायत की लाइसेंस फीस में हजारों रुपये जमा कराने और छोटे दुकानदारों का चालान न्यायालय में भेज देने को लेकर परेशान दुकानदारों ने व्यापार मंडल की अगुवाई में विरोध प्रदर्शन किया। दुकानदारों ने जिला पंचायत कर्मचारियों पर लाइसेंस बनाने में अवैध वसूली करने के आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी से करने की बात कहते हुए जमकर नारेबाजी की।

क्षेत्र के प्रमुख कस्बा ऊसराहार में जिला पंचायत कर्मचारियों द्वारा लाइसेंस बनाये जाने में अवैध वसूली को लेकर व्यापारियों ने जमकर हंगामा किया। लाइसेंस बनाये जाने को लेकर पहले ही जिला पंचायत कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में दुकानदारों को न्यायालय से नोटिस जारी कराये है। जिनमें पहले ही हजारों रुपये जुर्माना भरने को मजबूर हुए थे। दुकानदार शुक्रवार को दुकानदारों से लाइसेंस बनाने को लेकर आये जिला पंचायत कर्मचारियों ने लाइसेंस फीस के एवज में हजारों रुपये की मांग कर दी । साथ ही पूर्व में जिन दुकानदारों का चालान कर दिया था। उनसे वसूली करने की बात कही तो दुकानदार हंगामा करने लगे । उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनिल कौशल और व्यापार मंडल के अध्यक्ष रवि ने जिला पंचायत कर्मचारियों पर आरोप लगाते हुए दुकानदारों का उत्पीड़न नहीं होने देने की बात कहकर नारेबाजी की। व्यापार मंडल अध्यक्ष रवि ने बताया कि जिला पंचायत ने कस्बा के दर्जनों छोटे छोटे दुकानदारों का चालान न्यायालय में भेज दिया है। जिससे दुकानदार दुकान बंद कर के न्यायालय के चक्कर लगा रहे हैं। उनका धन और समय दोनों बेकार हो रहे हैं । इन चालानों को खत्म कराने को लेकर जिला पंचायत कर्मी अवैध वसूली पर उतारू हैं। इसकी पूरी शिकायत मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी से की जाएगी। जिला पंचायत कर्मचारियों की अवैध वसूली के विरोध में व्यापारी शिवम गुप्ता, अरविंद कुमार, संदीप पाल, लक्ष्मीकांत गुप्ता, नीलेश गुप्ता, अजय शर्मा, संदीप शर्मा आदि उपस्थित रहे।



ताखा में विरोध प्रदर्शन करते दुकानदार । अमृत विचार



रैली में रेंजर अशोक कुमार शर्मा, संजीव चौहान। अमृत विचार



स्वच्छता अभियान में भाग लेते जिला जज चवन प्रकाश।

# स्वच्छता के प्रति किया गया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** स्वच्छता ही सेवा जन जागरण अभियान के अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के अवसर पर श्रमदान, गोष्ठी,शपथ एवं स्वच्छता रैली कार्यक्रम का आयोजन जिला गंगा सुरक्षा समिति व सामाजिक वानिकी प्रभाग की ओर से किया गया। यहां शिवनारायण इंटर कॉलेज आयोजित कार्यक्रम में सफाई अभियान चलाने के बाद छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। रैली भी निकाली गई।

इसमे क्षेत्रीय वन अधिकारी बढ़पुरा अशोक कुमार शर्मा ने कहा कि स्वच्छता से रहने वाले व्यक्ति स्वस्थ रहते हैं। उनको बहुत कम बीमारियां होती हैं। उन व्यक्तियों को स्वस्थ रहने के लिए जीवन में दवा की आवश्यकता नहीं पड़ती । व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने से कीटाणु और विषाणु हमे रोगग्रस्त नहीं बना पाते। प्रधानाचार्य राजकुमार वर्मा ने कहा कि जीवन में स्वच्छता सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। ऐसा प्रयास करें कि हमारे आसपास गंदगी ना रहने पाए। दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। पर्यावरणविद् संजय कुमार सक्सेना ने कहा कि इस दौर में प्लास्टिक हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है, लेकिन प्लास्टिक में मौजूद रसायन वातावरण और स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है।

डीपीओ नमामि गंगे संजीव चौहान ने कहा कि प्लास्टिक की थैलियां, बोतल या अन्य सामग्री नदियों में या उनके किनारे नहीं फेंकना चाहिए। छात्र-छात्राओं को स्वच्छता ही सेवा पर डा राजीव राज एवं विवेक रंजन गुप्ता ने शपथ दिलाई। संजय वर्मा,आशुतोष तिवारी, पंकज चौहान, प्रशांत चौहान, दयानिधि चौबे, वन दरोगा रविंद्र मिश्रा, सुनील कुमार, संतोष कुमार सिंह, जयशंकर यादव नदीमित्र अनुज तिवारी एवं सौरभ सिंह मौजूद रहे।

### न्यायालय परिसर में जिला जज ने शुरू किया स्वच्छता अभियान

कार्यालय संवाददाता, इटावा ।जिला न्यायालय परिसर में शुक्रवार से स्वच्छता अभियान शुरू हुआ। जिला जज चवन प्रकाश ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। इसके साथ ही विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्वेता श्रीवास्तव अपर जिला अध्यक्ष अंकुर शर्मा तथा आलोक श्रीवास्तव ने न्यायालय परिसर में झाड़ू लगाकर अभियान का शुभारंभ किया। जिला जज चवन प्रकाश ने सभी न्यायिक अधिकारियों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया ।उन्होंने कहा कि सभी की जिम्मेदारी है कि वह अपने आसपास सफाई का ध्यान रखें और दूसरों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर अपर जिला जज प्रथम एहसान हुसैन विशेष न्यायाधीश रामचंद्र यादव, अजय कुमार सिंह प्रभारी अधिकारी नजारत, नीरजकुशवाहा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट केंद्रीय नाजिर सत्येंद्र बहादुर सिंह मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### आपदा विशेषज्ञ अवनीश का किया गया सम्मान

**महेवा, इटावा।** भारतीय लोक प्रशासन संस्थान दिल्ली एवं दीनदयाल उपाध्याय ग्राम विकास संस्थान, डा भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के सहयोग से इटावा के जिला आपदा विशेषज्ञ अवनीश दुबे को दीनदयाल उपाध्याय उत्कृष्ट छात्र सम्मान-2024 से विभूषित किया गया। यह सम्मान उन्हें उपाध्यक्ष सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गंगटोक, सिक्किम विनोद कुमार शर्मा, कुलपति आगरा विश्वविद्यालय आसू रानी, प्रति कुलपति अजय तनेजा एवं निदेशक दीनदयाल उपाध्याय ग्राम्य विकास संस्थान, पालीवाल पार्क, आगरा मनोज कुमार सिंह ने दिया। श्री दुबे महेवा लोकमान्य रूरल इंटर के छात्र रहे हैं हैं व महेवा के ही निवासी हैं।

### लोकसभा की शिक्षा समिति के सदस्य बने जितेंद्र दोहरे

**बकेवर, इटावा।** इटावा संसदीय सीट से सपा सांसद जितेन्द्र दोहरे को लोकसभा में शिक्षा महिला बाल युवा खेल संबंधित समिति के सदस्य मनोनीत किये जाने पर बकेवर लखना सहित आसपास क्षेत्र के सपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, महासचिव वीरू भदौरिया, प्रवक्ता विक्की गुप्ता, हमीद खां पहलवान,लखना पूर्व चेयरमैन अशोक सिंह एडवोकेट, नगर अध्यक्ष ज्वाला प्रसाद कठेरिया, अनिल कठेरिया, प्रदीप शंखवार, मिथुन भोजवाल, शिवम् तिवारी, गोलू कठेरिया, आलोक, माथे सहित अन्य लोगों ने बधाई दी। महेवा प्रतिनिधि के अनुसार सपा नेता पंडित राजीव चौधरी , प्रधान महेवा कुमुद सिंह , अश्वनी दोहरे , जिला पंचायत सदस्य जे पी दोहरे ,प्रधान भरईपुर पम्मी यादव ,इंद्रोसी रामनरेश यादव आदि ने हर्ष जताया है।



सांसद जितेंद्र दोहरे ।

### बिल जमा नहीं किया तो 134 उपभोक्ताओं के काटे कनेक्शन

**इटावा ।** बिजली विभाग की ओर से बिजली का बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं की कनेक्शन काटे जा रहे हैं। साथ ही बिजली चोरी करने वालों को भी पकड़ा जा रहा है। इसी के तहत शुक्रवार को चलाए गए अभियान में लाइन पार क्षेत्र में खंड अधिकारी गगन अभिनेत्री के नेतृत्व में बिल न देने वाले 134 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। 10 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते पकड़ा गया। शुक्रवारको अधिशाषी अभियंता हनुमान प्रसाद मिश्रा के निर्देशन में उपखंड अधिकारी गगन अग्निहोत्री ने बिजली बिल बकाएदारो को जमा कराने के लिए अवर अभियंता जितेंद्र राणा, वीरेंद्र कुमार, अनिल राठौर, नवल किशोर, पुष्पेंद्र सिंह के साथ मेगा अभियान चलाया। जिसमे 39 उपभोक्ताओं के बकाये पर संयोजन विच्छेदन किए गये मौके पर 13 उपभोक्तयो द्वारा लगभग 1.6 लाख का बकाया बिल जमा किया गया। बिजली चोरों पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। टीम में सुशील, मनपाल, अजय, मनोज, ब्रह्मानंद, विनय, विवेक, सत्यवीर शामिल रहे।

### पराली ना जलाएं किसान, फेफड़ों को होता है नुकसान

**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने किसानों को सलाह दी है कि भी पराली ना जलाएं इससे फेफड़ों को नुकसान पहुंचता है। दूसरे किसानों को भी इसे लेकर जागरूक करें। जनपद स्तरीय कृषक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में किया गया। गोष्ठी में जिलाधिकारी अवनीश राय ने किसानों को जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी हालत में कोई भी किसान पराली को नहीं जलाएं। उसको वहीं खेतों पर सड़ा दिया जाए एवं गौशालाओं में भिजवाया जाए। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से जो प्रदूषण फैलता है। उससे फेफड़े खराब होने की संभावना होती है। उन्होंने सभी किसानों से अनुरोध किया कि पराली प्रबंधन को लेकर आप सभी के द्वारा और भी किसानो को जागरूक किया जाए एवं परली प्रबंधन को लेकर सहयोग किया जाए। अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, उप निदेशक कृषि आरएन सिंह उपस्थित रहे।

### आपत्तिजनक फोटो वायरल करने वाले युवक के खिलाफ रिपोर्ट

**सैफई, इटावा ।** वैदपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक ने अपनी बहन के आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। युवक ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि बसरेहर थाना क्षेत्र के गांव भदवां निवासी निखिल कुमार काफी समय से उसकी बहन को परेशान कर रहा है। उसने किसी तरह से बहला फुसलाकर उसकी आपत्तिजनक फोटो अपने साथ खींच ली और फोटो इंस्टाग्राम आईडी पर वायरल कर रहा है । जिसके विरुद्ध 2023 में मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद उसने अपनी बहन की शादी मई 2024 में कर दी थी। शादी के एक माह बाद पुन: उसकी बहन की फोटो को इंस्टाग्राम व फेसबुक आदि पर डालकर वायरल कर रहा है। एसएसपी के आदेश पर केस दर्ज किया गया है।

## एक नजर

### छात्रों को कराया गया शैक्षिक भ्रमण

**महेवा, इटावा।** विकास खंड क्षेत्र महेवा के ग्राम सराय नरोत्तम स्थित अवध इंटरनेशनल एकेडमी में छात्र-छात्राओं को भारतीय मानक ब्यूरो के अंतर्गत प्रधानाध्यापिका डा ज्योति दुल्हानी, मैनेजमेंट पर्सन ऋषि दुबे एवं अध्यापक सतेंद्र यादव के नेतृत्व मे शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया। जहां उन्हें औद्योगिक प्रशिक्षण के बारे सभी जानकारी दी गई। जिसको सभी छात्रों ने अच्छे तरीके से सीखा व उसका प्रयोग किया ।

### पीस कमेटी की बैठक में त्योहारों पर शांति की अपील

**बकेवर, इटावा।** आगामी त्योहारों को लेकर बकेवर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि सोशल मीडिया पर अगर कोई गलत पोस्ट आती है तो तत्काल थाना पुलिस को भेजें, आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी है तो तत्काल थाने आए। मूर्ति की स्थापना सड़क पर न की जाये। कोई भी कार्यक्रम परमीशन लेकर ही करवाया जाये। इस मौके बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति बकेवर के अध्यक्ष जय किशन त्रिपाठी उर्फ मुन्नू, लखना राम लीला अध्यक्ष प्रताप पाल, गिरधारी लाल शर्मा, व्यापार मण्डल अध्यक्ष शीलू शर्मा, राहुल त्रिपाठी, दीपक राजपूत सभासद, संजीव त्रिपाठी, गोपाल पाण्डेय, रमानंद त्रिपाठी, संजीव पाल, देवेन्द्र सिंह राजावत आदि रहे।

### मौरंग भरा ट्रक पलटा आवागमन बाधित

**बकेवर, इटावा।** कानपुर आगरा सिक्स लेन हाईवे पर शुक्रवार की सुबह मौरंग से भरा ट्रक पलट जाने से एक साइड आवागमन वाधित हो गया। कुड़रिया राजवाह के सामने ट्रक के चालक को झपकी आ जाने के कारण 16 चक्का ट्रक मार्ग पर पलट कर पूरी सड़क गया। मौरंग पूरी सड़क पर फैल गई। जिससे कानपुर से आगरा को जाने वाले मार्ग पर वाहनों का आवागमन ठप हो गया।। चालक अली हसन निवासी अलीगढ़ ने बताया कि झपकी आने के कारण असन्तुलित होकर ट्रक पलट गया।

# नई मंडी से दतावली पुल तक साइड डिवाइडर बनाने का किया विरोध

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** एनएच-92 पर नई मंडी से दतावली पुल तक बन रहे साइड डिवाइडर न बनाने की मांग को लेकर सैकड़ों व्यापारी जिलाधिकारी के पास पहुंचे। व्यापारियों ने अपनी समस्याओं के संबंध में एसडीएम सदर से वार्ता की। व्यापारियों ने उन्हें अपनी मांगों का ज्ञापन भी दिया।

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि हमारे व्यवसायिक भूखंड एवं निर्मित प्रतिष्ठान जेके होस्पिटल से आगरा कानपुर हाईवे के बीच स्थित हैं। जो कि शहर का घना व्यवसायिक क्षेत्र है। इस रोड पर डिवाइडर सड़क के बीच मे न बनकर किनारे बनाये जा रहे हैं। जिस कारण सड़क के किनारे सर्विस रोड मात्र पांच मीटर की रह जाती है। जिस कारण व्यापारियों के माल लेकर आने जाने वाले वाहन का चलना संभव नहीं है,क्योंकि नवीन मंडी क्षेत्र होने के कारण अधिकतर कृषि व्यापारियों के गोदाम,दुकानें आदि मौजूद हैं। किनारे डिवाइडर बन जाने से बहुत समस्या होगी। धान,आलू, गेहूं आदि की फसलों के मंडी आने के समय यहां जाम की समस्या और विकराल हो जाएगी। व्यापारियों की मांग पर उपजिलाधिकारी सदर राघव विक्रम ने एनएच के अधिकारियों से वार्ता की। अभी डिवाइडर का रोकनें को कहा गया है। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग की टीम के मौका मुआयना के बाद निर्णय होगा।

इससे पूर्व उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित एवं लाइन पार व्यापार मंडल के शहर अध्यक्ष दिनेश कुमार यादव के नेतृत्व मे सैकड़ों व्यापारियों ने कचहरी पहुंच जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय को अपनी समस्या के संबंध मे ज्ञापन दिया।



उप जिलाधिकारी सदर से वार्ता करते व्यापारी नेता आलोक दीक्षित व अन्य।

# शिवप्रसाद ने बताया जान को खतरा, शासन से मांगी सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- मुख्यमंत्री समेत प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों को लिखा पत्र

**अमृत विचार।** सर्वजन सुखाय पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक शिवप्रसाद यादव ने अपनी सुरक्षा को गंभीर खतरा बताया है। डीजीपी, गृह सचिव व मुख्यमंत्री समेत सभी अधिकारियों को पत्र लिखकर सुरक्षा के लिए गनर उपलब्ध कराने की मांग की है।

उन्होंने बताया कि बसपा के टिकट पर उन्होंने मैनपुरी संसदीय क्षेत्र से सपा सांसद डिंपल यादव के खिलाफ चुनाव लड़ा था। अब आगामी समय में मैनपुरी जनपद के करहल विधानसभा का उपचुनाव होने जा रहा है। सर्वजन सुखाय पार्टी करहल विधानसभा चुनाव लड़ने की भी तैयारी कर रही है। उनकी राजनैतिक प्रतिद्वन्दिता सीधे सैफई परिवार से होने के कारण सपा समर्थकों से उन्हें हमेशा जीवन भय रहता है। वर्ष 2007 से 2012 तक उन्हें लगातार वाई श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त रही है। लोकसभा चुनाव 2024 व उसके बाद भी सुरक्षा में गनर रहा है। शासन ने जुलाई माह में दर्जनों लोगों के गनर हटा लिए उसमें उनका भी गनर हटाया गया। अब सभी के गनर उनकी सुरक्षा में वापस कर दिए गए परंतु उनका गनर वापस नहीं किया गया। इससे उनके जीवन को खतरा बढ़ गया है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि उनकी सैफई परिवार से खुन्नस है। उनकी बेदाग छवि है फिर भी सुरक्षा में लगे गनर को वापस ले लिया। उन्होंने पूर्व विधायक के लिए अनुमन्य 10 प्रतिशत निजी व्यय पर गनर उपलब्ध कराने की मांग की है।



शिवप्रसाद यादव।

# जनरल स्टोर में नकब लगा नकदी व सामान पार किया

**इटावा।** इकदिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत मानिकपुरा मोहन पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर गुरूवार की रात को बेखौफ चोरों ने जनरल स्टोर के पीछे सेंध लगाकर काउंटर की गोलक से नकदी और कीमती सामान चुरा ले गए। घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई फिर भी पुलिस अभी तक चोरों के बारे में पता नही लगा सकी।

इकदिल थाना क्षेत्र अंतर्गत मानिकपुर मोड़ से पृथ्वीपुर मार्ग पर मानिक पुर मोहन पुलिस चौकी से महज दो सौ मीटर दूरी पर संजीव कुमार की जनरल स्टोर की दुकान है। गुरूवार की शाम को वह अपनी दुकान बंद कर घर चले गए। तभी रात के समय चोरों ने दुकान में पीछे से नकब लगा दिया और दुकान में प्रवेश कर गए। चोर काउंटर में बनी गोलक से 50 हजार रुपये नकद तथा 20 हजार की कीमत का सामान चुरा ले गए। । सबेरा होने पर दुकानदार संजीव कुमार ने दुकान खोली तो घटना की जानकारी हुई। थाना प्रभारी निरीक्षक भीमसेन पोनियां का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### तमंचा-कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**जसवंतनगर, इटावा।** थाना पुलिस ने गश्त के दौरान राधिका पेट्रोल पंप के पास से एक संदिग्ध अवस्था में घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद किया गया। जसवंत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक राम सहाय सिंह फोर्स के साथ गश्त पर थे तभी राधिका पम्प के पास एक संदिग्ध युवक को दौड़ाकर उसे दबोचा। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा कारतूस बरामद हुए। युवक ने अपना नाम चेतन गुप्ता गुप्ता निवासी फक्कड़पुरा जसवंत नगर बताया।

# सहकारी बैंक में हुए घोटाले में महिला समेत दो गिरफ्तार

**इटावा।** सहकारी बैंक में घोखाधड़ी कर करीब 25 करोड़ रूपया का गबन करने के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को एक महिला सहित 2 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गबन के मामले में पुलिस इससे पहले 7 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इस मामले में 9 लोग जेल भेजे जा चुके हैं।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि जिला सहकारी बैंक के उपमहाप्रबंधक उमेश कुमार एवं वरिष्ठ शाखा प्रबन्धक जिला सहकारी बैंक इटावा राजीव त्रिपाठी ने 10 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी कर बैंक से करीब 25 करोड़ रूपया का गबन करने का मामला दर्ज कराया था। पुलिस 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी। बताया गया है कि छानबीन के दौरान एक के बाद एक लोगों के नाम प्रकाश में आ रहे है। इसी आधार पर शुक्रवार को कोतवाली पुलिस ने प्रभात कुमार निवासी राजागंज भरथना व एक महिला को गिरफ्तार किया है। धोखाधड़ी की रकम अपने जानने वाले लोगों के खातों में ट्रांसफर की थी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बघुईया विकास खण्ड सैंफई–इटावा**

पत्रांक: मेमो/निविदा विज्ञप्ति–ग्रा0पं0अ0/2023–24 दिनांक: 27.09.2024

**अल्पकालीन निर्माण सामग्री आपूर्ति विज्ञप्ति**

ग्राम पंचायत बघुईया विकास खण्ड सैफई इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 में निम्नांकित विवरण के अनुसार निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु निर्माण सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु वि0ख0 सैंफई–इटावा के पंजीकृत सप्लायर/कॉन्ट्रैक्टरों से निविदायें/टेण्डर दिनांक 28.09.2024 से 03.10.2024 समय 2:00 तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 03.10.2024 को निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 3:30 पर खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 28.09.2024 से 03.10.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत में प्रात: 10:30 से 1:00 बजे तक क्रय किये जा सकते हैं आपूर्ति की जाने वाली निर्माण सामग्री से सम्बधित नियम/नियमों की जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य दिवसों में निर्धारित तिथि तक प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | योजना | कार्य का विवरण | अनुमानित सामग्री लागत | धरोहर धनराशि (2%) | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 01 | मनरेगा | ग्रा.पं. बघुईया में शिपाही राम के खेत से प्रताप सिंह की आवादी तक पक्का नाला निर्माण कार्य। | 567600 | 11400 | 200 |

ग्राम प्रधान | ग्राम पंचायत सचिव

ग्राम पंचायत बघुईया, विकास खण्ड सैंफई।

**कार्यालय ग्राम पंचायत लरखौर विकास खण्ड सैफई -इटावा**

पत्राक: मेमो / ग्राम पंचायत – लाखौर/ निविदा प्रकाशन / 2023–24 / दिनांक :27.09.2024

**नोटिस / विज्ञप्ति**

महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से ग्राम पंचायत लरखौर सैफई –इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 की कार्ययोजना के अनुसार अनरेगा/15 वें वित्त/पंचम वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइड मद / पी0एफ0एम0एस0 निम्नांकित विवरण के अनुसार कराये जाने वाले निर्माण कार्यो हेतु ग्राम पंचायत का विकास खण्ड सैफई में फर्मो/ठेकेदारों से निविदायें/टैण्डर 30–09–2024 से 07–10–2024 समय 02: 30 तक आमंत्रित एवं दिनांक 07–10–2024 को ग्राम निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 03:30 पर खोली जायेगी । निविदा प्रपत्र दिनांक 30–09–2024 .से 07–10– 2024 तक ग्राम पंचायत लरखौर सचिवालय कार्यालय दिवस में प्रात: 10: 30 से 01: 00 बजे तक निर्धारित शुल्क अदा कर क्रय किये जा सकते है।

**कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलन की लागत | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैन रोड से आयुष्यमान महिला अस्पताला तक इंटरलांकिंग कार्य | पन्द्रहवॉ वित्त/पंचम वित्त | 415735.00 | 8315/– | 300 |
| 2. | गोपाल के घर से रामवीर के घर इंटरलांकिंग नाली निर्माण कार्य | पन्द्रहवॉ वित्त/पंचम वित्त | 458487.00 | 9170/– | 300 |
| 3. | मैन रोड से रामराज के घर तक, इन्टरलाकिंग व नाली मरम्मत कार्य | पन्द्रहवॉ वित्त/पंचम वित्त | 410021.00 | 82001/– | 300 |
| 4. | हुकुम सिंह के धर से तालाब तक नाली निर्माण व मरम्मत कार्य | पन्द्रहवॉ वित्त/पंचम वित्त | 111679.00 | 2234/– | 300 |
| 5. | सिपाईराम के द्वार से श्रीचद्र के घर तक इन्टरलॉकिंग कार्य | पन्द्रहवॉ वित्त/पंचम वित्त | 231484.00 | 4,630/– | 300 |
| 6. | अशोक के घर से दीपक के घर तक इन्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | पन्द्रहवॉ वित्त/पंचम वित्त | 159081.00 | 3,182/– | 300 |
| 7. | लरखौर स्कूल के बाउण्ड्री वाल निर्माण व मरम्मत कार्य | पन्द्रहवॉ वित्त/पंचम वित्त | 256894.00 | 5,138/– | 300 |
| 8. | विनोद के घर से बापू के घर तक इन्टरलाकिंग व नाली मरम्मत कार्य | पन्द्रहवॉ वित्त/पंचम वित्त | 458465.00 | 9,169/– | 300 |
| 9. | रामराज के घर से अजेन्द्र के घर तक इन्टरलाकिंग कार्य | पन्द्रहवॉ वित्त/पंचम वित्त | 458487.00 | 9,170/– | 300 |
| 10 | ग्राम खुशालपुर में तालाब सौन्दर्यकरण कार्य | पन्द्रहवॉ वित्त/पंचम वित्त | 350000.00 | 7000/– | 300 |

**निविदा की शर्त–** ग्राम पंचायत का लरखौर कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

01. अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या – 730/33–3–2022–11 /2022 दिनांक 26.04.2022 वित्त आयोग के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु पंचायती राज विभाग से जुड़े पदाधिकारी / कर्मी ( क्षेत्र पंचायत प्रमुख खण्ड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी ( पं0) ग्राम प्रधान पंचायत सचिव पंचायत सहायक पंचायती राज विभाग में संविदा पर कार्यरत कर्मी के पारिवारिक सदस्यों व रिश्तदारों द्वारा स्थापित फर्म / वेण्डर की निविदा स्वीकार नही की जायेगी साक्ष्य प्राप्त होने पर निविदा स्वत: निरस्त की दी जायेगी।

**राम औतार, ग्राम प्रधान** | **ग्राम पंचायत अधिकारी**

ग्राम पंचायत लरखौर, वि0ख0 सैफई, इटावा | ग्राम पंचायत लरखौर, वि0ख0 सैफई, इटावा


## आयोजन: संस्कृति सप्ताह कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं से संबंधित कई प्रतियोगिताएं हुईं

# थाल सजाओ मेहंदी रचाओ में दिखाया हुनर

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- भारत विकास परिषद मुख्य शाखा की ओर से कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**अमृत विचार।** स्थानीय नारायण वैंकट हाल में भारत विकास परिषद मुख्य शाखा ने संस्कृति सप्ताह कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं से संबंधित प्रतियोगिताएं आयोजित की। जिसमें पूजा थाल सजाओ, मेहंदी रचाओ, रंगोली बनाओ और एकल नृत्य प्रतियोगिताएं रखीं गईं । जिसमें महिलाओं ने हुनर दिखाया।

प्रतियोगिता के निर्णायक रूप मे पारोमिता विश्वास, नमिता तिवारी, आरती वर्मा, डा बबिता कुमारी प्रधानाचार्या और सीमा श्रीवास्तव का योगदान रहा। शाखा अध्यक्ष इन्द्र नारायण पाण्डेय और परिषद सदस्य विवेक रंजन गुप्ता ने पर्व सांसद रघुराज शाक्य को पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया। विवेक कुलश्रेष्ठ क्षेत्रीय सचिव सेवा ने शैलजा तिवारी, रेखा देवी, बुद्ध प्रकाश श्रीवास्तव और आशुतोष त्रिवेदी को परिषद के नये सदस्य के रूप में शपथ दिलाई। संस्कृति सप्ताह प्रभारी प्रतिभा सिंह ने सभी का आभार ज्ञापित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रान्तीय संस्कृति प्रभारी इन्दु कुलश्रेष्ठ ने की। मुख्य अतिथि सदस्य उ प्र शिक्षा सेवा चयन आयोग डा सीमा शाक्य और विशिष्ट अतिथि नीलिमा चौधरी, प्रान्तीय महिला संयोजिका एवं पूनम पाण्डेय सभासद ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम की संयोजिका शुभदा शुक्ला, सन्ध्या यादव और मुकुल अग्रवाल ने स्वागत किया। डा पद्मा त्रिपाठी ने परिषद का परिचय प्रस्तुत किया। आशा राम मिश्रा, बीके सिंह , ओम नारायण शुक्ला, एसएन चौधरी, सौरभ सक्सेना, सन्तोष कुमार प्रजापति, विमलेश शर्मा, वर्षा दुबे , अर्चना मिश्रा, सुमन दुबे, मन्जू देवी, पवन श्रीवास्तव सहित शिक्षिकाएं और बच्चे उपस्थित रहे। शैलजा पाठक ने संचालन किया।



माध्यमिक शिक्षा आयोग की सदस्य सीमा शाक्य का स्वागत करती पदाधिकारी।

# प्रोन्नति मिलने पर वन कर्मी का किया गया स्वागत

**महेवा, इटावा।** लखना रेंज के महेवा सेक्शन में वनरक्षक पद पर कार्यरत महेश यादव के वन उप निरीक्षक पद पर पदोन्नति होने पर सहकर्मियों ने स्वागत किया। पूर्व सैनिक शिव शंकर यादव ने बताया कि महेश बहुत ही लगनशील हैं, अपने कार्य के प्रति उनका जुझारूपन ही सफलता दिला रहा है। वन विभाग की सेवा संघर्ष की सेवा है। वन विभाग का कार्य क्षेत्र विस्तृत है।

महेश यादव ने अपने सहकर्मियों द्वारा प्राप्त सम्मान से अभिभूत होकर सबका आभार प्रकट किया । उनके सहकर्मियों, क्षेत्र के लोगों एवम कैटल गार्ड ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया । इस दौरान अंदावा प्रकार प्रदीप दुबे ,राजू दुबे ,प्रधान चरण सिंह यादव , सहकारी समिति अध्यक्ष गंभीर सिंह यादव मंटू यादव, राजीव यादव, कृपाराम, शिव बाबू, अजय यादव ,शिवकुमार ,कृपा शंकर, सुनील कुमार, बंशीधर, वीरबल, अकरम सिंह, सहदेव सिंह, नीरज कुमार, अभी सिंह , लक्ष्मी सिंह, निरंजन सिंह, राजवीर सिंह, अरविंद कुमार, अवनीश कुमार उपस्थित रहे । संचालन अमोल सिंह यादव ने किया ।

यद्यत्संद्दश्यते लोके सर्वं तत्कर्मसम्भवम्।
सर्वां कर्मांनुसारेण जन्तुर्भोगान्भुनक्ति वै ॥

लोगों के बीच जो सुख या दु:ख देखा जाता है, कर्म से पैदा होता है। सभी प्राणी अपने पिछले कर्मों के अनुसार आनंद लेते हैं या पीड़ित होते हैं।

## संपादकीय

# पुतिन की धमकी

यूक्रेन पर रूस के युद्ध का अंत कहीं नजर नहीं आ रहा है। फरवरी 2022 में रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था। इस हमले के बाद यूरोप में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे बड़ा संघर्ष शुरू हो गया। तब से रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने कई बार हस्तक्षेप करने वाले किसी भी देश के खिलाफ परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकियां जारी की हैं। रूस ने एक बार फिर से यूक्रेन और नाटो देशों को परमाणु बम की धमकी दी है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने परमाणु सिद्धांत में बदलाव के लिए कहा है। इससे रूस अब गैर परमाणु हथियार संपन्न देश के खिलाफ भी परमाणु हथियार का इस्तेमाल कर सकेगा। यही नहीं अगर रूस पर भीषण हवाई हमला होता है तो रूस परमाणु हमला कर सकेगा। रूस की इस धमकी से एक बार फिर से दुनिया में चिंता बढ़ गई है। क्योंकि रूस के परमाणु सिद्धांत में संशोधन यूक्रेन युद्ध में शामिल होने के मामले में पश्चिम को अब तक की सबसे कड़ी चेतावनी है। रूस के पास वर्तमान समय में 5,580 परमाणु हथियार हैं और उसने 1710 एटम बमों को तैनात कर रखा है। यह दुनिया में सबसे ज्यादा हैं।

गुरूवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में विश्व नेताओं, वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों ने परमाणु निरस्त्रीकरण को एक वैश्विक प्राथमिकता बताया है और इसके लिए नए सिरे से प्रतिबद्धता व्यक्त की है। उन्होंने आगाह किया कि शीत युद्ध के बदतरीन दिनों के बीत जाने के बाद अब फिर परमाणु हथियारों की स्याह छाया नजर आ रही है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुटेरेश ने चिंता जताई कि परमाणु मुद्दे पर तनातनी और बयानबाज़ी हो रही है और परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के लिए धमकियां दी जा रही हैं। हथियारों की होड़ फिर से भड़कने की आशंका है। 20 देशों के समूह ने 2022 और 2023 में संयुक्त बयानों में खतरों को रेखांकित करते हुए कहा कि परमाणु हथियारों का उपयोग और उपयोग की धमकियां अस्वीकार्य हैं। ऐसे में भू-राजनीतिक तनावों के विशेष संदर्भ में वैश्विक परमाणु निरस्त्रीकरण प्रयासों की वर्तमान स्थिति पर चर्चा आवश्यक है। साथ ही भारत को अपने राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को वैश्विक निरस्त्रीकरण लक्ष्यों के साथ संतुलित करना चाहिए। सभी देशों को इस मुद्दे की तात्कालिकता को समझना होगा। अमेरिका और नाटो देशों को परमाणु प्रतिशोध की धमकी देने और उत्तेजक परमाणु अभ्यासों से बचना चाहिए। चूंकि अमेरिका और यूरोपीय नेता यूक्रेन को रूस को पीछे हटाने के लिए जरूरी हथियार मुहैया करा रहे हैं, इसलिए उन्हें सावधानी से अपने सैन्य समर्थन को संतुलित करना चाहिए और तनाव बढ़ने से बचने के लिए समन्वय करना चाहिए।

# सरकारी खाद्यान्न खरीद में पारदर्शिता



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

एमएसपी का लाभ प्राप्त करने वाले किसानों की सीमित संख्या होने के कारण कभी-कभी एमएसपी के बारे में कहा जाता है कि यह औचित्यहीन प्रतीत होता है, परंतु बात इतनी सीधी नहीं है। प्रश्न यहां यह उठता है कि यदि एमएसपी औचित्यहीन है तो फिर भला आज किसान इसके लिए उद्वेलित क्यों हैं?

न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत किसानों से धान /बाजरा /ज्वार/मक्का की खरीद प्रारंभ होने वाली है। वस्तुतः न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के संबंध में हमेशा से किसानों की मांगें उठती रही हैं और सरकार द्वारा इस संबंध में निरंतर परिवर्तन और सुधारकर उन्हें अधिकाधिक लाभ पहुंचाने की कोशिश की जाती रही है। यहां यह बताना श्रेयस्कर होगा कि भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष किसानों को उनकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य प्राप्त कराने के उद्देश्य से खरीफ और रबी सीजन में कुल 23 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। यह कृषि लागत और मूल्य आयोग की अनुशंसा पर आधारित होता है।

केंद्र सरकार ने किसानों की फसलों को उचित कीमत दिए जाने के उद्देश्य से वर्ष 1965 में कृषि लागत और मूल्य आयोग का गठन किया गया था। भारत में सर्वप्रथम 1966-67 में एमएसपी दर लागू की गई थी। तबसे हरेक साल इसमें सुधार और विस्तारीकरण के उपाय किए जाते रहे हैं। हालांकि उस समय देश में खाद्यान्न उत्पादन की अल्पता थी और भारत खाद्यान्न आयातक देशों में गिना जाता था, परंतु आज भारत खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर हैं और कई खाद्यान्नों का निर्यात करता है। ओपन मार्केट पॉलिसी आने के बाद किसानों को सीधे बाजारों में अपनी उपज बेचने का मौका मिला है। आज ई-नाम मंडी व्यवस्था के अंतर्गत पूरे देश के व्यापारी कहीं भी किसी भी मंडी के खाद्यान्न की खरीद बिक्री कर सकते हैं, जिससे पारदर्शिता एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ हुआ है।

जाहिर है कि एमएसपी योजना की महत्ता के दृष्टिगत ही बदलते समय के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य तथा रसद विभाग द्वारा संचालित न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत किसानों से किए खाद्यान्न की खरीद विभाग के कंप्यूटरीकरण के साथ सबकुछ ऑनलाइन एवं पारदर्शी हो गया है। इस योजना से बिचौलियों की भूमिका समाप्त कर दी गई है। पहले जिनके जमीन भी नहीं थे या जो किसान नहीं थे, वे भी किसी और की जमीन के कागज लगाकर और किसी दूसरे के बैंक खाते में पैसा भेजकर योजना का गलत लाभ लेने की कोशिश करते थे। सर्वप्रथम उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इसको लक्षित करते हुए ऑनलाइन ई उपार्जन सिस्टम लागू किया गया, जो एंड टू एंड कंप्यूटराइजेशन के मामले में देशभर में एक प्रकार का यूनिक सिस्टम बनकर उभरा है। इसके लिए सर्वप्रथम किसानों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था की गई और उनके पंजीकरण को राजस्व विभाग के भू लेख पोर्टल से लिंक किया गया। इससे किसानों के जमीन की सत्यता प्रमाणित होने लगी और फर्जीवाड़ा और बिचौलियों पर रोक लग गई। हालांकि गन्ना विभाग से डाटा शेयरिंग का कार्य अभी भी किया ही जा रहा है। ऑनलाइन पंजीकरण को किसान अपने आधार लिंक मोबाइल नंबर के माध्यम से करा सकता है, जिस पर ओटीपी के माध्यम से वेरीफिकेशन की व्यवस्था है। ऑनलाइन सिस्टम से पहले किसानों को चेक के माध्यम से भुगतान किया जाता था, जो बियरर होता था। इसे पहले एकाउंट पेयी सिस्टम में लाया गया फिर आरटीजीएस के माध्यम से सीधे किसानों के बैंक खाता मे भेजा जाने लगा, लेकिन सबसे फूल प्रूव सिस्टम तब लाया गया, जब भारत सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पीएफएमएस के माध्यम से एनपीसीआई (नेशनल पेमेंट कारपोरेशन आफ इंडिया) मैप्ड और वेरीफाइड बैंक एकाऊंट में किसानों को उनकी उपज के मूल्य की धनराशि भेजी जाने लगी। यह ऐतिहासिक कदम था, देश में पहली बार किसी राज्य में किसानों को उनकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य पीएफएमएस सिस्टम से दिया जाने लगा है। अन्य राज्यों ने भी अब इसी को अपनाने का निश्चय किया है। क्रय केंद्रों पर भी वास्तविक किसानों से खरीद हो यह सुनिश्चित करने के लिए ई पाप (इलेक्ट्रॉनिक प्वाइंट आफ परचेज) मशीन की व्यवस्था की गई है, जिस पर किसान अपना बायोमेट्रिक करने के बाद ही अपनी उपज बेच सकता है। क्रय केंद्रों से राइस मिलों की ऑनलाइन टैगिंग एवं जीपीएस युक्त वाहनों के माध्यम से खाद्यान्न प्रेषण करने की व्यवस्था लागू की गई है, जिसकी ऑनलाइन ट्रैकिंग भी हरेक स्तर से की जा सकती है।

> उत्तर प्रदेश में लगभग 2.33 करोड़ किसान हैं। इनमें 1.85 करोड़ सीमांत और लगभग तीस लाख लघु किसान हैं। इसके अनुसार लघु व सीमांत किसानों की संख्या 2.15 करोड़ हैं, जो कुल किसानों का लगभग 93 प्रतिशत है। अधिकतर लघु और बड़े किसानों द्वारा ही क्रय केंद्रों पर खाद्यान्न बेचा जाता है, जो कुल किसानों का लगभग 20 प्रतिशत है।

पूरे सरकारी खरीद सिस्टम का एंड टू एंड कंप्यूटराइजेशन के माध्यम से ई उपार्जन सिस्टम बनाया गया है, जिसमें किसानों से खाद्यान्न खरीद के ऑनलाइन पंजीकरण सिस्टम से लेकर टोकन जेनरेशन, तयशुदा तिथि को क्रय केंद्र पर खरीद, ऑनलाइन जेनरेटेड रसीद, ऑनलाइन वेरिफिकेशन के बाद पीएफएमएस (पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम) के माध्यम से सीधे बैंक खाते में भुगतान, राइस मिलों द्वारा ऑनलाइन प्राप्ति/प्रेषण भारतीय खाद्य निगम डिपो पर प्राप्ति सभी एक ऑनलाइन चेन सिस्टम से जोड़ दिया गया है। उत्तर प्रदेश में लगभग 2.33 करोड़ किसान हैं। इनमें 1.85 करोड़ सीमांत और लगभग तीस लाख लघु किसान हैं। इसके अनुसार लघु व सीमांत किसानों की संख्या 2.15 करोड़ हैं, जो कुल किसानों का लगभग 93 प्रतिशत है। अधिकतर लघु और बड़े किसानों द्वारा ही क्रय केंद्रों पर खाद्यान्न बेचा जाता है, जो कुल किसानों का लगभग 20 प्रतिशत है। इसके लिए सरकार द्वारा जारी क्रय नीति में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि लघु और सीमांत किसानों से प्राथमिकता के आधार पर खरीद की जाए। न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के संबंध में गठित शांता कुमार कमेटी के अनुसार मात्र 6 प्रतिशत किसान ही अपनी उपज को इस योजना के अंतर्गत सरकारी क्रय केंद्रों पर बेचते हैं, शेष ओपन मार्केट में बेचते हैं। हालांकि कुछ समय पूर्व इस निष्कर्ष को सतही मानते हुए आइआइटी दिल्ली की रीतिका खेड़ा, प्रांकुर गुप्ता और सुधा नारायण द्वारा एक शोध पत्र जारी किया गया है, जिसके अनुसार लगभग 15-18 प्रतिशत किसानों द्वारा इसका लाभ उठाया जाता है, क्योंकि सभी किसानों द्वारा गेंहूं/धान का उत्पादन नहीं किया जाता है तो हम यदि धान/गेहूं उत्पादन करने वाले किसानों में इसकी तुलना करेंगे तो सहभागिता बढ़ जाती है। इस शोध पत्र में आंकड़ों के साथ यह भी कहा गया कि जिन राज्यों ने खरीद व्यवस्था की विकेंद्रीकृत प्रणाली अपनाई है जैसे छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल आदि में लगभग 30-35 प्रतिशत किसानों द्वारा इस योजना का लाभ उठाया जा रहा है।


पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश आदि में यह प्रतिशत भी उच्च है। यहां यह तथ्य भी ध्यान देने योग्य है कि यदि किसानों को मार्केट में अच्छा प्राइस मिल रहा है तो वो भी इसी योजना का प्रतिफल है, परंतु हम आंकड़ों में उन किसानों को शामिल नहीं करते। उदाहरण स्वरूप गत वर्ष 90 प्रतिशत गेहूं बेचने वाले किसानों ने ओपन मार्केट को चुना, क्योंकि यहां मूल्य एमएसपी से अधिक था, अर्थात यहां तुलना भी हम एमएसपी से ही करते हैं। गत वर्षों में गेहूं खरीद के आंकड़ों पर हम नजर डालते हैं तो किसानों को ओपन मार्केट में न्यूनतम समर्थन मूल्य से अधिक पैसा मिला है। गेहूं को वो तो सरकारी क्रय केंद्रों पर बेचना ही नहीं चाहते, क्योंकि उससे ज्यादा मूल्य पर व्यापारी उनके घरों से उठाकर ले जाते हैं। इस तरह से देखें तो यहां पर न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना अपना उद्देश्य प्राप्त कर रही है और किसानों को उससे अधिक मूल्य मिल रहा है।

एमएसपी का लाभ प्राप्त करने वाले किसानों की सीमित संख्या होने के कारण कभी-कभी एमएसपी के बारे में कहा जाता है कि यह औचित्यहीन प्रतीत होता है, परंतु बात इतनी सीधी नहीं है। प्रश्न यहां यह उठता है कि यदि एमएसपी औचित्यहीन है तो फिर भला आज किसान इसके लिए उद्वेलित क्यों हैं? जाहिर है, उन्हें पता है कि मंडियों मे उनके खाद्यान्न की नीलामी जब होती है तो उसकी बोली का आधार एमएसपी ही होता है। प्रत्येक वर्ष बोली का रेट स्वतः एमएसपी में हुई वृद्धि के अनुरूप बढ़ जाता है। वस्तुतः पीडीएस और एमएसपी मार्केट रेट कंट्रोल करता है। पीडीएस के लाभार्थी भी तो एक दूसरे छोर से एमएसपी योजना से ही जुड़े हैं, क्योंकि यहां खरीदे गए खाद्यान्न का उपयोग ही अंत्योदय और पात्र गृहस्थी लाभार्थियों के मध्य किया जाता है।

## प्रसंगवश

# धार्मिक स्थलों की समस्या

भगवान राम के दरबार में एक दिन एक कुत्ता न्याय की गुहार लेकर आया। आरोप था कि एक ब्राह्मण ने अकारण उसे डंडे से मारकर चोट पहुंचाया है। ब्राह्मण तलब हुआ। उसने अपना अपराध स्वीकार करते हुए कहा कि कई दिनों से भूखा रहने के कारण उसे कुत्ते के अकारण भूंकने पर क्रोध आ गया, जिसके कारण उससे यह अपराध हो गया। धर्म संकट देखकर श्रीराम ने कुत्ते से कहा कि इस ब्राह्मण के दंड का अब तुम्हीं निर्धारण करो। कुत्ते ने बहुत सोच विचार कर कहा, महाराज! इस ब्राह्मण को किसी मठ का मठाधीश बना दिया जाए। सारी सभा अवाक्। भगवान मुस्कुराए। मंत्री ने कुत्ते से पूछा कि तुम इस ब्राह्मण को दंड दे रहे या पुरस्कार? कुत्ता श्रीराम की ओर मुखातिब हुआ और बोला, महाराज! पिछले जन्म में मैं मठाधीश ही था। कुत्ते की योनि में जन्म लेकर निरपराध डंडे खाने पड़ रहे हैं। धार्मिक स्थलों के प्रबंधकों के दायित्व बोध के लिए कथा।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

श्री तिरुपति बालाजी धाम अपने देश के सर्वाधिक समृद्ध धार्मिक स्थलों में से एक है। इस स्थिति में वहां के महाप्रसादम् में घालमेल करके किसी भी स्तर पर की गई मुनाफाखोरी अक्षम्य होनी चाहिए। जहां तक प्रसाद ग्रहण करने वाले भक्तों के अपवित्र होने का प्रश्न है, अपने शास्त्र इस बिन्दु पर काफी उदार हैं। हमारी गैर-जानकारी में किए गए किसी दूसरे के कुकर्म से हमारे सत्कर्म प्रभावित नहीं होते हैं। शास्त्रों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी भी अनुष्ठान में की गई त्रुटियों का परिणाम पुरोहित को भुगतना पड़ता है, न कि यजमान को। राम दरबार की उपरोक्त कथा प्रमाण।

किसी भी यज्ञ, अनुष्ठान, पूजा-पाठ में सर्वप्रथम विघ्न विनाशक गणेश जी का आवाहन किया जाता है, ताकि अनुष्ठान निर्विघ्न समाप्त हो। समापन के पूर्व, अनुष्ठान के मध्य जाने-अनजाने हुई त्रुटियों लिए क्षमा याचना भी अनुष्ठान का ही एक अंग है। इन सब सावधानियों के बावजूद जो त्रुटियां हो जाती हैं, वे " वैगुण्यदोष" के रूप में क्षम्य हैं। तमाम प्रयास के बावजूद कुछ कमियों, त्रुटियों, अपराधों की संभावना बनी रहती है, जैसे हवन सामग्री, हवन की लकड़ी के अंदर सूक्ष्म कीड़े-मकोड़ों की उपस्थिति, प्रज्वलित हवन कुंड के आसपास उड़ते सूक्ष्म कीट-पतंगों का जल जाना आदि इत्यादि। इन्हें वैगुण्य, अर्थात अनजाने में हुए अपरिहार्य, दोष मानकर क्षम्य बताया गया है। अतएव अनजाने में दूषित प्रसाद ग्रहण करने का अपराध बोध वांछनीय नहीं है। अपनी अंतरात्मा की पुकार के अनुसार प्रायश्चित करने में भी कोई हर्ज नहीं।

दरअसल आजकल हमारे धार्मिक स्थलों की समस्या कुछ अलग है। तीर्थाटन गुजरे जमाने की बात होती जा रही, देशाटन भी पर्यटन का रूप ले चुका है। अब यह पर्यटन भी एक तरह से तीर्थाटन व देशाटन का कार्पोरेटाइजेशन हो चुका है, जिसमें आस्था व जिज्ञासा के स्थान पर उत्सव व आमोद-प्रमोद को वरीयता मिल रही है। कारपोरेट कल्चर का मूल स्वरूप अधिकाधिक विस्तार से एकाधिकार और मुनाफाखोरी है। सो प्रसाद जैसे पावन सामग्री में भी इन्हें हाथ आजमाने से कोई गुरेज नहीं। पर्यटन भी धीरे-धीरे अति की ओर अग्रसर है। पर्यटन के अतिरेक, ओवर टूरिज्म के दुष्परिणाम को देखते हुए वर्ष 2002 में ही समेकित विकास वर्ल्ड समिट, केपटाउन, में उत्तरदायित्व पूर्ण पर्यटन को "स्थानीय निवासियों के रहने व आगंतुकों के लिए बेहतर स्थान" के रूप में परिभाषित किया गया था। सभी सहभागियों का यह उत्तरदायित्व है कि वे ऐसे स्थलों की स्थानीय विरासत को अपनी अगली तथा उससे आगे आने वाली पीढ़ी के लिए यथावत सुरक्षित रखें। स्थानीय निवासी व आगंतुक पारस्परिक अनुभवों से लाभान्वित हों।

प्रो हारोल्ड गुडविन, "इंटरनेशनल सेंटर ऑफ रेसपांसिबल टूरिज्म" के अध्यक्ष हैं। उन्होंने कुछ दिनों पूर्व दिए गए अपने साक्षात्कार में बताया है कि किस तरह से ओवर टूरिज्म के चलते बार्सीलोना में बाहरी लोगों के अत्यधिक आवागमन करने के कारण स्थानीय लोग बेघर हो गए और कारपोरेट्स द्वारा संचालित होटलों में कर्मचारी के रूप में काम करने के लिए विवश हो गए हैं। केरल के भी कुछ हिस्सों में यही स्थिति बताई जाती है। इसी ओवर टूरिज्म के चलते, जो अब एक भेड़चाल का रूप ले चुका है, विगत के कई आकर्षक पर्यटन स्थल अपनी आभा खोते जा रहे हैं। उन्होंने वृंदावन के जैतवन व निधिवन को एक आदर्श पर्यटन स्थल बताया है, जहां कोलाहल से दूर उसकी आध्यात्मिक अस्मिता सुरक्षित है। उन्होंने यह भी अपेक्षा की है कि ऐसे पर्यटन स्थलों को ऐसा संरक्षण दिया जाए, ताकि उनका मूल स्वरूप सुरक्षित रह सके। पर्यटन स्थल स्थानीय लोगों की संपत्ति है, यह पांच सितारा होटलों के मालिकों व उसमें ठहरने वाले बाहरी लोगों की संपत्ति नहीं है।

**जयंती**

# भगत सिंह की क्रांति का पुनर्पाठ जरूरी



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

> भगत सिंह नास्तिक थे। उन्हें ईश्वर और धर्म की कठमुल्ला शास्त्रोक्त परंपराओं में विश्वास नहीं था। दलितों के लिए उनके संगठन के दरवाजे जातीय बराबरी के आधार पर खुले थे।

भगत सिंह स्वतंत्रता संग्राम के अकेले गैर कांग्रेसी योद्धा हैं, जिनकी ख्याति महात्मा गांधी के मुकाबले हो गई थी। उनकी फांसी के मुद्दे पर कांग्रेस लगभग आधे-आधे में बंट गई थी। असहमति के बावजूद गांधी के प्रति उनके मन में बेहद सम्मान था। भगत सिंह का कांग्रेस पर नैतिक पौरुषपूर्ण प्रभाव भी पड़ा था। वे गांधीवाद की ऐतिहासिक भूमिका को एक वैज्ञानिक यथार्थवादी की तरह आंकते थे।

लाहौर अधिवेशन में भगत सिंह ने कांग्रेस की ही सहमति से भगवतीचरण वोहरा द्वारा लिखा पर्चा बंटवाया भी था। उसमें विदेशी गुलामी से मुक्ति के लिए क्रांतिकारियों के हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के सशस्त्र संगठन द्वारा क्रांति के लिए संकल्पबद्धता का ऐलान था। नौजवानों को दिए संदेश में भगत सिंह ने इशारा भी किया था कि लाहौर अधिवेशन में कांग्रेस देश की आजादी के लिए जबर्दस्त लड़ाई की घोषणा करने वाली है। तब राष्ट्रीय इतिहास में कठिन क्षणों में नौजवानों के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी आ पड़ेगी। चाचा सरदार अजीत सिंह, पिता किशन सिंह, लाला लाजपत राय, प्राचार्य छबीलदास, लाइब्रेरियन राजाराम शास्त्री के समर्थन और गांधी के आह्वान पर पढ़ाई छोड़कर स्वाधीनता आंदोलन में कूद पड़ने के बावजूद कांग्रेस के प्रस्तावों ने भगत सिंह के साथ न्याय नहीं किया।

भगत सिंह ने पूरी तौर पर सशस्त्र क्रांति को खारिज नहीं किया। उन्होंने साफ किया कि सशस्त्र क्रांति उस समय ही अनिवार्य विकल्प है, जब जनता पूरी तौर पर क्रांति के नियामक मूल्यों के लिए सुशिक्षित हो पाए। असेंबली में भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने बम के बदले क्रांति के अग्निमय शोलों से लकदक लाल पर्चे फेंके। वे किसी भी मुर्दा कौम में बगावत के स्फुलिंग भर सकते थे। सांडर्स की हत्या के बाद क्रांतिकारी पर्चे में साफ लिखा था कि उन्हें एक मनुष्य का खून बहाने में गहरा दुख है। जिन परिस्थितियों में शांति मार्च की अगुआई कर रहे लाला लाजपत राय को लाठियों से पीटकर मार डाला गया, उस घटना का बदला बौद्धिक के बदले यौद्धिक तरीके से ही कारगर ढंग से संसूचित किया जा सकता था। इससे ही अंग्रेज शासक में खौफ पैदा होता कि वह वहशी इरादों के साथ स्वतंत्रता सैनिकों की हत्या करने की कोशिश न करें।

'इंकलाब जिंदाबाद' मूलतः कम्युनिस्टों का नारा है। भगतसिंह ने इसके साथ जोड़ा था 'साम्राज्यवाद मुर्दाबाद' और 'दुनिया के मजदूरों एक हो।" असेंबली बमकांड पर दिए सनसनीखेज ऐतिहासिक बयान में भगत सिंह तथा बटुकेश्वर दत्त ने समाजवादी प्रतिबद्धता के बावजूद क्रांतिकारी आंदोलन का श्रेय गुरु गोविन्द सिंह, शिवाजी, कमाल पाशा, रिजा खां, जार्ज वाशिंगटन, गेरीबाल्डी, लायाफेर और लेनिन को भी दिया। भगत सिंह का कहना था-"मैंने एक आतंकवादी की तरह काम किया है, लेकिन आतंकवादी नहीं हूं। मैं तो ऐसा क्रांतिकारी हूं, जिसके पास एक लंबा कार्यक्रम और उसके बारे में सुनिश्चित विचार होते हैं। मैं पूरी ताकत के साथ बताना चाहता हूं कि मैं आतंकवादी नहीं हूं और कभी था भी नहीं, कदाचित कुछ उन दिनों को छोड़कर जब मैं अपने क्रांतिकारी जीवन की शुरुआत कर रहा था। मुझे विश्वास है कि हम ऐसे तरीकों से कुछ भी प्राप्त नहीं कर सकते हैं।"

भगत सिंह नास्तिक थे। उन्हें ईश्वर और धर्म की कठमुल्ला शास्त्रोक्त परंपराओं में विश्वास नहीं था। दलितों के लिए उनके संगठन के दरवाजे जातीय बराबरी के आधार पर खुले थे। किस्सा मुख्तसर है कि मुसलमानों के रूढ़ विश्वासों के कायम रहते झटका और हलाल किस्म के मांस को एक साथ परोसकर खिलाए जाने के रोमांचक प्रयत्न भी क्रांतिकारियों के बीच प्रफुल्ल होते रहते थे। भगत सिंह पहले आधुनिक महत्वपूर्ण वैचारिक थे, जो पूरी तौर पर प्रचलित मजहबी रूढ़ियों के दायरों से बाहर थे। अंग्रेज जल्लादों से बचने के लिए उन्होंने अपने केश काटकर दुर्गा देवी वोहरा के साथ कलकत्ता तक यात्रा की। कुछ सिखों ने आलोचना की कि पांच धार्मिक प्रतीकों में से केश को उन्होंने क्यों कटवा लिया? भगत सिंह ने धार्मिक जुमले में उन्हें निरुत्तर किया कि गुरु गोविंद सिंह का आदेश है कि अपने कौम और धर्म की रक्षा के लिए शरीर का अंग-अंग कटवा दो। मैंने उसी मकसद से केश कटवा दिए। मौका मिलेगा तो अगला अंग अपनी गरदन कटवा लूंगा।

आज भगत सिंह की क्रांति का पुनर्पाठ बेहद जरूरी है। भगत सिंह हमारी प्रशंसा के साथ-साथ शोधपूर्ण जिरह के आधार हैं। यदि वे आजाद भारत में होते तो स्थितियों का अपनी मौलिकता के साथ आकलन करते। देश तब उस आकलन से सहमत, असहमत या तटस्थ होने की अपनी भूमिका तलाशता।

## सोशल फोरम

# तर्क करने का माद्दा

कोर्ट में केस चल रहा था। सारे सबूत अपराधी को गुनहगार ठहरा रहे थे। जब अपराधी से सफाई में कुछ कहने के लिए कहा गया तो उसने कहा-श्रीमान मैं गंगा स्नान कर अपने सारे पाप धो चुका हूं। अब चूंकि मैं पाप मुक्त हो चुका हूं, इसलिए मुझे दंड नहीं मिलना चाहिए।



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

सवाल है कि कोई भी समाज क्या अपराधी को केवल इसलिए माफ कर देगा कि उसने गंगा स्नान कर लिया है। शायद कोई भी समाज ऐसा नहीं करेगा। तो आखिर ये कौन लोग हैं और कैसी ये सोच है, जो केवल स्नान से आपके पाप कटवाने का ठेका लिए घूमते हैं। समाज आस्था से आपके विश्वास से नहीं चलता। कोई भी स्वस्थ समाज चलता है, नियमों से, तर्कों के बलबूते।

आजादी के बाद भारत की प्रगति की राह में ये सबसे बड़ी बाधा रही कि हम एक तर्कशील समाज का निर्माण करने में असफल रहे। तर्क के ऊपर आस्था को महत्व देने का नतीजा है कि एक स्कूल में बच्चों की शुरुआत प्रार्थना से होती है और फिर क्लास में जाकर ये फिजिक्स और केमेस्ट्री पढ़ते हैं। न्यूटन, आइंस्टाइन और डार्विन को रटते हैं। रटते हैं यहां इसलिए कहा गया कि फिर यही लोग बड़े होकर रफैल पर नींबू मिर्च लटकाने से खुश होते हैं। दरअसल दिक्कत है कि जो समाज के अग्रणी लोग हैं, जिन पर समाज को दिशा देने की जिम्मेदारी है। वो सब खुद कर्मकांड में लिप्त हैं। शिक्षा हमें तार्किक बनाती है।

अंधविश्वास भगाती है, लेकिन आज एक शिक्षित व्यक्ति भी बिल्ली के रास्ता काटने पर सोचने लगता है। हमारी दिक्कत है कि हमने तर्कों पर हमेशा आस्था को महत्व दिया। अगर हमारी आस्था, विश्वास इतने ही मजबूत हैं तो तर्कों से डरना क्यों? जो विज्ञान हजारों साल पहले हुए डायनासोर्स के बारे में बता सकता है। वो आपके सारे अंधविश्वास और किस्से कहानियों की सत्यता भी परख सकता है। बशर्ते आपमें जानने और अपने ही विश्वासों की बखिया उधेड़ उस पर तर्क करने का माद्दा हो।

-फेसबुक वॉल से

# रेबीज के कारगर निवारण को जागरूकता जरूरी



डॉ.कृष्णा नंद पांडेय
वरिष्ठ विज्ञान लेखक
नोएडा

दुनिया के 150 से अधिक देशों मुख्यतः एशिया और अफ्रीका में रेबीज एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। संयुक्त राज्य अमेरिका के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के अनुसार दुनिया में प्रतिवर्ष लगभग 70,000 लोग रेबीज के कारण असामयिक मौत का शिकार होते हैं। रेबीज संक्रमण से होने वाली 99 प्रतिशत मौतें संक्रमित कुत्तों के काटने से होती हैं। रेबीज के कारण दुनिया में 40 प्रतिशत मौतें 5 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों में होती है। हालांकि रेबीज संक्रमण का संचरण बिल्लियों, लोमड़ी, सियार, नेवला जैसे जंगली जंतुओं से भी हो सकता है। रेबीज एक वायरल, जूनोटिक (जंतुजन्य) रोग है, जिसका यदि लक्षणों की शुरुआत होने से पहले इलाज न किया गया तो जानलेवा साबित हो सकता है। मानव और पालतू जंतुओं में रेबीज का संक्रमण मुख्यतया किसी संक्रमित जंतु के काटने अथवा उसके द्वारा नोचने, खरोंचने से अथवा संक्रमित जंतु के आंख, मुंह और खुले घाव के सीधे संपर्क में आने पर फैलता है। रेबीज वायरस केंद्रीय तंत्रिका प्रणाली को संक्रमित करता है और यदि इलाज में देरी हुई तो लक्षणों की शुरुआत के साथ मृत्यु की संभावना बढ़ जाती है। रेबीज से बचने के लिए इसके प्रति जागरूकता बहुत जरूरी है। भारत में गली-मोहल्ले में आवारा कुत्तों के आतंक की घटनाएं प्रायः प्रकाश में आती हैं। आवारा कुत्तों के झुंड द्वारा छोटे बच्चों को घेरकर काटने, नोचने के उदाहरण आए दिन देखने को मिलते हैं। यह झुंड खासकर वृद्धों, महिलाओं और बच्चओं को आसानी से शिकार बनाता है। अमेरिका जैसे देश में प्रतिवर्ष 7000 से अधिक रेबीज से संक्रमित होते हैं, जिनमें लगभग 10 व्यक्ति मौत का शिकार होते हैं। कुत्ते पालने के अधिकांश शौकीन आकर्षक नस्लों के विदेशी कुत्ते पालते हैं। जाहिर है उनका आयात किया जाता है। संयुक्त राज्य अमेरिका में कुत्तों की आयात प्रक्रिया कड़े नियमों के अनुपालन पर आधारित होती है। यही कारण है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में वर्ष 2007 से आयातित संक्रमित कुत्तों से फैलने वाले रेबीज की घटनाओं पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। आवारा कुत्ते द्वारा काटे जाने से बचाव मनुष्य के लिए बिल्कुल आसान है, फिर भी संक्रमित जंतुओं के काटने अथवा खरोचने की स्थिति में चिकित्सा विशेषज्ञ की परामर्श में इलाज कराना जरूरी होता है। अविलंब उपचार के द्वारा इससे होने वाली क्षति से बचा जा सकता है। पेट लवर्स अपने पेट्स के भोजन, स्वास्थ्य तथा उनकी स्वच्छता सफाई के प्रति बहुत सजग रहते हैं। फिर भी लोगों को दूसरों के पालतू कुत्तों से भी सजग और सावधान रहने की आवश्यकता होती है। पर्यटन स्थलों पर स्ट्रीट डॉग्स से बचना जरूरी है।

विश्व के अनेक देशों में अभी भी रेबीज के कारण बड़ी संख्या में लोगों और जंतुओं की मौतें होती हैं। प्रत्येक वर्ष 28 सितंबर को रेबीज से संबंधित किसी महत्वपूर्ण विषय यानी थीम पर केंद्रित "विश्व रेबीज दिवस" के रूप में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य विश्व स्तर पर जन सामान्य में रेबीज संक्रमण के विषय में जानकारी, उनसे बचाव के तरीके, निर्धारित समय पर वैक्सीन लगवाने जैसे पहलुओं पर जागरूकता फैलाना होता है। 28 सितंबर को विश्व प्रसिद्ध फ्रेंच केमिस्ट और माइक्रो बायोलॉजिस्ट लुइस पाश्चर की पुण्यतिथि भी है, जिन्होंने प्रथम रेबीज वैक्सीन को तैयार किया था। उनके योगदानों के संस्मरण में रेबीज के कारगर निवारण की दिशा में समुदाय के लोगों में जागरूकता फैलाना और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। वर्ष 2024 के "विश्व रेबीज दिवस" के लिए निर्धारित विषय है 'ब्रेकिंग रेबीज बाउंड्रीज' यानी 'रेबीज की सरहदें तोड़ना'। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार रेबीज की सुरक्षा में व्यापक टीकाकरण अभियान, जागरूकता फैलाने और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने को सुनिश्चित कर हम भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक बाधाओं के रूप में सीमाएं तोड़ सकते हैं। रेबीज संक्रमण पर काबू पाने की दिशा में आने वाली रुकावटों को दूर करना इस वर्ष के लिए निर्धारित थीम का हिस्सा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2030 तक विश्व को कुत्तों से फैलने वाले रेबीज से होने वाली मौतें बिल्कुल समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए विभिन्न देशों के बीच पारस्परिक सहयोग करने के साथ-साथ सरकारों, स्वास्थ्य संगठनों, वेटरनरी सेवाओं और समुदायों को मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

# आईटी हब बैंगलोर



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इन दिनों सिलिकॉन वैली के नाम से मशहूर हो चुके बैंगलोर में हूं। तमाम आईटी सेक्टर कंपनियों और अन्य सरकारी उपक्रमों के बड़े कार्यालय होने से इस जगमग क्षेत्र की रौनक देखने लायक है। आईटी कंपनियों के हब में देश के अनेक प्रांतों से आए युवा जगह-जगह चहल कदमी करते और ग्रुप्स में चाय पर चर्चा करते मिल जाएंगे। इलेक्ट्रोनिक सिटी में इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों की बहुलता से प्रदूषण काफी कम है। जगह-जगह कतार में खड़ी बैटरी वाली साइकिल जो मिरेकल के नाम से जानी जाती हैं। एक ऐप के जरिए पिन प्राप्त कर कम दूरी के लिए यूज करना बड़ा आसान है।

यहां गगन चुंबी इमारतें तो नहीं हैं, परंतु ऊंची-ऊंची इमारतों की भव्यता जरूर है। युवाओं और युवतियों के लिए बड़ी संख्या में पीजी मिल जाएंगे जो स्थानीय लोगों का साइड बिजनेस भी है। देश के सभी प्रांतों के युवाओं की उपस्थिति से अंग्रेजी, हिंदी, कन्नड़, मराठी, बंगला, भोजपुरी, तमिल, तेलगु आदि भाषाओं का मिश्रण सुना जा सकता है। यहां ओला या उबर के मुकाबले रैपिडो के माध्यम से बाइक, ऑटो और कैब का प्रयोग अधिक किया जाता है। वहीं देश की दुग्ध उत्पादन की दूसरी बड़ी कंपनी नंदनी का दूध अमूल के दूध के मुकाबले काफी ज्यादा होता है। स्थानीय दुकानदार भी इसी को प्रमोट भी करते देखे जा सकते हैं। शिक्षित लोगों का क्षेत्र होने से यूपीआई से पेमेंट बहुत ज्यादा है। 75 प्रतिशत लेन-देन इसी पद्धति से होता दिखाई दे रहा है।

कैश में लेन-देन काफी कम है। छोटे खुदरा दुकानदार, फड़ वाले, रेहड़ी वाले ऑटो पेटीएम पर ही पेमेंट लेना पसंद करते हैं। आईटी हब होने के साथ-साथ दुकानों, मॉल, घरेलू काम ऑटो और कार चलाने, स्विगी, ज़मोटो, ब्लिंकिट तथा सिक्युरिटी आदि के लिए अर्द्धकुशल और अकुशल सभी तरह के श्रमिकों की मांग बनी रहती हैं। बड़ी संख्या में प्रवासी यहां काम करते देखे जा सकते हैं। काश देश के अन्य बड़े शहरों में भी इस तरह का विकास हो सके।

# विरासत पार्क बनाने का शासन को भेजा प्रस्ताव

## विश्व पर्यटन दिवस पर कार्यक्रम में पर्यटन के महत्व को किया साझा, जनपद की धरोहरों के बाबत दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर जनपद के प्राचीन मंदिर मंगला काली पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन सदर विधायक गुड़िया कठेरिया, जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। विधायक ने कहा कि जनपद में पर्यटन को बढ़ावा देकर जनपद की विरासतों, धरोहरों तथा इतिहास की ख्याति दूर-दूर तक पहुंचेगी जिससे दूरस्थ से पर्यटक जनपद में आएंगे और जनपद की आर्थिक समृद्धि बढ़ेगी तथा ख्याति भी फैलेगी। साथ ही 10 एकड़ भूमि पर विरासत पार्क बनाने का प्रस्ताव पास कर शासन को भेजा गया।

जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा मिलने से संबंधित जनपद की ख्याति दूर-दूर तक पहुंचती है।



जनपद के इतिहास के संबंध में जिलाधिकारी को अवगत कराते भारत प्रेरणा मंच के महासचिव अविनाश अग्निहोत्री। अमृत विचार

जिससे बाहर से आने वाले पर्यटकों को जनपद के इतिहास तथा धरोहरों को देखने का अवसर तो मिलता ही है साथ ही जनपद विकास की ओर तेजी से अग्रसर होता है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि पर्यटन नीति के अंतर्गत जनपदों में ईको पार्क के निर्माण के साथ-साथ पुरानी विरासतों, धरोहरों को सुरक्षित किया जाए। जिससे वहां पर्यटकों की आवाजाही बढ़े और जनपद के ऐतिहासिक, पौराणिक विरासतों के संबंध में अधिक से अधिक लोगों को जानकारी हो। इसके फलस्वरुप उनके आने पर जनपद में रोजगार के अवसर पैदा हो और लोगों की आय में बढ़ोतरी हो। उन्होंने कहा कि पर्यटन नीति के अंतर्गत जनपद में 10 एकड़ भूमि पर बनने वाले विरासत पार्क (ईको) हेतु शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया जा रहा है। पार्क में जनपद की ऐतिहासिक, पौराणिक, धार्मिक विरासतों को संयोजा जाएगा। जहां जनपद की नई पीढ़ी को एक ही स्थान पर जानकारी प्राप्त होगी साथ ही लोगों को घूमने का अवसर भी मिलेगा।

इस अवसर पर वृक्षारोपण भी किया गया तथा उक्त के पश्चात मंगला काली परिसर में आने वाले भक्तों को ठंडा व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नगर पालिका परिषद औरैया द्वारा स्थापित कराए गए वाटर कूलर का विधायक द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। उक्त अवसर पर जनपद के भारत प्रेरणा मंच तथा जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में जनपद की मुगल कालीन, हड़प्पा काल की प्राचीन वस्तुओं, फोटो की प्रदर्शनी लगाई गई। इसके संबंध में भारत प्रेरणा मंच के महासचिव अविनाश अग्निहोत्री ने जनपद के इतिहास के संबंध में अवगत कराया साथ ही उन्होंने कहा कि प्रथम स्वाधीनता संग्राम ब्रिटिश सेना द्वारा ध्वस्त किए गए गांव भटपुरा को नई पहचान देने के साथ-साथ मंगला काली के बीहड़ क्षेत्र को पर्यटन के रूप में विकसित करने के लिए प्रयास किया जाएगा। पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष श्रीराम मिश्रा ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा मिलने से जनपद की पहचान बनेगी। मुख्य विकास अधिकारी राम सुमेर गौतम, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अनूप गुप्ता, जिला विकास अधिकारी करुणा पति मिश्र, सौरभ भूषण शर्मा, राहुल दुबे, कैप्टन निर्भय सिंह गुर्जर, ग्राम पंचायत खानपुर प्रधान सत्तार खां, कैप्टन नरेंद्र सिंह सेंगर, सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# व्यापार मंडल ने प्रशासनिक आदेशों के पालन का दुकानदारों को दिया निर्देश

संवाददाता अजीतमल,औरैया

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित एक मंदिर पर व्यापार मण्डल ने प्रशासन की ओर से दिए गए आदेशों के सहयोग में लिए कड़े फैसले लिए गए। साथ ही प्रशासनिक आदेशों की अवहेलना करने वाले व्यापारियों की मदद न करने की भी बात कही। कहा गया कि शासनादेश का पालन करना हर व्यापारी की जिम्मेदारी है।

शुक्रवार को बाबरपुर कस्बा स्थित संतोषी माता मन्दिर पर व्यापारियों की एक बैठक आहूत की गई। जिसमें प्रतिनिधि व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव पोरवाल, भारतीय स्वदेशी उद्योग व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष रवि वर्मा और अखिल भारतीय व्यापारी महा संगठन जिलाध्यक्ष अनिल गुप्ता के साथ संगठन के अन्य पदाधिकारियों ने इस बैठक में संयुक्त रूप से प्रतिभाग किया। बैठक में शुक्रवार को बन्दी रखने के प्रशासनिक आदेशों को मानने की बात कहते हुए सभी



बैठक करते व्यापार मण्डल के पदाधिकारी। अमृत विचार

व्यापारियों से शुक्रवार को बाजार बंदी में सहयोग की अपील की गई। वहीं उल्लंघन करने वाले व्यापारी को किसी भी व्यापारिक संगठन द्वारा मदद न करने की बात कही गई। वहीं व्यापारियों से फुटपाथ खाली करने तथा अतिक्रमण न करने की अपील की गई। निर्णय लिया गया कि आदेशों की अवहेलना करने पर की जाने वाली प्रशासनिक कार्यवाही में कोई भी व्यापार मंडल हस्तक्षेप नही करेगा। बैठक उपरांत सभी व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने बाजार में भ्रमण किया। दुकानों को बंद कर बाहर बैठे दुकानदारों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। योगेन्द्र पोरवाल, राजीव जैन, संतोष पोरवाल, शेष कुमार पोरवाल, वसंत, ध्रुव पोरवाल, अंकित पोरवाल नीतीश, राजीव कुमार जैन, किशनचंद्र सोनी, अभिषेक पोरवाल, हर्षित, जितेन्द्र गुप्ता, सक्षम पोरवाल उमंग, नादान सोनी, बबलू गुप्ता, विष्णु गुप्ता,सोनू गुप्ता, दिनेश गुप्ता, व्रजेश गुप्ता, राजीव पोरवाल, राजीव गुप्ता रहे।

## जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**औरैया।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुपालन में कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस का आन्तरिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षाकर्मियों की निर्धारित समय के अनुरूप ड्यूटी सुनिश्चित की जाये। सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का संचालन 24 घंटे होने का निर्देश दिया। सहायक निर्वाचन अधिकारी से कहा परिसर की सफाई दुरूस्त रहे। एडीएम (वि./रा.) महेंद्र पाल सिंह, सहायक निर्वाचन अधिकारी राविन्द्र, भाजपा कार्यालय प्रभारी सोनू सोनी, सपा कार्यालय प्रभारी रविन्द्र राठौर आदि मौजूद रहे।

## अति पिछड़ों को राजनीति में मजबूत होना बहुत जरूरी

संवाददाता फफूंद,औरैया

**अमृत विचार।** सुहेलदेव भारती समाज पार्टी के केबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के प्रतिनिधि के क्षेत्र में पहुंचे पर तमाम ग्राम प्रधानों और ग्रामीणों ने स्वागत किया। इस दौरान प्रतिनिधि ने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना और केबिनेट मंत्री को बताकर उसके समाधान का भी भरोसा दिया।

शुक्रवार शाम सुहेलदेव भारती समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश सरकार के केबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के प्रतिनिधि संजय बंजारा फफूंद पहुंचे जहां हसनपुर गांव में फतेहपुर बैनी के ग्राम प्रधान मोहम्मद वसीम के नेतृत्व में सैकड़ों मुस्लिम भाइयों ने उनका जमकर स्वागत किया।इसके बाद वह बिन्दपुर गांव पहुंचे जहां ग्राम प्रधान टीकमपुर प्रेमचंद्र के आवास पर प्रधान और ग्रामीणों ने स्वागत किया। इसके बाद वह ग्राम पंचायत खानपुर फफूंद पहुंचे जहां ग्राम प्रधान अशोक चक और बंजारा समाज के सैकड़ों लोगों ने स्वागत कर पगड़ी पहनाई। खानपुर में कहा कि बंजारा समाज अत्यंत पिछड़ा जाति में हैं सभी अति पिछड़ों को राजनीति में मजबूत होने की जरूरत हैं तभी समाज का उत्थान कर पाएंगे। इस मौके पर सल्हापुर ग्राम प्रधान उमेश चंद्र कुशवाह,प्रधान संगठन के ब्लाक भाग्यनगर अध्यक्ष राजकुमार सिंह,संत कुमार नायक,गौर सेना के प्रदेश अध्यक्ष मंगल आदि उपस्थित रहे।

## गेल गांव में नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता का संदेश

**औरैया।** स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत गेल डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने देर शाम शालीमार शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में जन जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। अपनी सशक्त प्रस्तुति से छात्रों ने उपस्थित जन समूह को अपने घरों के आसपास, स्टेशन सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता रखने और अन्य लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। गेल इंडिया के स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक को देखने अजय त्रिपाठी कार्यकारी निदेशक गेल इंडिया लिमिटेड और आरएस वेलमुरूगन (मुख्य महाप्रबंधक, मानव संसाधन) विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद की कार्यकारिणी का विस्तार

**औरैया।** गुरुवार की शाम दिबियापुर के रामगढ़ रोड पर स्थित गायत्री शक्तिपीठ के सभागार में अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद दिबियापुर की बैठक हुई। जिसमें नगर की कार्यकारिणी का विस्तार हुआ और कुछ दिनो पूर्व अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के प्रदेश महासचिव बने अजय गुप्ता पैराडाइज का परिषद के पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ हरी बाबू गुप्ता ने संगठन को मजबूत करने के लिए सुझाव दिए और समाज व जनहित के कार्यों में बढ़चढ़ कर सभी से शामिल होने की अपील की। प्रदेश महासचिव अजय गुप्ता पैराडाइज ने सभी से एकजुट रहने की अपील कर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। नगर अध्यक्ष विनोद पोरवाल विशाल ने दिबियापुर नगर कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश पोरवाल, आराधना, उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता तेल वाले, महामंत्री अमित गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रशांत गुप्ता शक्ति, संगठन मंत्री आलोक बाबू गुप्ता, मीडिया प्रभारी हिमांशु गुप्ता को मनोनीत किया। गौरव गुप्ता,राहुल गुप्ता, गोलू गुप्ता आदि मौजूद रहे।






समीक्षा बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

## भाजपा सदस्यता अभियान की मंडल समीक्षा में लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** भाजपा दिबियापुर मंडल सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक शुक्रवार को औरैया रोड पर स्थित अवंतिवाई पुस्तकालय में संपन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी आनंद सिंह ,पूर्व राज्यमंत्री लाखन सिंह,दिबियापुर चेयरमैन राघव मिश्रा,मंडल अध्यक्ष दिबियापुर जगमोहन सिंह चौहान, शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजेश अग्निहोत्री ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर बैठक की शुरुआत की।

कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी आनंद सिंह ने मंडल के पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र संयोजक को दिए लक्ष्य की प्रगति की समीक्षा की ,वही उन्होंने पदाधिकारियों को अपना अपना लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। पूर्व राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत ने कहा की सभी लोग जी जान से सदस्य बनाने में लग जाएं।

## प्रभु दर्शन में चलने से मजबूर लोगों की सहारा बनेगी व्हीलचेयर

**औरैया।** समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति द्वारा वृंदावन धाम में बांके बिहारी के दर्शन के लिए पैदल चलने से मजबूर बुजुर्गो के लिए व्हीलचेयर की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए समाजसेवी मनीष पुरवार हीरु, केलिफोर्निया यूएसए निवासी सिद्धार्थ बंसल ने अपने जन्मदिन पर व शहर के किराना व्यवसायी राजेश पोरवाल (रज्जे) द्वारा तीन नई व्हीलचेयर दी गई। इसे समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल द्वारा शनिवार को वृंदावन धाम के सेवादारों को सौंपी जाएगी। जिससे शारीरिक रूप से अस्वस्थ व पैदल चलने से मजबूर दूर-दराज से बिहारी जी के दर्शनों के लिए आए श्रद्धालुओं को व्हीलचेयर पर बैठकर प्रभु दर्शन होने से काफी सहूलियत मिलेगी।



दान की गई व्हीलचेयर।

### राइजिंग क्वींस ने बच्चों को दी स्पर्श के बारे में जानकारी

**औरैया।** राइजिंग क्वींस ने शुक्रवार को ज्ञान कुंज इंटरनेशनल स्कूल में जाकर बच्चों को स्पर्श के बारे में अवगत कराया। उनकों समझाया कि अच्छा और बुरा स्पर्श कैसा होता है। इनको इनका विरोध कैसे करना है। इस बारे में भी बताकर कहा कि जब भी उनके साथ कोई ऐसा करना चाहे तो उनको चिल्लाना है और दूर भाग जाना है ।और तुरंत अपने माता पिता या किसी बड़े को इसकी जानकारी देनी चाहिए । विद्यालय के संरक्षक ओम प्रकाश राजपूत ने सभी क्वींस के साथ मिलकर सभी बच्चों की स्पर्श के बारे में जानकारी दी। जायंट्स ग्रुप आफ़ राइज़िंग क्वीन्स की अध्यक्ष सपना गुप्ता, ज्वाइंट डीओए नंदनी सेंगर, ज्योत्सना, रजनी, निधि, संजू, स्वंजली आदि मौजूद रहीं।

आयोजन | संयुक्ता महिला समिति ने एनटीपीसी का दौरा किया, सामाजिक सेवा कार्यक्रम हुआ

# दृष्टिहीन छात्र–छात्राओं को बांटे शैक्षिक उपकरण

कार्यालय संवाददाता,औरैया


**अमृत विचार।** एनटीपीसी औरैया परियोजना में आंवला अमृत प्रोजेक्ट' का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर आंवला प्रसंस्करण के लिए प्रयुक्त मशीनों के अलावा जनपद औरैया के दृष्टिहीन दिव्यांग छात्र-छात्राओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से मोबिलिटी और शिक्षा संबंधी उपकरण वितरित किए गए। साथ ही विभिन्न सामाजिक सेवा कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।

परियोजना में दौरे के दौरान किरण सिंह, अध्यक्षा संयुक्ता महिला समिति ने एनटीपीसी की सीएसआर (कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) नीति के अंतर्गत मीनाक्षी श्रीवास्तव, वरिष्ठ सदस्या, संयुक्ता महिला समिति, चंदना कुमारी, वरिष्ठ सदस्या, संयुक्ता महिला समिति,अनुपमा श्रीवास्तव, महासचिव, संयुक्ता



दृष्टिहीन दिव्यांग छात्र–छात्राओं को शिक्षा संबंधी उपकरण वितरित करती अतिथि।

महिला समिति एवं संघमित्रा परिदा, अध्यक्षा, जागृति महिला मंडल की मौजूदगी में 'आंवला अमृत प्रोजेक्ट' का उद्घाटन किया। उन्होंने आंवला प्रसंस्करण के लिए प्रयोग होने वाली आंवला वॉशर मशीन, पंचिंग मशीन, क्रशर मशीन, ब्वाइलर मशीन, और आंवला उत्पाद पैकेजिंग मशीन का भी उद्घाटन किया। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य परियोजना प्रभावित ग्रामों की स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आंवला से मुरब्बा, कैंडी, अचार, लड्डू आदि उत्पाद तैयार कर आर्थिक रूप से सशक्त और स्वावलंबी बनाना है। जिससे वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। इसके अतिरिक्त, जनपद औरैया के दृष्टिहीन दिव्यांग छात्र-छात्राओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से मोबिलिटी और शिक्षा संबंधी उपकरण वितरित किए गए। जो उन्हें स्वतंत्र रूप से चलने-फिरने और पढ़ने-लिखने में सहायता प्रदान करेंगे। इस दौरान एनटीपीसी औरैया के कर्मचारी विकास केंद्र में सीएसआर. नीति के अंतर्गत जागृति महीला मंडल वेलफेयर "समर्पण" के सौजन्य से निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं को पोषण किट और स्टडी टेबल वितरित की गई,ताकि वे अपनी शिक्षा को सुचारू और प्रभावी रूप से जारी रख सकें और साथ ही उनके स्वास्थ्य में सुधार हो। किरण सिंह, अध्यक्षा संयुक्ता महिला समिति ने इन कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि एनटीपीसी का यह प्रयास समाज के वंचित वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने एनटीपीसी औरैया परियोजना की सामाजिक सेवा के प्रति प्रतिबद्धता की प्रशंसा की और इस दिशा में निरंतर कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर एनटीपीसी औरैया के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने कार्यक्रमों के सफल संचालन में योगदान दिया।



## एक नजर

### मारपीट करने का आरोप लगाया, तहरीर दी

**मौदहा।** छिरका गांव निवासी जगभान सिंह पुत्र छोटेलाल कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि गांव निवासी शिवकरण पुत्र छोटेलाल, कल्पना पत्नी शिवबरन, छोटे लाल पुत्र राम खिलावन संतोष पुत्र शिवराम चारों लोग एक राय होकर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पर मारापीटा। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### करंट की चपेट में आने से बालिका की हालत गंभीर

**मौदहा।** सिसोलर क्षेत्र के किशवाही गांव निवासी हरिओम सिंह चौहान की 9 वर्षीय पुत्री कोमल स्कूल जाने के लिए तैयार हो रही थी। तभी अंदर कुछ सामान लेने गई। जहां रखे बक्से पर करंट उतर रहा था। तभी सामान लेते समय वह करंट की चपेट में आ गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन आनन फानन में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### गांधी जयंती को लेकर बैठक

**हमीरपुर।** आगामी दो अक्टूबर गांधी जयंती की तैयारियों के संबंध में कार्यक्रमों की रूपरेखा निर्धारण के संबंध में जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि दो अक्टूबर का राष्ट्रीय पर्व गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाए। इसके अंतर्गत सभी कार्यक्रम पूर्व की भांति परंपरागत रूप से आयोजित किए जाएं। इस दिन विभिन्न विषयों जैसे सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, पर्यावरण प्रदूषण, प्लास्टिक मुक्त भारत जैसे विषयों पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाए। इसके अलावा पद यात्रा सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। बैठक में सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, एडीएम न्यायिक डॉ.नागेंद्र नाथ यादव, एडीएम वित्त एवं राजस्व, सीएमओ डॉ.गीतम सिंह, पीडी साधना दीक्षित, एलडीएम, नाबार्ड एवं आरबीआई के अधिकारी, बैंकर्स और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### महिला पर सियार ने किया हमला, अस्पताल में भर्ती

**मौदहा।** सिसोलर गांव निवासी मूलचंद की पत्नी सरवन (55) शुक्रवार को दोपहर में चार पांच अन्य महिलाओं के साथ गांव से कुछ दूर स्थित अपने खेत में तिल की कटाई करने गई थी। जिस समय वह कटाई कर रही थी, तभी पीछे से आए एक सियार ने झपट्टा मार कर उस पर हमला कर दिया। महिला ने उस पर हंसिए से वार करना चाहा। लेकिन उसने मुंह से हंसिया पकड़ लिया। जिससे अन्य महिलाएं भी भयभीत हो गई। लेकिन उनमें दो महिलाएं चिल्लाते हुए आगे बढ़ हमलावर हुई। जिससे उक्त सियार उसे छोड़कर भाग निकला। लेकिन हमले से महिला लहूलुहान हो गई। सूचना पर परिजन उसे तत्काल कस्बे के सरकारी अस्पताल लाए। जहां उसका इलाज जारी है। मूलचंद ने बताया कि सियार के भय से खेतों में महिलाएं काम करने से कतरा रहे हैं।

### दो लोगों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट

**कुरारा।** कस्बे के वार्ड 8 में अंडा बेचने वाले युवक व उसकी पत्नी के साथ शराब के नशे में दो लोगों द्वारा गाली गलौज मारपीट करने पर पीड़ित ने मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है।

कस्बा के वार्ड 8 कलारी मोहाल निवासी रवि पुत्र रोहिताश ने थाने में दी तहरीर में बताया की कस्बे के इंडियन बैंक के पास अंडा की दुकान लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। बीते गुरुवार को वार्ड का लल्लू पुत्र सोहनलाल, गुड्डू पुत्र सोहनलाल शराब के नशे में आकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी डंडों से मारपीट की। बीच बचाव करने आई पत्नी के साथ भी मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पिता-पुत्र ने एक ही परिवार के तीन लोगों को पीटा

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के धनौरा गांव में घरेलू विवाद के चलते पिता पुत्र ने अपने ही परिवार के तीन लोगों को मारापीटा। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। धनौरा गांव निवासी धीरेंद्र कुमार पुत्र हरचरन ने तहरीर देकर बताया कि वह अपने घर के अंदर घरेलू कार्य कर रहा था। बताया कि उसी दौरान उसके परिवार का विपिन उसे देखकर गालियां देने लगा। बताया कि जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो आरोपी युवक ने अपने पिता को बुलाकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट होती देखकर जब उसकी पत्नी राजकुमारी और उसकी भाभी अजेश कुमारी पत्नी प्रेमनारायण उसे बचाने के लिए दौड़ी तो आरोपियों ने उसकी पत्नी राजकुमारी और भाभी अजेश कुमारी के साथ भी जमकर मारपीट कर दी।

# सरीला में गला घोंटकर महिला की निर्मम हत्या

## एक महिला की हत्या के प्रयास के केस में पैरोल पर थी महिला

संवाददाता, राठ/ सरीला

- पुलिस ने छानबीन के दौरान कमरे से शराब की खाली शीशी बरामद की
- नाक से निकल रहा था खून दुराचार की आशंका पर स्लाइड बनाई गई

**अमृत विचार।** सरीला कस्बे के गुरुदेवपुरा मुहाल में 40 वर्षीय तलाकशुदा महिला का शव घर में मिला है। नाक से खून निकल रहा था, जिससे गला घोंटकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव के पास शराब की खाली शीशी बरामद की है। महिला हत्या के प्रयास में जेल से पेरोल पर बाहर आई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। दुष्कर्म की आशंका पर स्लाइड भी बनाई गई है।

सरीला कस्बे के गुरुदेवपुरा मुहाल निवासी रघुवीर ने शुक्रवार को बताया कि उसकी चचेरी बहन सावित्री (40) संदिग्ध हालात में अपने घर के कमरे में मृत अवस्था में पड़ी मिली है। उसके नाक से खून निकल रहा था, जिस पर गला घोंटकर हत्या किए जाने का आशंका जताई है। इस मामले की खबर फैलते ही मोहल्ले में सनसनी सी फैल गई। भाई ने बताया कि वर्ष 2003 में सावित्री की शादी महोबा जिले के करहरा कला के विवेक यादव के साथ हुई थी। पति-पत्नी में विवाद के बाद से सावित्री अपने पिता रामप्रसाद के साथ मायके में रहती थी। वह अपने माता-पिता की अकेली संतान थी।

माता-पिता की मौत के बाद से चचेरा भाई रघुवीर उसकी देखभाल करता था। उसकी पैतृक जमीन भी वह बटाई पर लिए था। रघुवीर ने बताया कि वर्ष 2015 में एक निजी नलकूप पर महिला से विवाद में सावित्री ने उसे पर तमंचे से फायर कर दिया था, जिसमें गोली लगने से वह घायल हुई थी। पीड़ित महिला की तहरीर पर सावित्री के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मामला दर्ज हुआ था और वह जेल गई थी। लगभग दो साल जेल काटने के बाद वह पेरोल पर बाहर आई थी।

सीओ घनश्याम सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया महिला की गला घोंटकर हत्या किए की बात सामने आ रही है। अभी तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हत्या के कारणों का पता चल सकेगा। दुष्कर्म की जांच के लिए स्लाइड बनाई गई है। जरिया थानाध्यक्ष भरत कुमार ने बताया कि रघुवीर की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना की जानकारी मिलते ही फील्ड यूनिट टीम और अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता ने घटनास्थल पहुंचकर छानबीन की। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# हत्या के मामले में दो दोषियों को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



- अदालत ने लगाया 40 हजार रुपये का अर्थदंड
- एक आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर

**अमृत विचार।** हत्या के साढ़े 10 साल पुराने मामले में अदालत ने फैसला सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश ईसी एक्ट स्वाती की अदालत ने दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। प्रत्येक पर कोर्ट ने 40 हजार का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना जमा न करने पर एक साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामले का तीसरा आरोपी अभी पुलिस की पकड़ दूर है। जिसकी फाइल अलग कर दी गई है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जगदीश अनुरागी ने बताया कि कोतवाली मौदहा कस्बे के पूर्वी तरौस वार्ड दो मोहल्ला निवासी पीड़ित मां हफीजन पत्नी अली हुसैन ने आठ अक्तूबर 2013 को तहरीर दी थी। जिसमें बताया था कि उसके दो बेटे हैं। बड़ा बेटा शकील मोहम्मद मेहनत मजदूरी करता है। जबकि छोटा बेटा गोविंदा सीधा सादा है। जो मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है।

बताया पड़ोस में नानी के घर रह रहा बबलू निवासी पलहरी थाना अतर्रा जिला बांदा, रफीक निवासी गरीबा बाबा कालोनी मराठीपुरा व इदरीश निवासी पूर्वी तरौस स्टेशन रोड छह अक्तूबर 2013 की शाम करीब छह बजे उसके छोटे बेटे को इचौली की ओर जाने की बात बहू से कहकर ले गए थे। दूसरे दिन सुबह बबलू व रफीक कस्बा आ गए। शाम को इदरीश आया तो उसने उन तीनों से अपने बेटे के बारे में पूछताछ की लेकिन कोई भी संतोषजनक उत्तर नहीं दे रहे हैं और न ही उसके बेटे के बारे में सही से बता रहे हैं। मामले में पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच के दौरान युवक का शव जनपद बांदा के मटौध के करछा नाला में उतराता मिला था। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था। जिसकी सुनवाई करते हुए अदालत ने दोषी बबलू व रफीक को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अर्थदंड की आधी धनराशि पीड़ित पक्ष को दिए जाने का आदेश दिया है। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि तीसरा नामजद आरोपी इदरीश को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है। जिसके चलते कोर्ट ने आरोपी की फाइल अलग कर दी है। जो अभी भी विचाराधीन है।

## गैर इरादतन हत्या मामले में 7 साल का कठोर कारावास

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** गैर इरादतन हत्या के 11 साल पुराने मामले में अपर सत्र न्यायाधीश ईसी एक्ट स्वाती की अदालत ने दोषी को सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 13 हजार का अर्थदंड लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। जुर्माने की आधी धनराशि पीड़ित पक्ष को देय होगी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जगदीश अनुरागी ने न्यायालय को बताया कि सुमेरपुर थानाक्षेत्र के कस्बा मोहल्ला कपरिया चांद थोक निवासी धर्मपाल वर्मा ने पांच सितंबर 2013 को तहरीर दी थी। पुलिस को बताया था कि चार सितंबर 13 को रात करीब 11 बजे वह अपने दरवाजे पर बैठा था। तभी मनीष कुमार सोनकर ईटा पत्थर फेंकने को लेकर गाली गलौज करने लगा। जब उसने उसे गाली गलौज करने से मना किया तो उसने उसके सिर में डंडा से हमला कर दिया। जिससे उसे गंभीर चोंट आई हैं। पीड़ित की आठ सितंबर 13 को इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्जकर आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था। जिसकी सुनवाई करते हुए अदालत ने दोषी मनीष को सात साल की सजा सुनाई है।

# दो साल की बच्ची के साथ रेप, आरोपी फरार

संवाददाता, सरीला

- मां की तहरीर पर युवक के खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार।** जलालपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में दो साल की बच्ची के साथ दुराचार का मामला प्रकाश में आया है। मां की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। घटना के बाद आरोपी फरार है।

क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को बताया कि गुरुवार को वह मजदूरी पर फसल काटने गई थी। घर में 5 साल का बेटा और 2 साल की बेटी थी, तभी गांव का देवकरन घर आया और बेटे को बाहर भेजने के बाद बच्ची को कमरे में ले गया। उसके साथ दुराचार किया, जिससे वह लहूलुहान होकर रोने लगी। इसी बीच उसका बेटा पहुंचा तो उसके साथ मारपीट कर भाग गया। महिला का आरोप है कि जब वह शाम को घर पहुंची तो बच्ची की हालत देखकर बेटे से पूरी घटना पूछने के बाद मोहल्ले के लोगों को जानकारी दी। थानाध्यक्ष बृजमोहन ने बताया कि मां की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट का मामला दर्ज किया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। सूचना पर एएसपी मनोज कुमार गुप्ता ने पहुंचकर घटना की जानकारी ली। बच्ची को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

# हैमर थ्रो में आशुतोष को मिला प्रथम

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



गोला फेंक प्रतियोगिता में भाग लेता छात्र। अमृत विचार

**अमृत विचार।** समाज कल्याण विभाग के निदेशक के दिशा निर्देश पर सर्वोदय विद्यालय में जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें गोला फेंक एवं हैमर थ्रो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य मंगला प्रसाद ने बताया कि 27 सितंबर से 3 अक्टूबर तक खेलकूद प्रतियोगिता होगी। इस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी 27 से 30 अक्टूबर तक मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रतिभा करेंगे। व्यक्तिगत प्रतियोगिता में बैडमिंटन, कैरम बोर्ड, एथलेटिक्स, कुश्ती शामिल है। टीम के रूप में कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, रस्साकशी आदि खेलकूद प्रतियोगिताएं होगी। शुक्रवार को खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन जिला समाज कल्याण अधिकारी रामशंकर पटेल, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कुंडौरा अरविंद प्रताप सिंह यादव व प्रधानाचार्य मंगला प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता के पहले दिन सीनियर वर्ग में गोला फेंक में कक्षा 9 के छात्र अमन व हैमर थ्रो में कक्षा 11 के छात्र आशुतोष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह जूनियर वर्ग में गोला फेंक में कक्षा 8 के छात्र अभिषेक व हैमर थ्रो में इसी कक्षा के छात्र शिवा सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अधिकारियों ने प्रथम स्थान वाले छात्रों को सम्मानित किया।

## सार-संक्षेप

### साइबर टीम ने ऑनलाइन ठगी कराने वाले को पकड़ा

**हमीरपुर।** थाना साइबर क्राइम की टीम ने अस्पताल खुलवाने व बच्ची का इलाज करवाने के नाम पर धोखाधड़ी कर 5 लाख 73 हजार 470 ठगी करने वाले साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। साइबर क्राइम पुलिस ने अस्पताल खुलवाने व बच्ची का इलाज करवाने के नाम पर धोखाधड़ी कर 5 लाख 73 हजार 470 ठगी कराने के मामले में संलिप्त साइबर अपराधी रमेश राजपूत उर्फ अनिल पुत्र करन सिंह निवासी ग्राम सिकरोधा थाना चिकासी, हाल मुकाम दाता गढ़ी सिकंदरपुरा थाना राठ को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह चायनीज कीपैड मोबाइल का उपयोग कर पुरुष, महिला व बच्ची की आवाज में बात कर लोगों को डॉक्टर, नर्श व बीमार बच्ची बताकर अपने जाल में फंसाता था। उसने वीरेन्द्र सिंह पुत्र हरनाम सिंह निवासी कस्बा व थाना चिकासी से अस्पताल खुलवाने का लालच देकर 1,13,470 रुपये की धनराशि का फ्रॉड किया गया। जबकि मुन्नालाल निषाद पुत्र स्व. रामचरन निवासी टोला खंगारन थाना चिकासी से 4 लाख 60 हजार का फ्रॉड किया गया। मामले में पीड़ितों ने साइबर थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था।

### कैथी में बनेगा उच्च प्राथमिक विद्यालय का नया भवन

**सुमेरपुर।** क्षेत्र के कैथी गांव में उच्च प्राथमिक विद्यालय के जूनियर भवन के निर्माण के लिए सदर विधायक ने हवन कर भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि साढ़े तेईस लाख की लागत से बनने वाले इस भवन से छात्र छात्राओं को और अधिक सुविधा मिलेगी। ग्राम प्रधान कैथी अरिमर्दन सिंह की अध्यक्षता में उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट में विद्यालय भवन निर्माण का भूमि पूजन एवं शैक्षिक संगोष्ठी संपन्न हुई। मुख्य अतिथि सदर विधायक डॉ.मनोज कुमार प्रजापति व विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह, खंड विकास अधिकारी बिपिन कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर सिंह गौतम ने हवन कर भूमि पूजन करके नींव की प्रथम ईंट रखकर शिलान्यास किया। कार्यक्रम में शिक्षक अंबरीश कुमार, श्यामबाबू, रघुनंदन, ओमनारायण विश्वकर्मा, राजेंद्र कुमार वर्मा, हेतराम, राहुल, चंद्रप्रभा सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक राजेश कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन मुनीर खान एवं शिक्षक अंबरीश कुमार ने किया।

### दो ग्राम पंचायतों में लगी चौपाल, सुनी गईं समस्याएं

**कुरारा।** क्षेत्र की दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें वृद्धा पेंशन, पीएम आवास का मुद्दा छाया रहा। मौके पर 5 शिकायतों का निस्तारण किया गया। क्षेत्र के मनकी खुर्द गांव में शुक्रवार को ग्राम प्रधान धर्मेंद्र अनुरागी की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, ग्राम चौपाल में गांव की पुनिया ने वृद्धा पेंशन न मिलने की शिकायत की जिस पर विभाग द्वारा ऑनलाइन कराया गया। इंद्रा देवी ने पीएम आवास न मिलने की शिकायत की। जिस पर विभाग द्वारा सर्वे करा कर पात्रता सूची में नाम दर्ज करने की बात कही। सरिता ने पीएम आवास की मांग की, जिस पर विभाग द्वारा सर्वे कर लाभ देने की बात कही। वही क्षेत्र के जमरेही तीर गांव में डॉ.राहुल कुमार की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें राजकुमार ने वृद्धा पेंशन न मिलने की शिकायत की। इंदिरा ने शौचालय की मांग की। मौके पर सभी शिकायतों का निस्तारण किया गया। बैठक में सचिव जमाल अहमद, आंगनबाड़ी, आशा, एएनएम आदि मौजद रहे।

### महाविद्यालय में उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यशाला

**हमीरपुर।** स्वदेशी जागरण मंच द्वारा स्वावलंबी भारत अभियान के तहत ॐ हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुण्डौरा में उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए स्वदेशी जागरण मंच लखनऊ के क्षेत्रीय समन्वयक अनुपम श्रीवास्तव ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के छात्र-छात्राओं से कहा कि वर्तमान में युवाओं के समक्ष रोजगार प्राप्त करने की गंभीर चुनौतियां हैं। युवा वर्ग शासकीय सेवाओं की ओर आकर्षित तो हो रहे है। लेकिन उन्हें अधिक सफलता नहीं मिल रही है। ऐसी स्थिति में वह स्वरोजगार की ओर अपने कदम बढ़ाते हुए दूसरों को रोजगार देने वाला बने। युवाओं को अपना स्वयं का स्टार्टअप प्रारंभ करना चाहिए।

# हादसे में बेटे की मौत, मां घायल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



घायल महिला को निकालती पुलिस।

**अमृत विचार।** ई रिक्शा में पत्नी व बेटे को लेकर मुख्यालय आते समय नेशनल हाईवे में कुछेछा मोड़ के पास पीछे से आ रही डीसीएम ने टक्कर मार दी। जिससे बेटे की मौके पर मौत हो गई। जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची कुछेछा चौकी प्रभारी ने दोनों को जिला अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सकों ने बेटे को मृत घोषित कर दिया। जबकि महिला की हालत गंभीर होने पर कानपुर रेफर कर दिया।

सदर कोतवाली के कुछेछा निवासी रामप्रकाश निषाद अपनी पत्नी मुलिया (55) व पुत्र नरेंद्र कुमार (20) को लेकर ई रिक्शा से शाम करीब 5 बजे मुख्यालय आ रहा था। तभी नेशनल हाईवे में किनारे कुछेछा मोड़ के पास ई रिक्शा खड़ा करके पास की दुकान में गुटखा लेने चला गया। तभी पीछे से आ रही डीसीएम ने ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा में बैठी रामप्रकाश की पत्नी व पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर कुछेछा चौकी प्रभारी राहुल मिश्रा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने नरेंद्र को मृत घोषित कर दिया। जबकि मुलिया की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी हाउस में रखवा दिया है।

### बाइक की टक्कर से छात्र गंभीर रूप से घायल

**मौदहा।** सिसोलर कस्बे में स्कूल जा रहे एक छात्र को बाइक सवार इसी स्कूल के छात्र ने जानबूझकर उसे दो बार टक्कर मारी। जिससे वह पुलिया के नाले में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बेहोशी हालत में राहगीर उसे उठाकर गांव ले गए। बाद में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित के बड़े भाई संदीप कुमार निवासी खैरी गांव जैसे सोलर पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसका छोटा भाई सुबह 7:30 बजे अपनी साइकिल से स्कूल जा रहा था। तभी गांव का ही सत्यम यादव जो बाइक से स्कूल जा रहा था। उसने उसे टक्कर मार दी। इस पर छोटा भाई नाराज हुआ तो उसने दूसरी बार जोर की टक्कर मार दी। जिससे उसका भाई छिटक कर सड़क के नीचे नाले में गिर गया। उसने कार्यवाही की मांग की है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।



एक दिन के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी बनी छात्रा मोनिका और मौजूद लोग।

# मोनिका एक दिन की बनी जिला प्रोबेशन अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिले की मेधावी छात्रा को एक दिन के लिए प्रोबेशन अधिकारी बनाया गया।

जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस सप्ताह 15 से 25 सितंबर तक मनाया जाता था। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एक दिन की नायिका के रूप में राजकीय इंटर कालेज की मेधावी कक्षा 11 की छात्रा मोनिका को प्रोबेशन अधिकारी की सीट पर बैठकर सेवा दिए जाने का मौका दिया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार बेटियों की सुरक्षा को लेकर दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ काम कर रही है। छात्राओं को अच्छी से अच्छी शिक्षा प्राप्त हो, इसके लिए वित्तीय मदद भी की जा रही है। सरकार का मुख्य उद्देश्य मातृशक्ति को सुरक्षा प्रदान कर विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ाना है। उन्होंने मोनिका को एक दिन के लिए प्रोबेशन अधिकारी के पद पर आसीन होने की शुभकामनाएं दी।

**दिशा-निर्देश** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की हुई बैठक

# किसानों की आमदनी बढ़ाने का करें प्रयास

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



जिला सलाहकार समिति की बैठक लेते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में बैंक की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई, जिसमें जनपद में अधिक से अधिक पात्र लोगों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने पर जोर दिया।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं जिस उद्देश्य से बनाई गई हैं उनका उद्देश्य पूरा होना चाहिए। इसके लिए बैंकों द्वारा ऋण देने में टालमटोल न किया जाए। लोगों को कौशल विकास से जोड़कर प्रशिक्षण दिलाया जाय। लोगों को विभिन्न प्रकार की ग्रामीण गतिविधियों यथा मशरूम उत्पादन, ड्रैगन फ्रूट उत्पादन, पॉलीहाउस, बागवानी आदि से जोड़कर आमदनी बढ़ाने का प्रयास किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में अधिक से अधिक पात्र लोगों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में आच्छादित किया जाए। ऋण आवेदन कर्ताओं को अनावश्यक परेशान न किया जाए। बैठक में सभी सरकारी योजनाओं के विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की। पंजाब नेशनल बैंक के सीडी रेशियो में खराब प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए इसमें सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में जो भी आवेदन पत्र लंबित है, उनका शीघ्रता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, एडीएम न्यायिक डॉ.नागेंद्र नाथ यादव, एडीएम वित्त एवं राजस्व, सीएमओ डॉ.गीतम सिंह, पीडी साधना दीक्षित, एलडीएम, नाबार्ड एवं आरबीआई के अधिकारी, बैंकर्स तथा अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### घर लौट रहे युवक को रास्ते पर रोककर पीटा

**राठ।** राठ के नहर बाईपास पर सब्जी लेकर घर जा रहे एक युवक के साथ दो युवकों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। कांशीराम कॉलोनी निवासी महेंद्र पुत्र जगदीश ने कोतवाली में शिकायत कर बताया कि शुक्रवार की सुबह वह सब्जी लेकर वह अपने घर जा रहा था। रास्ते में नहर बाईपास पर उसे मोहल्ले के दो युवकों ने उसे रोक लिया। बिना वजह युवक उसे गाली देने लगे। जब उसने गाली देने से रोका तो उसे पीटा।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)**

पत्राक: 1179 / न0पा0 प0- राठ / म्यु0सू0 /2024-25/ दिनांक: 12/09/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती तारा देवी पत्नी रामऔतार | श्री राजबहादुर पुत्र बृजकिशोर | सिकन्दरपुरा -2 | 04 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, राठ - हमीरपुर**

**न्यायालय जनपद न्यायाधीश हमीरपुर जिला हमीरपुर**

सिविल अपील नं.43 सन 2023

1-मैकूपाल (मृतक दिनांक -20-02-2019) पुत्र सुदर्शन पाल निवासी ग्राम टिकरौली परगना सुमेरपुर तहसील व जिला हमीरपुर उत्तर प्रदेश, 1/1-भूरी बेवा मैकूपाल (मृतक), 1/2-श्री रामजीवन पाल पुत्र स्व. मैकूपाल निवासीगण ग्राम टिकरौली परगना सुमेरपुर तहसील व जिला हमीरपुर उत्तर प्रदेश

बनाम

5/1/2-रामकली बेवा रामऔतार 5/1/3-दीपक, 5/1/4-संदीप पुत्रगण रामऔतार 5/1/5- कु. कंचन, 5/1/6-कु. ज्योति पुत्रीगण रामऔतार सरपरस्त माँ रामकली समस्त निवासीगण मौजा टिकरौली परगना सुमेरपुर तहसील व जिला हमीरपुर उत्तर प्रदेश हाल मुकाम मौजा रामपुर तहसील घाटमपुर जिला कानपुर नगर उत्तर प्रदेश -प्रतिवादीगण

चूंकि उपरोक्त नामांकित मैकूपाल (मृतक), भूरी आदि ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अपील स्वीकार की जावे तथा आदेश आधीनस्थ न्यायालय निरस्त करने हेतु अतएव आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए 16-10-2024 के दिवस को 10 बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुष्टि अपने अधिवक्ता द्वारा उपर्सजाता हूं और ऐसा करने में असफल रहने पर उनके आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जाएगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 27-09-2024 के दिवस को निकाली गई है।

**न्यायालय जनपद न्यायाधीश हमीरपुर जिला हमीरपुर**

# जमीन पर बैठकर पढ़ते बच्चे, गंदा शौचालय, रास्ते में खुली नाली

हरीनारायण पांडेय,रामनगर(चित्रकूट)


इस तरह बैठकर पढ़ते हैं बच्चे।


रास्ते पर खुली पड़ी नाली।



रामनगर का कंपोजिट विद्यालय बरिया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों के रखरखाव में हर साल लाखों खर्च होता है पर कई जगहों पर इनकी हालत देखकर जिम्मेदारों की गंभीरता पर गंभीर सवाल उठते हैं। आकांक्षी ब्लाक के ग्राम पंचायत बरिया के कंपोजिट विद्यालय का भी यही हाल है। यहां नौनिहालों के बैठने के लिए बेंच तक नहीं हैं, बच्चे जमीन पर टाट पट्टी पर बैठकर पढ़ाई कर रहे हैं, शौचालय गंदा पड़ा है, आसपास भी गंदगी का माहौल है। आरोप यह भी है कि यहां लकड़ियों पर खाना बनता है।

राजापुर-हटवा-मऊ संपर्क मार्ग से लगे कंपोजिट विद्यालय में ग्राम पंचायत ने शौचालय व बाथरूम बनवाया जरूर गया है लेकिन देखने से नहीं लगता है कि वह प्रयोग करने के लायक है। दुर्गेश मिश्रा, रमाशंकर, भैरव प्रसाद, बरमदीन, धर्मेंद्र कुमार अभिभावक शिकायत करते हैं कि बच्चे गंदगी देख अंदर नहीं जाते। यह भी जानकारी मिली कि सफाईकर्मी विद्यालय नहीं आता। स्कूल में नामांकित छात्र संख्या 292 है। अभिभावक रोष जताते हैं कि स्कूल को कंपोजिट ग्रांट मिलने के बाद भी उसका समुचित प्रयोग नहीं किया जा रहा। मार्ग से लेकर स्कूल के अंदर तक पानी देख किसी को भी अच्छा नहीं लगेगा। दीवारों पर लगी काई देख लगता नहीं है कि इस स्कूल की पुताई हुई है।


स्कूल में बना चूल्हा और उस पर रखी लकड़ियां।


यह है स्कूल का शौचालय।

### जब जानकारी देंगे तभी समस्या निपटेगी- सचिव

उधर सचिव प्रियंवदा पांडेय ने बताया कि मुख्य सड़क के बगल में क्षेत्र पंचायत ने नाला निर्माण कराया था। स्कूल मार्ग पर नाले के ऊपर पटिया रखवाई थी, जिसे कोई उठा ले गया। बरसात खत्म होने के बाद जल्द ही इसे बनवाने का प्रयास करते हैं। सचिव ने बताया कि विद्यालय के अध्यापकों द्वारा समस्या की जानकारी नहीं दी जाती है अन्यथा ग्राम पंचायत क्यों सहयोग नहीं करेगी।

- जिम्मेदारों को आइना दिखाता है कंपोजिट स्कूल बरिया
- दीवारों पर लगी है काई, स्कूल में सालों से नहीं हुई पुताई

### मतभेद की वजह से दिक्कत

बीईओ एनपी सिंह का कहना था कि यहां प्रधान व प्रधानाध्यापक के बीच मतभेद है। इसलिए विद्यालय प्रभावित हो रहा है। विवाद के समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं। गैस चूल्हे व बर्तन तक की खरीद नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही वहां जाकर निरीक्षण करेंगे।

### फर्जी हस्ताक्षर से निकाल रहे पैसा- विक्रमादित्य

प्रधान पति विक्रमादित्य ने बताया कि वह स्कूल में सालों से नहीं गए। आरोप लगाया कि वहां जाने पर गालीगलौज की जाती है। प्रधानाध्यापक का यह कहना होता है कि यह स्कूल प्रधान या किसी की धरोहर नहीं है। आरोप लगाया कि एक वर्ष से बिना प्रधान के हस्ताक्षर के पैसा निकाल रहे हैं। इसकी शिकायत डीएम, बीईओ व बैंक शाखा तक से की जा चुकी है।

### खुले नाले से होती है दिक्कत

मुख्य मार्ग के बगल में नाले को बंद न कराने से छोटे बच्चों को बड़ी दिक्कत होती है। कभी कभी बच्चे इसमें गिर तक जाते हैं। स्कूल में आठ शिक्षक हैं। चार रसोइया हैं। अभिभावकों ने आरोप लगाया कि मिडडे मील चूल्हे में बनता है। स्कूल में बना चूल्हा और उस पर रखी लकड़ियां इसकी गवाही दे रही थीं। इस मामले में जब इंचार्ज प्रधानाध्यापक लल्लू लाल से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने गूगल मीटिंग में व्यस्त होने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया।

# खेत से लौट रहे युवक की सांड़ की टक्कर से मौत

## सेमरवार गांव में हुआ हादसा, अचानक सामने आया अन्ना गोवंश

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट


नावेद।

**अमृत विचार।** अन्ना गोवंशों का आतंक रुक नहीं रहा। एक अन्ना गोवंश ने एक युवक की जान ले ली। खेत से आते समय एक सांड़ ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से घर में हाहाकार मच गया।

जिला मुख्यालय में लाख आदेश निर्देशों के बाद भी अन्ना जानवरों का आतंक रुकने का नाम नहीं ले रहा। अक्सर इनकी वजह से दुर्घटनाएं हो जाती हैं और लोगों को असमय काल के गाल में समाना पड़ता है। ऐसी ही दुखद घटना गुरुवार देर शाम को हुई। जानकारी के मुताबिक, थाना कर्वी अंतर्गत सेमरवार गांव निवासी वकील खान का 25 वर्षीय पुत्र नावेद खान शाम लगभग सात बजे अपने खेत से घर लौट रहा था। पोस्टमार्टम हाउस में चाचा वसीम खान ने बताया कि रास्ते में उसकी बाइक को अचानक सड़क पर आए सांड़ ने टक्कर मार दी, जिससे वह बाइक समेत सड़क पर गिर पड़ा। गंभीर चोटें आने की वजह से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना जब घर पहुंची तो रोना पीटना मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रगौली चौकी प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि परिजनों ने तहरीर में दुर्घटना की वजह अन्ना गोवंश बताई है। बताया कि युवक खेत से लौट रहा था कि अचानक सांड़ सामने आने से वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सींगों में फंसने से युवक की मौत हो गई।


पोस्टमार्टम हाउस में बैठे परिजन। अमृत विचार

### जल्द ही कुवैत जाने वाला था

परिजनों ने बताया कि नावेद पहले पूना में नौकरी करता था। वह वहां से दो महीने पहले ही लौटा था। अब उसको सात अक्टूबर को कमाई के लिए कुवैत जाना था। घर में हंसी खुशी और उम्मीदों का माहौल था, जिसे एक हादसे ने गम में तब्दील कर दिया।

### जनवरी में हुई थी शादी

परिजनों ने बताया कि नावेद की इसी साल 27 जनवरी को शादी हुई थी। उसकी शहनाज पत्नी का मायका राजापुर के रायपुर में है। शहनाज गर्भवती है। दो भाई और दो बहनों में सबसे बड़े नावेद की ही शादी हुई थी।

## बेटी का हुआ अपहरण पर पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही

**मऊ (चित्रकूट)।** थानांतर्गत एक गांव निवासी महिला का आरोप है कि उसकी नाबालिग बेटी का दो युवकों ने अपहरण कर लिया। इस संबंध में थाने में बताने के बाद भी बिटिया का पता नहीं लगाया जा रहा। उधर, मामले की विवेचना कर रहे अधिकारी का कहना है कि जल्द ही किशोरी का पता लगा लिया जाएगा।

किशोरी की मां ने बताया कि एक सितंबर को उसकी 16 साल की बेटी को धर्मेंद्र और उसका भाई अर्जुन पुत्र छेदीलाल जबरन कहीं लेकर चले गए। आरोपियों ने उसके पति से कई बार मारपीट भी की थी। उसने बताया कि वह इस संबंध में कई बार थाने जा चुकी है।

मुख्यालय में भी अफसरों से गुहार लगा चुकी है पर बिटिया का पता नहीं लगाया जा रहा। उधर, मामले की विवेचना कर रहे खंडेहा चौकी प्रभारी विनयविक्रम सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। एक आरोपी की लोकेशन दूसरे राज्य में मिल रही है। जल्द ही किशोरी का पता लगा लिया जाएगा। आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# प्रधानाध्यापकों पर खाद्यान्न गायब करने का आरोप

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

- शिक्षकों ने आरोपों को बताया निराधार

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत कटैया खादर के पंचायत भवन में संचालित प्राथमिक विद्यालय व उच्च प्राथमिक विद्यालय पर ग्रामीणों ने लगभग 52 बोरी (26 क्विंटल) मिडडे मील का गेहूं-चावल कोटेदार के यहां से उठाकर गायब करने का आरोप लगाया है। हालांकि आरोपी अध्यापकों ने इसे गलत बताया है।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव के कोटेदार के घर के बगल में रहने वाले व्यक्ति के वाहन से वे खाद्यान्न लादकर ले गए थे। उस दौरान गांव के लोगों ने इसे देखा भी है। इस दौरान वाहन स्वामी ने भी स्वीकार किया कि उसे किराया मिला तो अपनी गाड़ी भेज दी, जो शिक्षक के घर सिरावल तक गई है। उसने अनुरोध किया कि गांवदारी के कारण इस विवाद से उसे दूर रखा जाए। यदि जरूरत पड़ेगी तो सामने आऊंगा। उधर, जब प्राथमिक विद्यालय में जाकर इस खाद्यान्न की जानकारी की गई तो दोनों का खाद्यान्न 15 बोरी रखा मिला। बताया गया कि जगह नहीं होने से प्राथमिक विद्यालय व उच्च प्राथमिक विद्यालय का भोजन एक साथ बनता है और दोनों विद्यालयों के बच्चे एक साथ भोजन करते हैं। प्राथमिक विद्यालय में भवन न होने से यह नौबत आई है। उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम बालक सिंह ने आरोपों से इंकार किया। कहा कि हमारा विद्यालय अभी माइनस पर चल रहा है (यानी जितना मिलना चाहिए उतना नहीं मिला)। उन्होंने आरोपों को अफवाह बताया। प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनीत सिंह ने कहा कि दोनों विद्यालयों का खाद्यान्न आया है वैसे हम भी माइनस पर हैं। यह कितना आया पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि उच्चाधिकारियों को बताएंगे। समाजसेवी सुनील पांडेय व अन्य ग्रामीणों ने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर सत्यता सामने लाई जाए। उधर, भाजपा नेता व अधिवक्ता अंकित शुक्ला ने भी कहा कि सैकड़ों ग्रामीणों की बात झूठी तो नहीं हो सकती। हकीकत क्या है इसकी जांच हर हाल में होनी चाहिए क्योंकि मामला मासूमों के निवाले से जुड़ा हुआ है। बीईओ एनपी सिंह ने कहा कि मामले की कोई जानकारी नहीं है लेकिन आपने बताया है तो जांच करेंगे और दोषी पाए जाने पर संबंधित पर कार्रवाई कराएंगे।

## बिजली की चपेट में आने से युवक झुलसा बकरियां मरीं

**राजापुर (चित्रकूट)।** सरधुआ थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरद्वारा में गज्जू प्रजापति (65) पुत्र बुत्ता प्रजापति शुक्रवार की शाम बिजली की चपेट में आने से झुलस गया। शाम को बकरियां लेकर घर लौटते समय बारिश के दौरान एक पेड़ के नीचे गज्जू खड़ा था कि बिजली गिर पड़ी। इससे उसकी चार बकरियों की भी मौत हो गई। परिजनों ने उसे निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजापुर में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है।

# नहीं रहीं मेजा की पूर्व विधायक नीलम उदयभान करवरिया

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)


नीलम करवरिया

**अमृत विचार।** नगर पंचायत अध्यक्ष व तुलसीकृत प्राचीन रामलीला कमेटी के अध्यक्ष संजीव मिश्रा की बड़ी बहन पूर्व विधायक नीलम उदयभान करवरिया का हैदराबाद में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। इससे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। रामलीला कमेटी ने शुक्रवार को शोकसभा कर दिवंगत की आत्मा की शांति की प्रार्थना की।


श्रद्धांजलि देते तुलसीकृत प्राचीन रामलीला कमेटी के लोग। अमृत विचार

- तुलसीकृत प्राचीन रामलीला कमेटी ने की शोकसभा

रामलीला कमेटी के उपाध्यक्ष सुनील मिश्रा ने बताया कि पूर्व विधायक पूर्व चेयरमैन स्व. शिवनरेश मिश्रा की पुत्री नीलम उदयभान करवरिया प्रयागराज की मेजा तहसील से भाजपा की विधायक रह चुकी थीं। उन्होंने मेजा तहसील में कई विकास कार्य कराए। वह संगठन के प्रति उदारवादी नीति के तहत कार्य करने में कर्मठ थीं। नीलम अपने पीछे दो पुत्रियां और एक पुत्र छोड़ गई हैं। उनके पति उदयभान करवरिया भी भाजपा से विधायक रह चुके हैं और प्रतिष्ठित व्यापारी हैं।

रामलीला कमेटी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिजनों को दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। इस मौके पर 27 सितंबर की रामलीला को विश्राम देते हुए 28 सितंबर को इसी लीला को कराने का निर्णय लिया गया। शोकसभा में संरक्षक लक्ष्मी नारायण मिश्रा, प्रबंधक राजकुमार उपाध्याय, सोमनाथ अग्रवाल, अशोक द्विवेदी, संतोष कुमार गुप्ता, मनोज जायसवाल, मंगल पांडेय, दीपक जायसवाल, चमन लाल रैकवार, मोनू सोनकर, ओमप्रकाश प्रजापति, अनिल मिश्रा, शिवपूजन गुप्ता, रमन मोदनवाल आदि कमेटी के सदस्य व पदाधिकारी मौजूद रहे।

जताया खेद | जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में जताई चिंता

# शिक्षा के क्षेत्र में जिले के बच्चों की स्थिति ठीक नहीं

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट


बैठक में जानकारी लेते मुख्य विकास अधिकारी और जिलाधिकारी। अमृत विचार

- खंड शिक्षाधिकारियों को स्कूलों में अच्छे टायलेट बनवाने के निर्देश
- कहा, मुआयने की आख्या में यह भी बताया जाए कि क्या कमियां हैं

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने शुक्रवार को जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में इस बात पर चिंता जताई कि जिले में शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों की स्थिति खराब है। नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह आकांक्षात्मक जनपद है इसके बाद भी शिक्षा में सुधार नहीं हो पा रहा है। यह अत्यंत ही खेदजनक है।

जिलाधिकारी ने अफसरों को हिदायत दी कि स्कूलों के मुआयने की आख्या में यह भी बताया जाए कि क्या कमियां हैं, क्या काम कराए गए हैं। उन्होंने खंड शिक्षाधिकारियों को स्कूलों में अच्छे टायलेट बनवाने के निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारियों को ब्लाकों में टायलेट का काम समन्वय बनाकर कराने के निर्देश दिए। कहा कि बच्चों को बताएं कि टायलेट न उपयोग करने पर क्या-क्या बीमारियां हो सकती हैं। जिलाधिकारी ने मेरी छत मेरा पानी योजना के तहत भी जानकारी मांगी। डीपीआरओ को निर्देशित किया कि इसको बनवाने वाले प्रधान-सचिवों की सूची दें। कहा कि कई जगहों पर छत टपक रही है, यह ठीक नहीं है। उन्होंने स्कूलों के मुआयने के लिए बनी जिला स्टाक फोर्स को निर्देश दिए कि वहां की समस्याओं की जानकारी मुख्य विकास अधिकारी व जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को दें।

सीडीओ ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय शिवरामपुर के संबंध में कहा कि निरीक्षण के दौरान मीनू के हिसाब से खाना नहीं पाया गया। बीएसए को वार्डन को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि पीएम श्री योजना में उनकी विशेष रुचि है। इसके तहत धन ठीक से खर्च होना चाहिए। बताया कि केंद्र सरकार की टीम कभी भी निरीक्षण के लिए आ सकती है। बैठक में विभिन्न विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### तो लिपिक पर करें कार्रवाई- सीडीओ

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृत पाल कौर ने अधिकारियों से निरीक्षण के दौरान संबंधित लोगों पर जारी नोटिसों पर हुई कार्रवाई की जानकारी ली। निर्देश दिए कि अगर कोई बाबू दबाकर रखे है तो उसपर कारवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बीएसए को विद्यालयों में पुस्तकें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## हादसे में बाइकसवार की मौत, साथी गंभीर

**राजापुर (चित्रकूट)।** ट्रैक्टर ट्राली से बाइक टकराने से एक युवक की मौत हो गई। उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक, विस्तारित क्षेत्र वार्ड नंबर छह रानी लक्ष्मीबाई नगर गुसाईपुरवा निवासी शिवपूजन (22) पुत्र सियंवर अपने साथी आशीष पुत्र धर्मराज के साथ शुक्रवार शाम कर्वी से राजापुर आ रहा था। गोसाईंपुर के पास बाइक ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। शिवपूजन की मौके पर ही मौत हो गई। आशीष को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां डा. प्रमोद सिंह ने बताया कि हालत गंभीर होने के कारण जिला चिकित्सालय के लिए रिफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## सार-संक्षेप

### इलाज में लापरवाही का आरोप, परिजनों का हंगामा

**चित्रकूट।** मुख्यालय स्थित एक निजी अस्पताल में एक नवजात की मौत पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया। आरोप लगाया कि इलाज में लापरवाही से बच्ची की जान चली गई। पुलिस भी पहुंच गई। हालांकि देर शाम पता चला कि दोनों पक्षों में समझौता हो गया। नई बाजार स्थित एक निजी अस्पताल में शुक्रवार को उस समय भीड़ लग गई, जब एक व्यक्ति ने अपनी बेटी की मौत के लिए अस्पताल में इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। इस युवक का कहना था कि अस्पताल में उससे मनमाने पैसे लिए गए और कभी किसी बात पर कभी किसी बात दूसरे अस्पताल ले जाने को भी कहा गया। बाद में वह अपनी बच्ची को बीते दिन इसी अस्पताल लाया और यहां एक इंजेक्शन लगाने के बाद उसकी मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया तो भीड़ लग गई। कोतवाली पुलिस भी पहुंच गई। पहले परिजन रिपोर्ट दर्ज करने की मांग कर रहे थे हालांकि बाद में पता चला कि मामले में समझौता हो गया है।


कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक करतीं एसडीएम पूजा साहू। अमृत विचार

### दुर्गा पूजा के संबंध में की बैठक

**चित्रकूट।** जिले में दुर्गा पूजा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। पूजा के पंडालों की सुरक्षा और प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर शुक्रवार को कर्वी कोतवाली में सदर एसडीएम पूजा साहू ने कमेटियों के साथ बैठक की और उनसे सुझाव मांगे। इस दौरान कर्वी कोतवाली प्रभारी, कमेटी के सदस्य और मूर्तिकार मौजूद रहे।


बच्चे का अन्नप्राशन करातीं मुख्य विकास अधिकारी, साथ में जिलाधिकारी व अन्य।

### चौपाल लगाकर अफसरों ने जानी ग्रामीणों की दिक्कतें

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने ग्राम पंचायत भभौर के मजरे उसरापुरवा में गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम के तहत जन चौपाल में लोगों की दिक्कतें जानीं। उन्होंने अधिकारियों से इस मौके पर गांववालों द्वारा बताई पानी, सड़क आदि की समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम ने ग्रामीणों से कहा कि गांव में हर घर नल से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। किसी के बहकावे में न आएं। इस योजना की समीक्षा सीधे शासन स्तर से की जा रही है। जहां बिजली नहीं है, वहां पहुंचाई जाएगी। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को मजरे के विद्यालय भवन के ध्वस्तीकरण के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने ग्रामवासियों को भरोसा दिया कि अगर पात्र हैं तो आवास अवश्य मिलेगा। प्रधान का इसमें कोई रोल नहीं है। सचिव गांव का सर्वे करेगा। कोई व्यक्ति पैसा मांगता है तो सूचना दें। उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं से अपने व बच्चों के पोषण पर ध्यान देने की अपील की। दोनों अधिकारियों ने गोद भराई तथा अन्नप्राशन कार्यक्रम में हिस्सा लिया और गांव का भ्रमण किया। इस मौके पर विभिन्न विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### जिलाध्यक्ष सहमत होंगे तो आएगा योजना का पैसा

**चित्रकूट।** प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग मंत्री डा. संजय निषाद ने शुक्रवार को संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि योजनाओं के पात्र लाभार्थी न मिलें तो आवेदन निरस्त कर दिया जाए, लंबित न रखें। उन्होंने कहा कि जिलाध्यक्ष की सहमति के बाद योजना का पैसा आएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के संबंध में भाजपा जिलाध्यक्ष के साथ बैठक कर लाभार्थियों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए। जिले में पैसा तब आएगा जब जिलाध्यक्ष सहमत होंगे। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में पोखरा खोद देने से विकास नहीं होगा। जो पोखरे हैं, हाईटेक मानक के अनुसार प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय भेजें। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड, सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना, तालाबों के पट्टे आदि के संबंध में निर्देशित किया। कहा कि जिले के 1152 तालाबों में से कितनों में पानी है, कितनों में नहीं, इसकी सूची दें। इस अवसर पर एसपी अरुण कुमार सिंह, सीडीओ अमृतपाल कौर सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### 21 किलो गांजा बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**भरतकूप (चित्रकूट)।** पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर 21 किलो 20 ग्राम गांजा और बाइक बरामद की। 26 सितंबर की रात थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने मुखबिर की सूचना पर मड़फा फतेहगंज तिराहा से बाइकसवार सुरेश कुमार गुप्ता पुत्र स्व. रामआसरे निवासी फतेहगंज (बांदा) को गिरफ्तार किया। इससे गांजा बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार, कड़ाई से पूछतांछ पर उसने बताया कि वह इसे ओडिशा से लाया है। गांजे की कीमत लगभग पांच लाख 30 हजार रुपये है। बाइक को सीज किया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई राहुल कुमार पांडेय, उत्कर्ष कुमार सिंह, आरक्षी सतीश यादव, रणवीर सिंह और संदीप कुमार शामिल रहे।

### 12 नवंबर को होगा सामूहिक विवाह कार्यक्रम

**चित्रकूट।** समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कार्यक्रम 12 नवंबर को होगा। यह जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने दी। बताया कि पोर्टल पर आनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए विकास खंड, नगर पालिका/नगर पंचायत अथवा जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### विद्यार्थियों के लिए निशुल्क रहेगी डिजिटल गैलरी

**चित्रकूट।** विश्व पर्यटन दिवस पर शुक्रवार को प्रस्तावित थीम टूरिज्म और पीस के साथ कार्यक्रम हुआ। परिक्रमा मार्ग पर संचालित रामायण दर्शन शो का निशुल्क प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक पंकज अग्रवाल मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने बच्चों में बचपन से संस्कृति और पर्यटन की भावना विकसित करने की बात कही। तय किया कि डिजिटल गैलरी प्रतिदिन विद्यार्थियों के लिए निशुल्क रहेगी। स्कूल प्रबंधन बच्चों को 50-50 के ग्रुप में लाकर दिखाए। रामघाट, बाला जी घाट पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम चलाया गया। इसमें पोद्दार इंटर कॉलेज के युवा पर्यटन क्लब के विद्यार्थियों ने सहयोग किया।

### डिलौरा की प्लाटिंग पर लगी रोक

**चित्रकूट।** डिलौरा गांव में हो रही प्लाटिंग को अवैध करार देते हुए विकास प्राधिकरण ने इस पर रोक लगा दी है। गौरतलब है कि मंदाकिनीनगर के नाम से लगभग 24 बीघे जमीन पर बिक्री के लिए 260 प्लाट बनाए गए हैं। जानकारी के मुताबिक, प्लाटिंग करने वाले को चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के सचिव राजेश प्रसाद ने नोटिस जारी किया है। इससे प्लाट खरीदने वालों में हड़कंप की स्थिति है।

### शिविर लगाकर बनाए प्रमाणपत्र

**रामनगर (चित्रकूट)।** बीआरसी में परिषदीय विद्यालयों के बच्चों के लिए शुक्रवार को शिविर लगाया गया। बीएसए बीके शर्मा ने बताया कि इसमें 68 बच्चों का नामांकन किया गया। 44 दिव्यांग छात्र-छात्राओं के प्रमाणपत्र बनाए गए। दो बच्चों को उच्च मेडिकल संस्थान के लिए रिफर किया गया।

### स्वच्छ घरवालों को मिला प्रशस्ति पत्र

**चित्रकूट।** नगर पालिका में शुक्रवार को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छ घर अभियान का आयोजन किया गया। इसमें प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम व अधिशासी अधिकारी लालजी ने प्रत्येक वार्ड में स्वच्छ घर का चयन कर प्रशस्ति पत्र दिया। इस दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन शिवा कुमार, मंडल कार्यक्रम प्रबंधक धर्म प्रकाश शुक्ला, सभासद शंकर यादव, शैलेंद्र सोनी, हिमांशु शुक्ला, कमलाकांत शुक्ला, राहुल पांडेय, अर्चित तिवारी, अमित कुमार, श्रवण मलिक आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार www.amritvichar.com

# छह महीने से खड़े डंफर का राजस्थान में कटा चालान

## डंफर का फिटनेस कराने पर 10 लाख के चालान की हुई जानकारी

कार्यालय संवाददाता महोबा



ग्राम पहरा में खड़ा डंफर।

● वाहन स्वामी ने कहा खनन माफिया की कारस्तानी

**अमृत विचार।** खनन माफियाओं की चालबाजी का एक ट्रक मालिक को शिकार होना पड़ा। थाना कबरई क्षेत्र के ग्राम पहरा में खड़े डंफर के नंबर का प्रयोग करते हुए खनन माफियाओं ने राजस्थान के भरतपुर जिले में 10 लाख रुपये के चालान कटवा दिए साथ इसी ट्रक की खनन रायल्टी भी जारी की गई। वाहन स्वामी ने इस मामले क शिकायत एआरटीओ विभाग से करते हुए न्याय और मदद की गुहार लगाई। वहीं तहरीर मिलने पर विभागीय अधिकारी द्वारा भरतपुर जिलाधिकारी को जांच कराए जाने के बावत पत्र भेजा गया है, जिससे उक्त प्रकरण की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

कस्बा कबरई के मोहल्ला विवेकनगर निवासी तारकेश्वर गुप्ता ने एआरटीओ विभाग को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह अपने डंफर यूपी 95टी 3527 फिटनेस कराने के लिए एआरटीओ कार्यालय गया था तभी कार्यालय कर्मचारी द्वारा बताया जाता है कि डंफर का राजस्थान में लाखों रुपये के चालान बकाया है, यह सुन वाहन स्वामी के होश उड़ गए। वाहन स्वामी ने बताया कि पिछले छह माह से डंफर ग्राम पहरा में ही खड़ा हुआ है और वाहन जिले से कभी बाहर ही नहीं गया, फिर एक दर्जन से ज्यादा के चालान राजस्थान के भरतपुर जिले के नागल पहाड़ी इलाके में चालान कैसे काटे गए।

डंफर स्वामी ने बताया कि चालान की दस लाख रुपये की इतनी बड़ी रकम वह कैसे अदा करेगा, जबकि उसका वाहन कभी राजस्थान तो दूर की बात है यूपी से कभी बाहर ही नहीं गया। बताया कि चालान के साथ साथ डंफर की तीन सितम्बर को भरतपुर के नागल पहाड़ी में संचालित सिंडिकेट स्टोन क्रशर के नाम पर खनन रायल्टी भी जारी की गई है। बताया कि यह चालबाजी खनन माफियाओं द्वारा की गई है।

## बिजली गिरने से पांच बकरियों की मौके पर हुई मौत

**जैतपुर महोबा।** जंगल में बकरियां चराते समय अचानक बादलों की गड़गडाहट के साथ बिजली गिरने से पांच बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चरवाहा गड़गड़ाहट की आवाज सुनते ही दौडकर भाग गया जिससे वह बाल बाल बच गया। पशुपालक ने बिजली गिरने से बकरियों की मौत पर मुआवजे की मांग की है।

कस्बा जैतपुर के मोहल्ला मऊपुरा निवासी मोहनलाल कुशवाहा बकरियों पाले हुए था। इन्हीं बकरियों को वह जंगल में ले जाकर दिन भर चराता था शुक्रवार को अचानक जंगल में बकरियां चराते समय उसकी पांच बकरियां बारिश के दौरान गिरी बिजली की चपेट में आने से मौके पर ही मर गईं। बकरियों की मौत की खबर पर ग्रामीण जंगल में पहुंच गए। सरकार से मुआवजा दिलाए जाने का भरोसा देकर उसे घर लाए। बकरियों की मौत की खबर सुनते ही घर पर रोना पीटना मच गया। पशुपालक का कहना है कि इन्ही बकरियों से ही उसका परिवार चलता था।

# कच्चे मार्गों पर कीचड़, निकलना मुश्किल

कार्यालय संवाददाता महोबा



सड़क पर भरा पानी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में दो दिन से हो रही बारिश के चलते जनजीवन अस्त व्यस्त होकर रह गया है। जगह जगह जलभराव के कारण लोगो को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के चलते ग्रामीण अंचलों में कच्चे मार्गों पर पानी भर जाने से दो पहिया वाहन का चलना तो दूर पैदल चलना दूभर हो गया है। वहीं कई स्कूलों के मार्गों में पानी भरने और कीचड़ हो जाने से छोटे छोटे बच्चों को स्कूल आने जाने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि शासन ने गांव गांव में सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति कर रखी है, जिससे नगर की तरह ग्रामीण अंचलों की सड़के और मार्ग चमचम रहे, वहीं नालियों की नियमित सफाई भी होती रहे, लेकिन ग्रामीण अंचलों में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात कर्मचारी नियमित गांव में साफ सफाई नहीं करते और न ही नाले नालियों की सफाई की जाती है, जिससे बारिश के मौसम में नालियो का गंदा पानी सड़कों पर बहने से मार्ग कीचड़युक्त हो जाता है, जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ता है। इस बावत ग्रामीणों द्वारा कई बार जिला पंचायतराज अधिकारी को सफाई कर्मचारियों के नियमित सफाई न करने के बावत अवगत कराया जा चुका है, बावजूद इसके सफाई व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हो पा रहा है।

जिले में दो दिनों से रुक रुक हो रही बारिश से ग्रामीण अंचलों की सबसे ज्यादा हालत दयनीय हो गई है। ऐसे मौसम में किसी ग्रामीण के बीमार होने पर उसे अस्पताल तक ले जाना मुश्किल हो जाता है, वहीं बारिश से जलभराव हो जाने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ने के आसार पैदा हो गए हैं। सफाई कर्मचारी सफाई कोई ध्यान नहीं देते, जिससे ग्रामीणों में खासी नाराजगी है।

### बारिश के चलते दलहनी फसल बर्बाद

- दो दिन हो रही बारिश के चलते खेतों में कटी पड़ी उर्द मूंग फसल बर्बाद हो गई है। सबसे ज्यादा नुकसान तिल की फसल को हुई है। बारिश की चपेट में आने से तिल काली पड़ गई है जिससे उसको कोई पूछने वाला नहीं है। कमोवेश यही स्थिति उर्द मूंग की भी है तमाम किसान तो खेतों से पूरी तरह फसल को नहीं काट सके और बारिश ने दस्तक दे दी, जिससे खेतों में लगी दलहनी फसल के खराब होने के आसार बढ़ गए है जिससे किसान अब कर्जदारों के कर्ज की अदायगी को लेकर खासा परेशान है।

## अन्ना मवेशी से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

**महोबा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रेम नगर में अन्ना मवेशी से टकराकर एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे नाजुक हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना से मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

ग्राम प्रेम नगर निवासी कल्याण सिंह राजपूत 35 पुत्र रामनाथ राजपूत शुक्रवार को मोटरसाइकिल से महोबा बाजार करने आया था दोपहर को गांव वापस लौटते समय गांव में ही एक मवेशी से वह टकराकर सड़क पर गिर गया और बुरी तरह घायल हो गया। दुर्घटना की खबर मिलते ही परिवार के लोग आनन-फानन मौके पर पहुंचे और कल्याण सिंह राजपूत को नाजुक हालत में जिला अस्पताल ले गए, जहां पर डॉक्टरों ने उसका उपचार शुरू कर दिया, लेकिन हालात गंभीर होने के कारण उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# दहेज में भैंस नहीं मिली महिला को बंद कर पीटा

कार्यालय संवाददाता महोबा

● विवाह के बाद से अक्सर भैंस की मांग को लेकर ससुरालीजन करते हैं प्रताड़ित

**अमृत विचार।** थाना अजनर के ग्राम इंद्रहटा में ससुराल परिजनों ने दहेज में भैंस न देने से नाराज परिजनों ने महिला को कमरे में बंद करके जमकर मारपीट की और बाहर नहीं जाने दिया। जख्मी महिला ने फोन से अपने भाई को सूचना दी। रात में ही उसका भाई और पिता लड़की की ससुराल पहुंचे और 112 नंबर डायल कर पुलिस बुलाई। पुलिस ने लड़की को बाहर निकाला। महिला ने अपने पिता के साथ थाने पहुंचकर ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

दो साल पहले सरिता की शादी थाना अजनर के ग्राम इंद्रहटा निवासी रामप्रसाद के साथ की थी। पीड़िता के पिता ने विवाह में हैसियत से ज्यादा दान दहेज दिया था, लेकिन दहेज में भैंस नहीं दी, जिससे ससुरालीजन नाराज हो गए। पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया कि सविता के सास ससुर और पति आए दिन भैंस की मांग करके उसकी मारपीट करते थे।

पीड़िता के पिता ने बताया कि गुरुवार की रात को ससुरालीजनों ने सविता की डंडों से पिटाई की जिससे उसको चोट आई है। सूचना पर पहुंचे पिता ने बेटी के साथ थाना अजनर में ससुर परशुराम सास सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# निबंध में अभिलाषा, पोस्टर में मानवती प्रथम

कार्यालय संवाददाता महोबा



बुंदेलखंड के ऐतिहासिक स्मारक के पोस्टर दिखाते प्रतिभागी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राजकीय हाईस्कूल दुलारा में शुक्रवार को विश्व पर्यटन दिवस के मौके पर पोस्टर और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बुंदेलखंड के ऐतिहासिक स्मारक को अपनी प्रतिभानुसार अपनी कला का प्रदर्शन किया। निबंध प्रतियोगिता में अभिलाषा और पोस्टर प्रतियोगिता में मानवती ने प्रथम स्थान पाया। विजयी प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य द्वारा पुरुस्कृत किया गया। इस मौके पर बुंदेलखण्ड के अलावा अतुल्य भारत निर्माण का संकल्प लेते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने पर वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए गए।

जिला पर्यटन अधिकारी चित्रगुप्त श्रीवास्तव के निर्देशन में विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष में राजकीय हाईस्कूल दुलारा में पोस्टर और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता की थीम "बुंदेलखंड में पर्यटन की संभावनाएं" विषय रही। निबंध प्रतियोगिता में सभी विजयी प्रतिभागी कक्षा नौ की रही, जिसमें अभिलाषा ने पहला, अनामिका दूसरे और मानवती ने तीसरा स्थान हासिल किया। पोस्टर प्रतियोगिता में कक्षा नौ की मानवती प्रथम स्थान पाया। विजयी प्रतिभागियों को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिताओं प्रधानाचार्य प्रेमचंद अनुरागी, शिक्षक हरिश्चंद्र अमित कुमार सोनकर लखन लाल अहिरवार की देखरेख में हुआ।

प्रधानाचार्य ने कहा कि महोबा की अपनी पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक धरोहरों तथा संस्कृति व बुंदेली लोक कला की एक अलग ही छवि है। पर्यटन के सामाजिक, सांस्कृतिक व आर्थिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमारी इन अनमोल धरोहरों व लोक कलाओं का संरक्षण करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

## बुंदेली गीत ब्याओ कराने मोखा जानू हैं.. की हुई लॉन्चिंग

**कुलपहाड़ महोबा।** नगर के जनतंत्र इंटर कॉलेज में बुन्देली वीडिये सॉन्ग की लॉन्चिंग जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी और पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ कमलेश सक्सेना, वरिष्ठ नेता उमाशंकर मिश्रा, मंडल अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह की मौजूदगी में की। इस गाने की शूटिंग जनपद महोबा, कुलपहाड़, मुढ़ारी व अर्जुन बांध में की गई। गाने के बोल 'ब्याओ कराने मोखा जानू हैं पर रोशन नामदेव और सपना श्रीवास ने अभिनय किया है। गायक गायिका लोकेंद्र बुन्देली व गायत्री यदुवंशी व निर्माता प्रदीप तिवारी एवं निर्देशक प्रदीप तिवारी, लोकेंद्र बुन्देली व रोशन नामदेव हैं। । दिनेश गोस्वामी, राकेश भट्ट, प्रशांत सोनी, राहुल वाजपेयी आदि मौजूद रहे।



समीक्षा बैठक लेते जिलाधिकारी। अमृत विचार

# अधूरे कार्यों को जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता महोबा

● कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में जिलाधिकारी ने विकास कार्यों की समीक्षा की

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को विकास, निमार्ण कार्यों के संबंध में सीएम डेस्क बोर्ड की विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी कार्यदाई संस्थाओं से प्रगति कार्यों की जानकारी ली तथा अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराए जाने के संबन्धित विभाग के अधिकरियों को निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा तमाम योजनाओं के तहत कराए गए विकास और निर्माण कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा दौरान कबरई फीडर परियोजना का कार्य 50 प्रतिशत पूर्ण पाया गया तथा शेष कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए। खरेला पेयजल योजना में कार्यदाई संस्था के संबन्धित अधिकारी ने बताया कि 60 प्रतिशत काम को पूर्ण कर लिया गया है और शेष कार्य को मार्च 2025 तक पूरा कर लिया जायेगा। इसी तरह गुरु गोरखनाथ तपोस्थली पर्वत में विकास निमार्ण कार्य का 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है शेष कार्य को भी जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। पुलिस आवास निर्माण में 95 प्रतिशत काम को पूर्ण कर लिया गया है।

बैठक में अधिकारी ने बताया कि कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र रामनगर में 55 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है, शेष काम को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। नवीन कारागार में 50 प्रतिशत काम को पूर्ण कर लिया गया है शेष काम को जल्द पूर्ण करने के निर्देश कार्यदाई संस्था को दिए।

# अवैध कोचिंग सेंटरों पर अब कसेगा शिकंजा

कार्यालय संवाददाता महोबा



डीआईओएस कार्यालय में प्रदर्शन करते एबीवीपी कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महोबा के कार्यकर्ताओं ने शहर में अवैध रूप से संचालित हो रहे कोचिंग संस्थानों के खिलाफ जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जमकर प्रदर्शन किया और एक ज्ञापन सौंपते हुए बिना रजिस्ट्रेशन संचालित कोचिंग सेंटरों पर कार्रवाई कर बंद कराए जाने की मांग की गई। डीआईओएस ने ज्ञापन का संज्ञान लेते हुए अवैध कोचिंग सेंटरों पर कार्रवाई किए जाने के लिए टीम लगाई गई है।

एबीवीपी के कार्यकर्ताओं द्वारा शहर में अवैध कोचिंग सेंटरों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए डीआईओएस कार्यालय पहुंच गए और जमकर प्रदर्शन करते हुए और इन सेंटरों को बंद कराए जाने की मांग की गई। कार्यकर्ताओं ने बताया कि मुख्यालय में करीब 150 से ज्यादा कोचिंग सेंटर संचालित हैं, लेकिन मात्र 12 कोचिंग सेंटरों का ही पंजीयन है और शेष अवैध रुप से कोचिंग सेंटरों को संचालित किए हैं। बताया कि शहर की गली गली में कोचिंग सेंटर खुले हुए हैं और विभाग इन अवैध सेंटरों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है, जिससे पंजीयन कोचिंग सेंटर संचालकों को रजिस्ट्रेशन का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है और विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

ज्ञापन में बताया कि अवैध संचालित कोचिंग सेंटरों पर छात्र छात्राओं का आर्थिक शोषण किया जाता है साथ ही अश्लीलता के साथ डांस भी कराया जाता है। बताया कि इन अवैध सेंटरों में पढ़ाने वाले शिक्षक घरों के अलावा कई सेंटरों में बच्चों को पढ़ाते है साथ ही विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को अपने यहां कोचिंग पढने का दबाव भी बनाया जाता है। इतना ही एक शिक्षक कई कई जगह पर कोचिंग खोलकर समयानुसार बच्चों को पढ़ाया जा रहा है और किसी भी सेंटर का पंजीयन नहीं है। जिला विद्यालय निरीक्षक गिरधारीलाल कोली ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शिकायती पत्र दिया गया है और इसी आधार पर मुख्यालय में एक टीम गठित कर अवैध कोचिंग सेंटरों का निरीक्षण शुरु करा दिया गया है और अवैध सेंटरों को तत्काल प्रभाव से बंद किया जा रहा है।

# ईवीएम और वीवीपैट के वेयरहाउस को देखा


कार्यालय संवाददाता महोबा


● निरीक्षण दौरान जिले के आला अधिकारियों के साथ राजनैतिक दलों के जिलाध्यक्ष भी रहे शामिल

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान वीवी पैट और ईवीएम मशीनों को बारीकी के साथ देखा गया साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से हर पहलू पर जांच की गई तथा संबन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण दौरान सीसीटीवी कैमरों से की जा रही निगरानी को भी परखा।

मालूम हो कि कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का अधिकारियों द्वारा 3 माह में निरीक्षण किया जाता है जिसके मद्देनजर शुक्रवार को जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश ने राजनैतिक दलों के जिलाध्यक्षों और उनके प्रतिनिधियों के साथ वेयरहाउस का जायजा लिया।


हृदय रोग संस्थान, कानपुर
प्रगति के पथ पर अग्रसर



मा0 योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री उ0प्र0

वर्तमान उपलब्ध सेवायें

1. आकस्मिक सेवायें (24x7)।
2. सभी रक्त परीक्षण लिपिड प्रोफाइल तथा ट्राप–टी सहित।
3. सी0टी0 एन्जियो 128 स्लाइस
4. एक्स–रे तीनों मंजिलों पर बेड साइड एक्स–रे सहित।
5. ई0सी0जी0।
6. होल्टर मानीटरिंग ।
7. इकोकार्डियोग्राफी आउटडोर, इन्डोर तथा ओ0टी0 में।
8. एंजियोग्राफी एलेक्टिव तथा इमरजेन्सी।
9. एंजियोप्लास्टी तथा बी0एम0वी0 (बैलूनिंग)।
10. पेसमेकर इम्प्लान्टेशन।
11. कार्डियक सर्जरी, बीटिंग हार्ट बाईपास सर्जरी, ओपेन हार्ट सर्जरी, बीटिंग हार्ट वाल्व प्रत्यारोपण सर्जरी आदि।
12. लेजर सर्जरी वैरीकोज वेन्स
13. वीडियो ब्रांकोस्कोपी, वीडियो इन्डोस्कोपी तथा फॉरेनबाडी रिमूवल
14. वैस्कुलर सर्जरी– सभी प्रकार की।
15. थोरैसिक सर्जरी– सभी प्रकार की।
16. सूक्ष्म छिद्र प्रणाली सर्जरी (वैट्स)।
17. फिजियोथिरैपी एवं कार्डियक रिहैबिलिटेशन।
18. प्रथम 24 घण्टे समस्त उपचार नि:शुल्क।
19. हार्ट अटैक के रोगियों को जीवन रक्षक आकस्मिक सेवायें नि:शुल्क राउन्ड द क्लाक।
20. कैथलैब में बेहतर टेस्टिंग हेतु I.V.U.S तथा F.F.R. की सुविधा।
21. सर्जिकल आइसीयू में पोस्ट आपरेटिव हृदय रोगियों के लिये CRRT मशीन की सुविधा ।
22. भर्ती प्रत्येक रोगी व एक तीमारदार को नि:शुल्क भोजन (दोनों समय चाय नाश्ता सहित)
23. डिवाइस क्लोज़र (बच्चों के दिल के छेद को बिना आपरेशन बन्द किये जाने की सुविधा।
24. इन्टेन्सिव कोरोनरी केयर तथा सर्जिकल आईसीयू की शैय्याओं की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि।
25. मेडिकल आफिसर, मैट्रन, नर्सिंग आफिसर हेतु 32 फ्लैट के निर्माण कार्य की वित्तीय स्वीकृति।
26. डे–केयर ब्लाक का निर्माण जिसमें आपरेशन थिरेटर एवं कैथलैब की सुविधा उपलब्ध होगी।
27. संस्थान में 33के0वी0ए0 सबस्टेशन का निर्माण, जिसमे रोगियों को निरन्तर विद्युत आपूर्ति की जा सके।
28. हृदय रोगियों को उच्चतम स्तर की सेवायें देने हेतु शिक्षण /प्रशिक्षण पर विशेष बल।

वर्ष 2023 की उपलब्धियाँ

1. आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से वित्तीय वर्ष 2018–19 में (अक्टूबर 2018 से मार्च 2019 तक) – 276, 2019–20 में 662, 2020–21 में 236, 2021–22 में 375, 2022–23 में 740, 2023–24 में 221 (माह जून) हृदय रोगियों को इस योजना से लाभान्वित किया गया।
2. असाध्य रोग नि:शुल्क उपचार योजना के अन्तर्गत संस्थान में वित्तीय वर्ष 2013–14 से अभी तक कुल 18007 निर्धन रोगियों का नि:शुल्क (फ्री) पेसमेकर, बैलूनिंग स्टेन्टिंग, वाल्व प्रत्यारोपण, बाईपास सर्जरी आदि सभी उपचार किया गया। वर्ष 2016–17 में 11443, वर्ष 2017–18 में 13673, वर्ष 2018–19 में 16784, 2019–20 में 18680, वर्ष 2020–21 में 9734 वर्ष 2021–22 में 16332, वर्ष 2022–23 में 18815, वर्ष 2023–24 में 4981 (माह जून) भर्ती किये गये मरीजो का निशुल्क उपचार किया गया।
3. शासन द्वारा आवंटित आई0डी0एच0 परिसर को अधिग्रहीत कर नवीन कार्डियक ओ0पी0डी0, हार्ट स्टेशन, डायग्नोस्टिक्स एवं फिजियोथिरैपी विंग का निर्माण।
4. नवीन ओपीडी ब्लाक की स्थापना।
5. संस्थान मुख्य भवन में 60 नई शैय्याओं के संचालन की व्यवस्था।
6. डीएम (कार्डियोलॉजी) तथा एमसीएच (सीवीटीएस) की सीटों में वृद्धि।
7. संस्थान के उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं उपचार कार्य के परिणामस्वरूप शासन द्वारा एम0सीएच0 सी0वी0टी0एस0 की सीट 5 से बढ़ाकर 12 तथा डी0एम0 (कार्डियोलाजी) की सीट 9 से बढाकर 12 शासन द्वारा कर दी गयी है तथा डीएम (कार्डियक एनेस्थीसिया) कोर्स 3 से 6 सीट के साथ प्रारम्भ।
8. DrNB (Thoracic Surgery) एवं DrNB (Vascular Surgery) के नये कोर्स एक–एक सीट के साथ प्रारम्भ।
9. संस्थान के उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं उपचार कार्य के परिणामस्वरुप शासन द्वारा बी0एससी0 ओटीटी की 20 सीट एवं एम0एससी0 ओटी की 20 सीट 10. पैरामेडिकल कोर्सज (ओटी टेक्नीशियन/सीटी टेक्नीशियन) 40–40 सीट के साथ प्रारम्भ।
11. संस्थान के अधीक्षक डा0 जोगिन्दर सिंह को इन्चार्ज 128 स्लाइस सीटी एन्जियो तथा एक्स–रे टेक्नीशियन श्री विनय सिंह को रेडिएशन सेफ्टी आफिसर की मान्यता एईआरबी द्वारा प्रदान कर साइट एप्रूवल किया गया। जिससे 128 स्लाइस कार्डियो वैस्कुलर सीटी एन्जियो नियमित रूप से क्रियाशील हो गया।
12. एमसीएच (सीवीटीएस) में प्रदेश के जनरल सर्जरी के चिकित्सा शिक्षकों तथा चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती कर प्रदेश में मानव संसाधन का सुदृढ़ीकरण किया गया।
13. नवीन द्वितीय कैथलैब क्रियाशील।
14. नवीन माड्यूलर ओटी क्रियाशील।
15. सीनियर रेजीडेण्टों हेतु बहुखण्डी आवासीय भवन का निर्माण।
16. संस्थान की मूलभूत आवश्यताओं की पूर्ति हेतु बी+जी+3 भवन का निर्माण।
17. रोगी सहायता एवं आकस्मिक नियंत्रण कक्ष (24x7x365) का प्रारम्भ।
18. आई0सी0सी0यू0 का पुनरूद्धार।



डॉ. राकेश वर्मा
डायरेक्टर

आयुष्मान योजना के अन्तर्गत प्रथम आयुष्मान लाभार्थी के उपचार करने का गौरव तथा असाध्य रोग नियमावली के अन्तर्गत विगत वर्षो में सर्वाधिक लाभार्थियों को नि:शुल्क उपचार प्रदान करने का गौरव हृदय रोग संस्थान, कानपुर को प्राप्त है।


तैयारी — नवरात्रि में प्रतिमाएं देने के लिए मूर्तिकार दिन रात कार्य कर मूर्तियों को अंतिम रूप देने में जुटे

# नवरात्र : मां दुर्गा की भव्य प्रतिमाएं बनाने का कार्य तेज

कार्यालय संवाददाता, महोबा



मूर्ति का निर्माण करता मूर्तिकार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नवरात्र पर्व को लेकर जिले में मां दुर्गा की प्रतिमाएं बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है। कलाकारों द्वारा दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया गया है। जिससे नवरात्र से पहले मां दुर्गा की प्रतिमाओं को रंग रोगन करके तैयार किया जा सके। शहर के अलावा कबरई, श्रीनगर, कुलपहाड़ क्षेत्र में प्रतिमाएं बनाने का कार्य भी युद्ध स्तर पर चल रहा है, जिससे समय से प्रतिमाओं को तैयार किया जा सके। शहर के अलावा अन्य मूर्ति कलाकारों द्वारा प्रतिमाएं तैयार की जा रही है।

गौरतलब है कि दो सैकड़ा से ज्यादा स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं भक्तों द्वारा स्थापित की जाती है, जिसके चलते कलाकार दो माह पहले से मूर्ति बनाने का काम शुरु कर देते है। शहर के हमीरपुर चुंगी के पास एक गोदाम में आधा सैकड़ा से ज्यादा मूर्तियां मूर्तिकार ओमप्रकाश द्वारा बनाई जा रही है। कला के धनी मूर्तिकार न सुन सकता है और न बोल सकता है, लेकिन अपने हुनर से मूर्तियों को जीवांत स्वरुप दे रहा है। उनके द्वारा मूर्ति के हर हिस्से पर की जा रही कलाकारी के लोग कायल होते जा रहे हैं। यह कलाकार कोलकता और पश्चिम बंगाल से कलाकारों से कम नहीं है।

मां दुर्गा की भव्य मूर्ति बनाने में यह कलाकार कुछ साथियों के साथ दिन रात जुटा हुआ है। देर रात तक और तड़के सुबह उठकर मूर्तियों को बनाने में जुट जाता है जिससे अब तैयार की गई लगभग 50 प्रतिमाओं को अंतिम रुप देकर तैयार किया जा चुका है। हालांकि अभी तक दो माह से लगातार काम करने के बाद भी मूर्तिकार को पांच मूर्तियों के आर्डर और मिले हैं, जिसे माता की कृपा से मूर्तियों को अभी भी बना रहा है।

शहर के अलावा श्रीनगर, कबरई, कुलपहाड़ क्षेत्र में भी पिछले साल से मूर्तियां बनाने का काम शुरु हो चुका है। मूर्तिकारों ने बताया कि मां का पूरा दरवार कच्ची मिट्टी से तैयार किया जाता है। तालाब की कच्ची मिट्टी से ही मूर्तियां बनाई जाती है, इसके अलावा पुआल, बांस, टाट, बोरे और विभिन्न तरह की सामग्री इस्तेमाल की जाती है। दुर्गा महोत्व के लिए छोटी बड़ी सभी तरह की दुर्गा प्रतिमाएं तैयार की जा रही है, जिसमें मां दुर्गा, मां काली लक्ष्मी, सरस्वती आदि की मूर्तियां शामिल हैं। बताया कि एक मूर्ति तो तैयार करने में काफी समय लगता है, लेकिन अब मूर्तियां जगह जगह स्थापित किए जाने से मूर्तिकारों का काम अच्छा खासा काम चलने लगा है। मूर्तिकार कभी गणेश जी तो कभी दुर्गा प्रतिमाएं बनाकर जीवनयापन करते हैं।

### बाहर के मूर्तिकारों ने जिले में जमाया डेरा

- अब बाहरी मूर्तिकारों के जिले में पैर जमा लेने से अब स्थानीय मूर्तिकारों का कार्य कुछ प्रभावित होने लगा है। इससे पहले कबरई निवासी ओमप्रकाश और उसका भाई सहित कुछ मूर्तिकार ही मूर्ति बनाने का काम करते थे, जिससे स्थानीय मूर्तिकारों की अच्छी कमाई हो जाती थी, लेकिन अब बाहरी मूर्तिकारों के हर साल यहां पर डेरा जमा लेने के कारण उनका कार्य प्रभावित हो रहा है, साथ ही आय पर भी असर पड़ा है। इतना ही नहीं कबरई कस्बे में ही दो बाहरी कलाकार आकर मूर्तियां बना रहे हैं।

# नवरात्र तक खोदी गईं सड़कों की करा लें मरम्मत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- सचिव नमामि गंगे ने जल जीवन के कार्यों का किया निरीक्षण
- बैठक में अब तक कराए गए कार्यों की समीक्षा कर दिए निर्देश

**अमृत विचार**। नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उ. प्र. शासन के सचिव डा.राजशेखर ने जल जीवन मिशन की परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण एवं सर्किट हाउस सभागार में कार्यों की समीक्षा की। बैठक में डा.राजशेखर ने जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति को कार्यरत कंपनियों एलएंडटी एवं एनसीसी के परियोजना प्रबंधकों को कड़े निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांवो में खोदी गयी सभी सड़कों की मरम्मत का कार्य प्रत्येक दशा में नवरात्रि तक अवश्य करा लें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

उन्होंने जल निगम के एई एवं जेई को नियमित रूप से गांवो में निरीक्षण करने तथा किये जा रहे कार्यों की निरीक्षण रिपोर्ट सहित प्रगति की सूचना अधिशाषी अभियंता जल निगम को लिखित रूप से उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन गांवो में जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी हैं, वहां नियमित रूप से पानी की आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें तथा शेष गांवो में मैन पावर को बढाते हुए तेज गति से कार्यों को पूर्ण करायें। साथ ही गांवो में की जा रही जलापूर्ति की क्रास चेकिंग भी किये जाने के निर्देश दिये। कहा कि अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में पुनः गांवो में जलापूर्ति के कार्यों का निरीक्षण किया जायेगा, निरीक्षण से पूर्व अवशेष कार्यों को प्रत्येक दशा में पूर्ण करायें अन्यथा संबंधित कार्यदायी कंपनियो के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन गांवो में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्य किया जा रहा हैं, उसमें पाइपलाइन डालने के कार्यों तथा अन्य कार्यों को गुणवत्ता के साथ तेज गति से निर्धारित समय में पूर्ण करायें।



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते सचिव व साथ में जिलाधिकारी। अमृत विचार

### महोखर व पल्हरी गांव में कार्यों का किया निरीक्षण

- सचिव ने ग्राम महोखर एवं पल्हरी में जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से जलापूर्ति किये जाने तथा लीकेज एवं आपूर्ति कितने दिनों होती है आदि के संबंध में जानकारी ली। जल निगम एवं कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देशित किया कि नियमित रूप से पूरे गांव में जलापूर्ति करायी जाए। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि कुछ घरों में जलापूर्ति नही हो पा रही है। उन्होंने खोदी गयी सड़कों की मरम्मत के कार्यों का भी निरीक्षण करते हुए वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का पुनः मरम्मत कार्य गुणवत्ता के साथ कराये जाने के निर्देश सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को दिये। बैठक में जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप ने बताया कि जनपद स्तरीय अधिकारियों से योजना के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यों तथा जलापूर्ति एवं सड़क मरम्मत के कार्यों की चेकिंग करायी गयी है, जिसमें प्राप्त कमियों को पूर्ण कराये जाने के निर्देश सम्बन्धित संस्थाओं को दिये गये हैं। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, अधिशाषी अभियंता जल निगम तथा कम्पनियों के प्रोजेक्ट मैनेजर तथा सम्बन्धित अभियंता गण उपस्थित रहे।

# एक मुश्त समाधान योजना का लाभ उठाएं

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- योजना शासन द्वारा केवल 31 मार्च, 2025 तक लागू रहेगी

**अमृत विचार**। जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) अभिषेक कुमार अवस्थी ने बताया है कि उ.प्र. अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम से संचालित योजना के अंतर्गत एक मुश्त समाधान योजना लागू की गई है। उन्होंने बकायेदारो से धनराशि जमा कर योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में अनुसूचित जाति के परिवार तथा स्वच्छकार एवं उनके आश्रितों को विभिन्न प्रकार की आयजनित रोजगारपरक योजनाओं (स्वतः रोजगार योजना, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम, अनुविनि द्वारा संचालित टेंट हाउस, टैक्टर-ट्राली,टाटा-407 एलसीवी, टाटा सूमो,विक्रम टैम्पों,जीप-टैक्सी, मार्शल जीप, बिल्डिंग मेटेरियल, प्रोवीजन स्टोर, सेनेटरी मार्ट स्कीम, इलेक्ट्रिक रिपेयर शॉप, महिला समृद्धि योजना, एम्बेसस्डर कार स्कीम, मारूती बैन,आटा-चक्की लघु व्यवसाय आदि) योजना में अनुदान, मार्जिनमनी ऋण, बैंक ऋण, राष्ट्रीय निगमों के ऋणों को सम्मिलित कर वित्त पोषित कराते हुए रोजगार स्थापित कराया गया है। निगम द्वारा संचालित स्वतः रोजगार योजना/अनुविनि के अन्तर्गत वितरित किये गये ऋणों की त्वरित एवं प्रभावी वसूली को अनुगम द्वारा 'नवीन एकमुश्त समाधान योजना का क्रियान्वयन प्रारम्भ किया जा रहा है। इस योजना में निगम द्वारा संचालित उपरोक्त योजनाओं के ऐसे लाभार्थी जिनके द्वारा धनराशि के अभाव में तथा आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण अवशेष धनराशि जमा नहीं की जा रही थी, ऐसे बकायेदारों को शासन द्वारा मूलघन की 36 किस्तें/60 किश्ते (अनुविनी) का वर्ष का साधारण ब्याज वसूल कर खाता बंद कराया जा सकता है, जो बकायेदार उक्त योजना में लाभ लेना चाहते हैं, वह कार्यालय/विकास खण्डों के ग्राम/सहायक विकास अधिकारी (स.क.) से संपर्क कर योजना का लाभ लेते हुए चक्रवर्ती ब्याज एवं दंड ब्याज से बचे। यह योजना शासन द्वारा केवल 31 मार्च, 2025 तक लागू रहेगी।

बकायेदार जिन्होंने निगम की योजनाओं के अंतर्गत विगत वर्षों में ऋण प्राप्त किया है तथा जिनके द्वारा ऋण की अदायगी समय से नहीं की जा रही है और उनके ऋण खातों में बकाया धनराशि अवशेष है। ऐसे समस्त ऋणगृहीता कार्यालय जिला प्रबन्धक, उ.प्र. अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि., कमरा नं. 229, विकास भवन बांदा स्थिति कार्यालय में सम्पर्क कर सुनहरी योजना का लाभ उठाएं।

# प्लेज पार्कों में लगेंगी एमएसएमई इकाइयां

## निजी औद्योगिक पार्क विकास योजना के अन्तर्गत की जाएंगी विकसित

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- अब तक प्रदेश के 11 जिलों में हो चुकी है प्लेज पार्कों की स्वीकृति

**अमृत विचार**। प्रदेश के आर्थिक विकास एवं रोजगार सृजन में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमों का महत्वपूर्ण स्थान है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश के नियोजित औद्योगिक विकास में निजी क्षेत्र के सहयोग की महती आवश्यकता के दृष्टिगत 'प्रमोटिंग लीडरशिप एंड इंटरप्राइज फार डेवलपमेंट आफ ग्रोथ इंजन' (पीएलईडीजीई) निजी औद्योगिक आस्थानों के विकास की योजना प्रारम्भ की है। प्रदेश में इस योजना के क्रियान्वयन को निजी प्रवर्तकों के द्वारा बिल्ड, आउन, आपरेट, (बीओओ) के आधार पर संचालित की जाएगी जिसके कई अवयव हैं।

इस योजना के अन्तर्गत 10 एकड से लेकर 50 एकड़ भूमि एमएसएमई पार्क विकसित करने वाले प्रवर्तको को जिला कलेक्टर के रेट पर भूमि की लागत की 90 प्रतिशत धनराशि एक प्रतिशत ब्याज पर उपलब्ध करायी जाती है। शेष पूंजी की व्यवस्था निजी प्रवर्तको द्वारा स्वंय के स्रोतों अथवा बैंक से ऋण लेकर करनी होती है। प्रवर्तक को अवमुक्त की जाने वाली धनराशि 30 प्रतिशत की तीन समान किश्तों में उपलब्ध करायी जा रही है। शेष 10 प्रतिशत परियोजना पूर्ण होने पर उपलब्ध करायी जायेगी।

निजी प्रवर्तको द्वारा औद्योगिक पार्क हेतु प्रस्तावित की जा रही भूमि को राज्य सरकार के पक्ष में बन्धक रखना होता है। इस योजनान्तर्गत तीन वर्षों के पश्चात प्रवर्तक को अगले तीन वर्षों में छह समान किश्तों में मूलधन मय ब्याज के वापस करना होगा। तीन वर्षों के पश्चात प्रवर्तक से छह प्रतिशत की दर से साधारण ब्याज लिया जायेगा। ब्याज की गणना चकवृद्धि ब्याज के रूप में आगणित नहीं की जायेगी। औद्योगिक पार्क में विकसित भूखण्डों की विक्री से प्राप्त होने वाली धनराशि एस्क्रो खाते में रखी जायेगी तथा इस खाते से राज्य सरकार, प्रवर्तक एवं वित्तीय पोषण करने वाले बैंक को धनराशि मिलेगी।

### छह वर्ष में वापस करनी होगी पूंजी

- योजना में राज्य सरकार द्वारा पूंजी को वापस की जाने वाली अधिकतम अवधि छह वर्ष की होगी। निर्धारित अवधि में धनराशि वापस न किये जाने की स्थिति में निजी प्रवर्तक द्वारा राज्य सरकार के पक्ष में बंधक रखी गयी भूमि राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन हो जायेगी, जिसका विक्रय कर राज्य सरकार अपना बकाया वसूल कर सकेगी। इस योजना कं अंतर्गत विकसित किये जा रहे निजी औद्योगिक पार्कों के भूखण्डों के आवंटन, संचालन तथा मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं के रखरखाव का सम्पूर्ण दायित्व निजी प्रवर्तक का होता है। यह एक स्टैण्ड एलोन होगी। एमएसएमई पालिसी 2022 में उल्लिखित पर्यावरणीय अनुकूल अवस्थापना सुविधाओं के विकास के अतिरिक्त अन्य कोई आर्थिक सहायता प्रवर्तक को प्रदान नहीं की जायेगी। योजनान्तर्गत विकसित किये गये औद्योगिक पार्कों में न्यूनतम 10 इकाईयों को भूखंड आवंटित किया जाना अनिवार्य होगा तथा इनमें से 75 प्रतिशत भूखंड एमएसएमई इकाईयों के लिए आरक्षित रखे जायेगें।

### इन जिलों में प्लेज पार्कों की मिली स्वीकृति

- उत्तर प्रदेश में अब तक कुल 11 प्लेज पार्कों की स्वीकृति मिली है जिसमें अलीगढ़, कानपुर देहात, सहारनपुर, मेरठ, उन्नाव, अमरोहा, सीतापुर, मथुरा, हापुड, सम्भल एवं झांसी जिले में की जा चुकी है।

# आतिशबाजी दुकानों का किया निरीक्षण

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार**। आतिशबाजी की दुकानों एवं दुर्गा पंडालों में आग से बचाव के लिए अग्निशमन अधिकारी एसपी बाजपेई ने शुक्रवार को निरीक्षण किया और उन्हें जरूरी सुझाव दिये।

अग्निशमन केंद्र कालपी के प्रभारी एफएसओ एसपी बाजपेई ने बताया कि आगामी दशहरा एवं दीपावली के पर्वों के अवसर पर सजने वाली आतिशबाजी एवं पटाखे की दुकान केवल लाइसेंसधारक ही नियमानुसार तरीके से विक्रय करेंगे। बिना लाइसेंस किसी भी सूरत में पटाखे या आतिशबाजी बेचने पर पूर्णतः रोक रहेगी। उन्होंने कहा कि कालपी में वर्तमान समय में चार आतिशबाजी के लाइसेंसधारी हैं, त्योहार के अवसर पर नगर के बाहरी छोर आलमपुर में स्थित नवीन नगर पालिका मार्केट में ही आतिशबाजी की दुकानें लगेगी। लाइसेंसधारकों को अग्निशमन विभाग के नियमों का पूर्णता पालन करना होगा, सभी लाइसेंसधारक अपनी-अपनी दुकानों में पानी से भरी टंकी, बालू तथा अग्निशमन उपकरण रखेंगे। इसी प्रकार दुर्गा पंडालों में भी अग्निशमन मानकों का पूरा करने के लिए सुझाव दिए गए हैं। विभाग के कर्मचारियों के साथ अग्निशमन अधिकारी के द्वारा आतिशबाजी की दुकानों व पटाखा गोदामों का निरीक्षण करके लाइसेंसधारकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।



निरीक्षण करते अधिकारी।

## सार-संक्षेप



ज्ञापन देते समिति के सदस्य। अमृत विचार

### फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने की मांग

**जालौन**। नगर की जनता जाम की समस्या से त्रस्त हैं। सड़क के दोनों ओर लगी दुकानों व ठेलियों से आवागमन प्रभावित हो रहा है। बागवान समाज सेवा समिति के तत्वावधान में पदाधिकारियों ने एसडीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपकर सड़क व फुटपाथ से अतिक्रमण हटवाने की मांग की है ताकि वाहन चालक जाम के झाम में न फंसें। बागवान समाज सेवा समिति के अध्यक्ष अशफाक राईन के नेतृत्व में आसिफ खान, शौकीन राईन, इमरान, जाकिर, इदरीश, खान बाबू आदि ने एसडीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार एसके मिश्रा को सौंपकर कहा कि नगरवासी व वाहन चालक वर्तमान में जाम की समस्या से जूझ रहे हैं। इससे पहले भी यह समस्या आई थी। तब तत्कालीन एसडीएम संजय खत्री ने सड़क के दोनों ओर आउट लाइन बनवा दी थी। आउट लाइन के बाहर किसी भी दुकानदार को दुकान लगाने की अनुमति नहीं थी। जिससे जाम की समस्या से नगर के लोगों को निजात मिल गई थी। इसके बाद यह व्यवस्था बंद हो गई। सड़क पर दुकानदार बेतरतीब अपना सामान रख देते हैं। इसके अलावा ठेले, ठिलिया वाले भी रास्ता जाम कर देते हैं। स्कूल की छुट्टी होने पर बच्चे भी निकलने पर स्थिति और भी बिगड़ जाती है। इसके अलावा यदि किसी को जल्दी में चिकित्सालय जाना हो तो उन्हें भी परेशानी होती है। उन्होंने एक बार पुनः नगर की सड़कों पर दोनों ओर सीमांकन कराने की मांग की है। ताकि सड़क के दोनों ओर ठेले ठिलिया या दुकान लगाकर जीवन करने वालों का व्यापार भी प्रभावित न हो और लोगों को जाम की समस्या से भी निजात मिल सके।

### पुरस्कार के लिए खादी ग्रामोद्योग इकाइयों से मांगे आवेदन

**बांदा**। वरिष्ठ प्रबंधक जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजिंदर कौर ने बताया है कि उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड से संचालित योजनाओं में वित्तपोषित खादी ग्रामोद्योगी इकाईयों को सम्मानित किए जाने को आवेदन मांगे गए हैं। उन्होंने बताया कि अच्छे एवं उत्कृष्ट उत्पाद एवं बिक्री करने वाली तथा कम पूंजी निवेश पर अधिक रोजगार प्रदान करने वाली न्यूनतम तीन वर्ष पुरानी स्थापित निरंतर कार्यरत एवं विभाग द्वारा संचालित प्रशिक्षण योजनान्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त इकाईयों के उत्साह वर्धन को वित्तीय वर्ष-2024-25 में मंडल स्तरीय पुरस्कार वितरण किये जाने को जनपद की इकाईयों से आवेदन-पत्र मांगे गए इच्छुक इकाईयों के संचालक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, शान्ति सदन, कटरा- शहर बांदा में चार अक्टूबर 2024 तक आवेदन जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय कार्य दिवस में क जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, शान्ति सदन, कटरा बांदा में संपर्क कर सकते हैं या फिर मोबाइल नं.- 9580503143, 7651871625 पर भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### माइनर में मगरमच्छ निकलने से मचा हड़कंप

उरई। एट थाना क्षेत्र के ग्राम जमरोही खुर्द के पास माइनर में मगरमच्छ मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते लोगो की भीड़ जमा हो गई, और ग्रामीणों ने मामले की सूचना वन विभाग के कर्मचारियों को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुचे वन कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को पकड़ लिया। इसके बाद वन कर्मियों ने मगरमच्छ को ले जाकर वेतवा नदी में छोड़ दिया। इस मौके पर करन यादव, पुष्पेन्द्र सिंह और ग्रामीण मौजूद रहे।

### अपर पुलिस महानिदेशक ने की अपराधों की समीक्षा

**उरई**। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर क्षेत्र आलोक सिंह ने शुक्रवार को जिले का दौरा किया। उन्होंने पुलिस लाइन में बैठक कर जिले में घटित हुए अपराधों और पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि पेशेवर अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाकर सलाखों के पीछे पहुंचाया जाए। जिससे कानून व्यवस्था और बेहतर हो, और आम लोगों में पुलिस के प्रति भरोसा कायम हो। बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक अलोक सिंह ने कहा कि किसी भी हालत में अपराध नहीं बढ़ना चाहिए। लूट राहजनी व चोरी जैसे अपराध बढ़ते हैं तो उससे साफ होता है कि थानाध्यक्ष अपनी ड्यूटी को लेकर गंभीर नहीं है। हाल के दिनों में घटित हुए संगीन अपराधों की उन्होंने समीक्षा की। साथ ही उन्होंने आगामी त्यौहार नवरात्री व दशहरा को लेकर कहा कि नवरात्री पर्व पर जगह जगह दुर्गा प्रतिमा स्थापित होंगी और श्रद्धालु भी जगह जगह दर्शन के लिए निकलेंगे। उन्होंने सर्किल के सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि दुर्गा प्रतिमा वाले रुटो पर बीट इंचार्ज निरंतरण गस्त करें ताकि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो सके। इस मौके पर उपमहानिरीक्षक झांसी कलानिधि नैथानी, एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार, एएसपी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा व सर्किल के सभी सीओ व कोतवाली प्रभारियों के अलावा सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे।

### किशोरी ने फंदे पर लटककर जान दी

**उरई**। रामपुरा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत ऊमरी के मोहल्ला बिलौहा बाल्मिकी मोहाल निवासी राकेश कुमार नगर पंचायत में सफाई कर्मी है। उसकी 13 वर्षीय पुत्री उमा ने गुरुवार शाम सूने घर में खुद को कमरे बन्द कर फंदे से लटक गई। घर के बाहर खेल रहे बच्चों ने जब कमरे के अंदर किशोरी को फांसी के फंदे से लटकते देखा तो शोर मचाकर जानकारी मोहल्ले वालों को दी। उन्होंने मृतका के माता-पिता को घटना से अवगत कराया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष संजीव कुमार कटियार व ऊमरी चौकी प्रभारी मदनपाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और किशोरी के शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। वहीं घटना की जानकारी होते ही माधौगढ़ सीओ रामसिंह ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। लोगों से पूछताछ कर मामले की जानकारी ली। मामले में थानाध्यक्ष कटियार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने व तहरीर मिलने पर कारवाई कर जाएगी। फिलहाल मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

### बाढ़ से आई हुई गंदगी को पालिकाध्यक्ष ने करवाया साफ

**कोंच**। बाढ़ के बाद मोहल्ले में व्याप्त गंदगी को लेकर पालिका अध्यक्ष ने सफाई अभियान चलाया। कस्बे के मोहल्ला गांधी मरई माता के पास गली में मलंगा नाला से बाढ़ का पानी भर गया था और जब यह बाढ़ का पानी खाली हुआ तो अपने साथ ढेरों गंदगी छोड़ गया, जिससे मोहल्ले में संक्रमण का खतरा बढ़ गया और आवागमन में भारी परेशानी होने लगी थी। इसकी जानकारी पालिकाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता को हुई, तो वह सफाई निरीक्षक हरीशंकर निरंजन के साथ मौके पर पहुंचे और अपने समक्ष ही पालिका सफाई कर्मचारियों को लगाकर जेसीबी व सफाई कर्मियों द्वारा गंदगी को साफ करवाया और उस क्षेत्र में एंटी लारवा दवाई का छिड़काव करवाया।

# करंट से आधा दर्जन से अधिक मजदूर झुलसे

संवाददाता उरई

- विद्युत लाइन का तार ट्रैक्टर में छू जाने से हुआ हादसा

**अमृत विचार**। खेतों के ऊपर से निकले झूलता जर्जर विद्युत लाइन के तार खेत से कटाई कर लौट रहे मजदूरों से भरी ट्रैक्टर ट्राली में छू गया। जिससे उतरे करंट की चपेट में आने से करीब आधा दर्जन से अधिक मजदूर झुलस गए। उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया।

आटा थाना क्षेत्र के ग्राम परासन के मजरा भडरा डेरा निवासीगण अंकित, कीरत, चरण सिंह, मुरली, कल्पना और ग्राम देवराई निवासी बलवीर अपने अन्य साथियों के साथ हमीरपुर जनपद के ग्राम झबरा और इंद्रापुर के बीच खेतों में शुक्रवार की सुबह अपने गांव से ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर फसल की कटाई करने गए थे। शाम को फसल की कटाई करने के बाद वापस अपने गांव लौट रहे थे। तभी खेत पर लटक रहे बिजली के तार ट्रैक्टर की छतरी से छू गया, जिससे ट्रैक्टर ट्राली में करंट दौड़ गया। उसमें सवार सभी मजदूर करंट की चपेट में आने से झुलस गए। हादसे के बाद लोगों ने सभी को उपचार के लिए जिला अस्पताल उरई में भर्ती कराया। अंकित झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बलवीर का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है और शेष सभी की छुट्टी कर दी गयी है। फिलहाल एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

# पोल लगवाने को उपखण्ड कार्यालय में दिया पत्र

**कोंच**। मोहल्ला मालवीय नगर लाला हरदौल मन्दिर के पास निवासियों ने पोल लगवाने के लिए उपखण्ड कार्यालय में पत्र सौंपा। इस दौरान लोगों ने बताया कि बस्ती में लगभग 20 कनेक्शन हैं और सभी लोग समय से विद्युत बिल जमा करते हैं लेकिन मोहल्ले में हम लोगों को कनेक्शन के लिए विद्युत पोल नहीं दिए गए। इस सम्बंध में 10 मई को भी पत्र दिया गया था, लेकिन आज तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। मोहल्लेवासियों ने सर्वे कराकर पोल लगवये जाने की मांग की है। इस दौरान वाल किशन, जीतेन्द्र, राजू, अमरचंद्र, आकाश, अशोक कुमार, संजू, जय प्रकाश, हरी प्रकाश, राजा सिंह, राम कुमार, देवानंद, गजराज, लल्लूराम, भलू शारदा मोहित अमित नवल रहे।

# जिला जज, डीएम ने किया जेल का निरीक्षण

संवाददाता उरई

**अमृत विचार**। जनपद न्यायाधीश अचल सचदेव, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव सरन ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने जिला कारागार की बैरक, रसोई घर, सुरक्षा उपकरण आदि की जांच कर बंदियों से वार्ता की और उनकी समस्याएं सुनकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विशेष सफाई कर्मियों एवं बंदियों को मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बंदियों से जेल में मिलने वाली सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कारागार परिसर व कार्यालय का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों के रखरखाव व मुलाकाती रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होंने कारागार परिसर में स्थित अस्पताल का निरीक्षण करते हुए दवाईयों की उपलब्धता व ओपीडी आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित किया कि मरीजों के इलाज में किसी भी प्रकार की कोई शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप जेल में बंदियों को मिलने वाली सारी सुविधाएं अवश्य उपलब्ध कराएं, शातिर बंदियों पर कडी निगरानी रखे, जेल परिसर के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री ना जाने पाये। इस अवसर पर जेल अधीक्षक नीरज देव, उप कारागार आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।



निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

जताई चिंता

मत्स्य विभाग के मंत्री ने मत्स्य विभाग की योजनाओ की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# मत्स्य पालकों के लिए बढ़ाएं रोजगार के अवसर

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार**। उत्तर प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग के मंत्री डा. संजय कुमार निषाद की अध्यक्षता एवं जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद की उपस्थिति में सर्किट हाउस सभागार में मत्स्य विभाग से योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। मंत्री ने मत्स्य पालकों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के निर्देश दिए।

बैठक में मंत्री डा. निषाद ने मत्स्य पालकों का पंजीकरण तथा बीमा कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सहकारी समितियों को और अधिक सक्रिय किये जाने तथा समितियों में रजिस्ट्रेशन के लिए प्राप्त होने वाले आवेदनों का एक रजिस्टर बनाये जाने को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री मत्स्य पालक योजना तथा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत पात्र एवं गरीब मछुवा समुदाय के लोगों को योजना से लाभान्वित कराये जाने के निर्देश दिये। कहा कि मत्स्य पालकों के लिए रोजगार के अधिक से अधिक अवसर बढ़ाए जाए। लीड बैंक मैनेजर को निर्देश दिए मत्स्य पालकों के लिए कैम्प लगाकर एक सप्ताह में केसीसी बनाए जाने का काम पुरा कर लें। मत्स्य विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये कि मत्स्य विभाग से सम्बन्धित संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में पात्र मत्स्य पालकों को प्राथमिकता व पारदर्शिता के साथ लाभ प्रदान किया जाए, इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता पाये जाने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने मत्स्य पालकों को मत्स्य पालन को तालाबों के पट्टों का आवंटन संबंधित ग्राम व क्षेत्र में बृहद स्तर पर प्रचार कर आवंटित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देशित किया कि मत्स्य पालन के लिए पोखरों में कब्जा व अतिक्रमण नहीं होने पाये। साथ ही मत्स्य पालकों को नाव दिये जाने की योजना के अंतर्गत गुणवत्तायुक्त नाव दिये जाने के निर्देश दिये। मछुवा कल्याण कोष तथा मछुवा आवास योजना में गरीब एवं पात्र मत्स्य पालकों का चयन करते हुए योजना का लाभ दिलाए जाने को कहा। मंत्री ने कहा कि मत्स्य पालकों को गंभीर बीमारी में आयुष्मान योजना के अंतर्गत लाभान्वित कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि विभागीय जलाशयों में मत्स्य पालन को आवंटन राजस्व संहिता में दिये गये नियमों के अनुसार आवंटन किया जाए। साथ ही सक्रिय समितियों की बैठक कराये जाने तथा निष्क्रिय समितियों के स्थान पर नयी समितियों का गठन कर उनमें मत्स्य पालकों को सम्मिलित करते हुए कार्य कराये जाने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप, मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, अपर जिलाधिकारी वि./रा. राजेश कुमार, उप निदेशक मत्स्य तथा जिला मत्स्य अधिकारी, लीड बैंक मैनेजर सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



बांदा में अधिकारियों के साथ लेते मत्स्य विभाग के मंत्री डा. संजय निषाद।





बैठक करते उपजिलधिकारी। अमृत विचार

# पुनरीक्षण कार्य के दौरान 581 मतदाताओं के आधार लिंक

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार**। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुरूप उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में बीएलओ तथा सुपरवाइजरों के द्वारा कालपी विधानसभा -220 में निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें 581 वोटरों के आधार कार्ड लिंक कर दिये गये है। मतदाता पंजीकरण केंद्र कालपी के प्रभारी शशांक कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि 20 अगस्त से 26 सितंबर तक चले अभियान के तहत नए मतदाता बनाने के लिए 449 व्यक्तियों के द्वारा आवेदन किए गए हैं। इसी प्रकार नाम काटने के लिए 9512 आवेदन प्राप्त किए गए जिसमें मृतक डबलिन या बाहर बस गए नागरिक शामिल है। मतदाता सूची में जिनके नाम दर्ज हैं ऐसे 296 मतदाताओं के द्वारा नाम संशोधन के लिए आवेदन किया है। इसी प्रकार 10 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक स्वीकृत ड्राप्ट रोल तैयार करना है। 1 जनवरी 2025 को निर्वाचन नामावली का प्रकाशन तथा 6 जनवरी 2025 को अंतिम मतदाता सूची का आयोग के अनुसार प्रकाशन होगा। गत दिनों आयोजित बैठक में पंजीकरण केंद्र प्रभारी ने बताया कि कालपी विधानसभा क्षेत्र में 4 लाख 127 मतदाताओं के नाम सूची में शामिल हैं।

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूँदड़ा 2625-2650 आर.आर.21 2725-2750 गेहूँफारम 2850-2900 जौ 2300 -2400 ज्वार 2000 -4000 बाजरा 2250-2300 मकाई 2400 -2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 7100 -7200 अरहर 8500 -9000 मसूर 5500 -5600 मटर 3600 -3700 उड़दहरा 11500 -12000 उड़दकाला 7500 -8500 मूँग 7500 -8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 15400-15500 अरहरस्पेशल 12200-12300 चनादाल 8950-9050 मटरदाल 4450-4550 मसूरमलका 7100-7150 मसूरदाल 7300-7350 उड़ददाल 9000- 13800 उड़द धोवा 10000- 12800 मूँगदाल 8500 -9700 मूँग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न01.10500 - 11000 सेला 3000 -4000 बासमती न02.7000 -8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1580-1670 मैदा 1630-1670 सूजी 1650-1700 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1530-1550 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5900-6000 अलसी 4500 -4600 अण्डी 4600 -4700 तिल्ली 11000- 11500 मूँगफली दानाषिवपुरी 9400- 11200 बटाली 8800 -11200 सेहुआं 4000 - 4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसोंकोल्हू 15000-15100 अलसी 12200-12300 अण्डी 14000-14200 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1970-1984 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2550-2600 अलसी 5150-5200 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1985-1984 मयूर 1985-1984 गुड़ (प्रति क्वि.) मंगलौरलड्डू 4900-4950 देशीभेली 4600-4700 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 60000-60100 औरय्या 51300-51400 माधौगढ़ 53300-53400

## सर्राफा

कानपुर


| | |
|---|---|
| चाँदी 999 (प्रति किलो) | 93300 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 100000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 105000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 77700 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 57900-58100 |

# भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिर आधार पर 7% की दर से बढ़ेगी : सीईए

### मुद्रास्फीति को ध्यान में रखते हुए मौजूदा कीमतों पर वृद्धि दर 11 प्रतिशत होगी

**कोलकाता, एजेंसी**

केंद्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने शुक्रवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था के स्थिर आधार पर 6.5 से सात प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य को देखते हुए यह वृद्धि दर सराहनीय है। बंगाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए नागेश्वरन ने कहा कि वास्तविक रूप से अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, जबकि मुद्रास्फीति को ध्यान में रखते हुए



- **वर्तमान वैश्विक संदर्भ में यह बेहद ही अच्छी उपलब्धि : नागेश्वरन**

मौजूदा कीमतों पर (नॉमिनल) वृद्धि दर 11 प्रतिशत होगी।


नागेश्वरन ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में स्थिर आधार पर 6.5 से सात प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। वर्तमान वैश्विक संदर्भ में यह बेहद अच्छी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि जबकि विश्व मध्यम अवधि की अनिश्चितताओं का सामना कर रहा है और वैश्विक व्यापार धीमा पड़ रहा है, भारत में कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रभावों से उबरना सरकार द्वारा अपनाई संतुलित राजकोषीय तथा मौद्रिक नीतियों के दम पर मजबूत हो गया है।

### चालू खाता शेष में कोई कमजोरी नहीं

नागेश्वरन ने कहा कि घरेलू बाजारों और बैंकिंग प्रणाली की अच्छी स्थिति से देश के चालू खाता शेष में कोई कमजोरी नहीं है। वृहद संकेतक स्थिरता का संकेत देते हैं। पूंजीगत व्यय में भारी बदलाव आया है, जीडीपी के मुकाबले बाह्य ऋण का अनुपात कम हुआ है और खुदरा मुद्रास्फीति कम हुई है। उन्होंने कहा कि इन सभी कारणों से देश की ऋण प्रणाली को उन्नत करने की आवश्यकता है।

# डेरिवेटिव्स : शेयर के दर में बदलाव पर लाभ का अवसर

इक्विटी डेरिवेटिव्स वित्तीय बाजारों में मुख्य भूमिका निभाते हैं, जो निवेशकों को शेयरों के मूल्य में बदलाव के आधार पर लाभ उठाने का अवसर देते हैं। ये ऑप्शंस और फ्यूचर्स, निवेशकों को अपनी जोखिम प्रबंधन रणनीतियों को लागू करने में मदद करते हैं। हालांकि, इनके साथ उच्च जोखिम भी जुड़ा होता है, जिसमें मार्केट उतार-चढ़ाव और समय सीमाएं शामिल हैं। सही जानकारी और रणनीति के साथ, डेरिवेटिव्स निवेशकों के लिए प्रभावशाली साधन बन सकते हैं, लेकिन सावधानी और ज्ञान जरूरी है। आइए इस पर नजर डालें...



**मार्केट वॉच :** इक्विटी डेरिवेटिव्स का मतलब शेयर बाजार में उपयोग होने वाले डेरिवेटिव्स की निगरानी करना। डेरिवेटिव्स ऐसे वित्तीय अनुबंध हैं जिनकी कीमत किसी अन्य संपत्ति, जैसे कि शेयरों, पर निर्भर करती है।

### निवेश के लाभ

**हेजिंग :** डेरिवेटिव्स का उपयोग निवेशक पोर्टफोलियो को बाजार के उतार-चढ़ाव से बचाने के लिए कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, पुट ऑप्शंस का उपयोग करके वे संभावित नुकसान से बच सकते हैं।

**लिवरेज :** डेरिवेटिव्स से निवेशक छोटी पूंजी के साथ बड़ी मात्रा में शेयरों का नियंत्रण पा सकते हैं। इससे संभावित लाभ बढ़ता है, लेकिन जोखिम भी बढ़ाता है।

**रिटर्न का विविधीकरण :** डेरिवेटिव्स का उपयोग विभिन्न रणनीतियों के माध्यम से रिटर्न उत्पन्न करने के लिए किया जा सकता है, जैसे कि स्ट्रैडल या स्ट्रैंगल ऑप्शंस।

### ऑप्शंस और फ्यूचर्स

**फ्यूचर्स :** ये अनुबंध हैं जिनमें दो पक्ष एक निश्चित तिथि पर एक निश्चित मूल्य पर शेयरों का आदान-प्रदान करने के लिए सहमत होते हैं।

**ऑप्शंस :** ये अनुबंध किसी को एक तय कीमत पर तय समय में शेयरों को खरीदने (कॉल) या बेचने (पुट) का अधिकार देते हैं, लेकिन यह अनिवार्य नहीं है।

**उच्च जोखिम :** डेरिवेटिव्स का उपयोग लिवरेज के माध्यम से होता है, जिससे लाभ के साथ नुकसान भी बढ़ सकता है। एक छोटे मूल्य परिवर्तन से बड़े नुकसान हो सकते हैं।

**जटिलता :** डेरिवेटिव्स के कई प्रकार और रणनीतियां होती हैं, जिनका समझना और सही से उपयोग करना चुनौतीपूर्ण होता है। गलत निर्णय लेने पर नुकसान हो सकता है।

**मार्जिन कॉल :** यदि बाजार आपके खिलाफ है, तो आपको मार्जिन खाते में अतिरिक्त पूंजी जमा करने के लिए कहा जा सकता है, जिससे वित्तीय दबाव बढ़ सकता है।

**कम लागत :** शेयरों की सीधी खरीदारी की तुलना में, डेरिवेटिव्स खरीदने की लागत आमतौर पर कम होती है, जिससे छोटे निवेशक भी भाग ले सकते हैं।

**सामरिक निवेश :** डेरिवेटिव्स का उपयोग विभिन्न सामरिक निवेश दृष्टिकोणों के लिए किया जा सकता है, जैसे कि कवरिंग शॉर्ट पोजीशंस या रिवर्स स्ट्रैटेजीज।

**लचीलापन :** डेरिवेटिव्स में कई प्रकार के अनुबंध होते हैं, जिससे निवेशकों को जोखिम सहिष्णुता और निवेश लक्ष्यों के अनुसार रणनीति बनाने की सुविधा मिलती है।

**ऑनलाइन रिसर्च :** विभिन्न वित्तीय वेबसाइटों जैसे कि याहू फाइनेंस, ब्लूमबर्ग और मनी कंट्रोल पर डेरिवेटिव्स से संबंधित जानकारी और अपडेट्स मिल सकते हैं।

**पुस्तकें :** वित्तीय बाजारों और डेरिवेटिव्स पर पुस्तकें पढ़ना अच्छा तरीका है। इनमें सिद्धांत, रणनीतियां और वास्तविक जीवन के उदाहरण शामिल होते हैं।

**कोर्स और वेबिनार :** कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे कोरसेरा, यूडेमी और ईडीएक्स डेरिवेटिव्स पर पाठ्यक्रम देते हैं।

**ब्रोकर और वित्तीय सलाहकार :** ब्रोकर या वित्तीय सलाहकार से सलाह लेना भी अच्छा विकल्प है। वे व्यक्तिगत सलाह और मार्गदर्शन कर सकते हैं।

**मार्केट रिपोर्ट्स :** विभिन्न वित्तीय संस्थान और शोध संस्थान नियमित रूप से मार्केट वॉच रिपोर्ट्स जारी करते हैं। इनका अध्ययन करना भी सहायक होता है।

**ग्रुप्स :** निवेशक फोरम और सोशल मीडिया समूहों में अनुभव साझा कर सकते हैं और सवाल पूछ सकते हैं।

## स्पेक्ट्रम आवंटन पर ट्राई ने जारी किया परामर्श पत्र

**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने सेटेलाइट आधारित वाणिज्यिक संचार सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम के आवंटन वास्ते अनुबंधों और शर्तें पर परामर्श पत्र जारी किया है। ट्राई ने शुक्रवार को कहा कि हितधारकों से 18 अक्टूबर 2024 तक लिखित टिप्पणियां एवं 25 अक्टूबर तक प्रति-टिप्पणियां आमंत्रित हैं। एनजीएसओ आधारित स्थाई उपग्रह सेवाएं जो कि डेटा संचार और इंटरनेट सेवाएं देती हैं और जीएसओ/एनजीएसओ आधारित मोबाइल उपग्रह सेवाएं जो वॉयस, पाठ्य, डेटा और इंटरनेट सेवाएं प्रदान करती हैं पर ट्राई अपनी अनुशंसाएं दे सकता है।

# नवाचार में भारत ऊंचाइयों पर वैश्विक सूची में 39वां स्थान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **लोबल इनोवेशन इंडेक्स में 133 देश शामिल, 2015 में 81वें व गत वर्ष 40 में स्थान पर था भारत**

देश में नई प्रौद्योगिकी और प्रक्रियाओं के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास के बढ़ते प्रयास के साथ भारत लोबल इनोवेशन इंडेक्स 2024 में 133 देशों की सूची में भारत 39वें स्थान पर है। भारत 2015 में इस सूची में 81वें स्थान और पिछले साल 40 में स्थान पर था।

सूचकांक में भारत मध्य और दक्षिणी एशिया की 10 अर्थव्यवस्थाओं में पहले स्थान पर है। 2024 की सूची में स्वीटजरलैंड, स्वीडन और अमेरिका क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। सूची में नवाचार की दृष्टि से शीर्ष 10 देश में क्रमशः सिंगापुर, ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया, फिनलैंड, नीदरलैंड ,जर्मनी और डेनमार्क है। 10 देश में सभी उच्च आय वर्ग के देश हैं। उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के निर्णायक नेतृत्व से प्रेरित होकर, भारत ने ये उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं।

## विशेष इस्पात को एक और पीएलआई योजना होगी शुरू : सचिव

**नई दिल्ली।** इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक ने कहा कि सरकार विशेष इस्पात के लिए पीएलआई योजना के एक और दौर पर काम कर रही है, क्योंकि पहले दौर की प्रतिक्रिया अनुरूप नहीं रही। शुक्रवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के इस्पात शिखर सम्मेलन 2024 में पौंड्रिक ने कहा कि विशेष इस्पात ऐसा क्षेत्र है जहां काम की जरूरत है। सरकार इसे प्रोत्साहित करने को पीएलआई योजना लाई, लेकिन इसका उठाव उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा।

# विदेशी मुद्रा भंडार 692.30 अरब डॉलर की नई ऊंचाई पर

**मुंबई, एजेंसी**

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 2.84 अरब डॉलर बढ़कर 692.30 अरब डॉलर के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 22.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 689.46 अरब डॉलर पहुंचा था।

भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.06 अरब डॉलर बढ़कर 605.69 अरब डॉलर हो गई। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा



- **2.84 अरब डॉलर की बढ़ोतरी गत सप्ताह 22.3 करोड़ डॉलर की हुई थी वृद्धि**

आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव होता है। स्वर्ण भंडार का मूल्य 72.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 63.61 अरब डॉलर रहा।

## क्षतिपूर्ति उपकर पर मंत्री समूह का गठन

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी की अध्यक्षता में 10 सदस्यीय मंत्री समूह का गठन किया है। यह मार्च 2026 में क्षतिपूर्ति उपकर समाप्त होने के बाद विलासिता तथा अहितकर वस्तुओं पर कर पर निर्णय करेगा। मंत्री समूह (जीओएम) में असम, छत्तीसगढ़, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और बंगाल के सदस्य हैं। यह 31 दिसंबर तक परिषद को रिपोर्ट सौंपेगा।जीएसटी में विलासिता व अहितकर वस्तुओं पर 28% कर के अलावा कई दरों पर क्षतिपूर्ति उपकर है।



# आतंकियों को न कफन मिलेगा, न दो गज जमीन

### जम्मू कश्मीर के उधमपुर जिले में बोले मुख्यमंत्री योगी, पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों को दी चेतावनी

**जम्मू, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों को चेतावनी देते हुए शुक्रवार को कहा कि देश में हिंसा भड़काने के किसी भी प्रयास से आतंकवादियों खात्मा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह नया भारत है, जो आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेगा बल्कि उसे कुचल देगा, दफना देगा।

योगी ने उधमपुर जिले के रामनगर की रैली में कहा कि भारत आतंकवाद को कतई सहन नहीं करने (जीरो टॉलरेंस) की नीति पर है। यदि पाकिस्तान के समर्थन से कोई भी जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फैलाने की कोशिश करेगा तो उसके पास न



जम्मू कश्मीर के उधमपुर के रामनगर में रैली में मौजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

तो ओढ़ने को कफन होगा और न ही दफनाने के लिए दो गज जमीन होगी।

मुख्यमंत्री ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण को डबल इंजन सरकार मॉडल की सफलता बताया। उन्होंने कहा कि यदि आप डबल इंजन सरकार का उदाहरण देखना चाहते हैं तो उत्तर प्रदेश में राम मंदिर है, जो 500 साल बाद बनाया गया। जब हमने राम मंदिर की प्रक्रिया शुरू की तो कुछ लोगों ने कहा कि यदि राम मंदिर का फैसला आया और निर्माण शुरू हुआ तो खून की नदियां बहेंगी। हमने कहा कि यह नया भारत है, जहां सुरक्षा सर्वोच्च है। योगी ने दावा किया कि साढ़े सात साल में उत्तर प्रदेश में दंगे की एक भी घटना नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि जम्मू-कश्मीर को भी ऐसे विकास का हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) पर आतंकवाद को बढ़ावा देकर राजनीतिक लाभ के लिए जम्मू-कश्मीर का शोषण करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, आतंकवाद, अलगाववाद और वंशवाद के पुराने दिन वापस नहीं लौटेंगे। जनता ने इन तीनों परिवारों को विदाई देने का फैसला कर लिया है और चुनाव के बाद उनकी विदाई तय हो जायेगी।

### कश्मीर ने गोलियों को खारिज कर मतपत्रों को चुना



**जम्मू।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि जम्मू कश्मीर में बिना किसी हिंसा के चुनाव हो रहे हैं क्योंकि लोगों ने शांति एवं विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए गोलियों को खारिज कर मतपत्रों को चुना है। नड्डा ने कहा कि कश्मीर के युवा मुख्यधारा में शामिल हो गये हैं। जम्मू पहुंचे नड्डा ने कहा कि दो चरणों में मतदान शांतपूर्ण रहा। पिछले चुनावों के विपरीत इस बार कोई हिंसा, गोलीबारी या आतंकवादी हमला नहीं हुआ। नड्डा ने कहा कि कश्मीर के युवाओं ने आतंकवाद को खारिज कर दिया है। 370 के निरसन से पहले, हर साल 300-400 युवा आतंकी संगठनों में शामिल होते थे और आतंकवादी घोषित किए जाते थे।

### रेवाड़ी में चुनावी रैली के दौरान शाह ने राहुल गांधी से पूछा

# क्या एमएसपी का मतलब जानते हैं

**रेवाड़ी, एजेंसी**

किसानों के हितों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी पर शुक्रवार को निशाना साधते हुए पूछा कि क्या वह एमएसपी का मतलब भी जानते हैं? साथ ही उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा की सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 24 फसलें खरीद रही है।

अमित शाह ने रेवाड़ी में चुनावी रैली में भ्रष्टाचार और आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस पर निशाना साधा। अमित शाह ने किसानों के मुद्दे पर कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि कुछ एनजीओ ने राहुल बाबा से कहा है कि एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) के नाम पर उन्हें वोट मिलेंगे। उन्होंने पूछा कि राहुल बाबा आप एमएसपी



- **गृहमंत्री ने भ्रष्टाचार और आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरा**
- **बोले- हरियाणा सरकार एमएसपी पर खरीद रही है 24 फसलें**

का पूरा नाम जानते हैं? क्या आप ये भी जानते हैं कि कौन-सी रबी की फसल है और कौन-सी खरीफ की फसल है? शाह ने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार एमएसपी पर 24 फसलें खरीद रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के कांग्रेस नेता बताएं कि कौन सा कांग्रेस शासित राज्य इतनी फसलें खरीद रहा है। शाह ने पूछा कि कर्नाटक और तेलंगाना में एमएसपी पर कितनी फसलें खरीदी जा रही हैं? उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान धान की खरीद 1300 रुपये प्रति क्विंटल थी लेकिन अब 2300 रुपये प्रति क्विंटल पर है और अगर आप हरियाणा में भाजपा की सरकार चुनते हैं तो हम 3,100 रुपये (प्रति क्विंटल) पर धान खरीदेंगे। शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यह मोदी सरकार है जिसने वन रैंक वन पेंशन की लंबित मांग को पूरा किया है। भाजपा ने हरियाणा में एक समान विकास किया है और 10 साल में भ्रष्टाचार खत्म हो गया है। भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस की सरकारें कट, कमीशन और भ्रष्टाचार के आधार पर चलती थीं जबकि डीलर, दलाल और दामाद राज करते थे।

## एक नजर

### सिक्किम में भारी बारिश से भूस्खलन, पुल क्षतिग्रस्त

**गंगटोक।** सिक्किम में तीन दिन से जारी भारी बारिश से कई इलाकों में भूस्खलन हुआ है और राज्य के उत्तरी हिस्से का प्रवेशद्वार माने जाने वाले पुराने रंग-रंग पुल को भी नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने बताया कि पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने से मंगन जिला मुख्यालय राज्य के बाकी हिस्सों से कट गया है। संकलांग पुल के पिछले साल क्षतिग्रस्त होने से जोंगू से होकर जाने वाला वैकल्पिक मार्ग भी अवरुद्ध हो गया था। जिला प्रशासन सड़क संपर्क जल्द से जल्द बहाल करने के लिए काम कर रहा है और बारिश के कारण हुए नुकसान का आकलन कर रहा है। इस बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सिक्किम में अगले दो दिन के लिए 'रेड अलर्ट' जारी करके भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है।

### भागलपुर में एक और छोटा पुल ढहा

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के पीरपैंती प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को छोटे पुल का खंभा ढह गया। भागलपुर के जिलाधिकारी (डीएम) नवल किशोर चौधरी ने कहा कि पीरपैंती-बाबूपुर इलाके को बाखरपुर रोड से जोड़ने वाली सड़क पर छोटे पुल का खंभा शुक्रवार सुबह छह बजे थोड़ा नीचे गिर गया। पूरा पुल नहीं गिरा है... पुल पर यातायात बंद है और तकनीकी विशेषज्ञ मरम्मत में लगे हुए हैं। ऐसा संभवत: गंगा नदी से बाढ़ का पानी सड़क पर आ जाने से हुआ होगा। डीएम ने कहा कि घटना के सही कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए गए हैं।

## बदलापुर आरोपी के शव को दफनाने के लिए स्थान की पहचान करे पुलिस

**मुंबई, एजेंसी**

- **पिता की याचिका पर बॉम्बे हाईकोर्ट का निर्जन स्थान की तलाश का निर्देश**
- **शिंदे के समुदाय में शवों को दफनाने की प्रथा नहीं की दलील को ठुकराया**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पुलिस को बदलापुर मामले के आरोपी अक्षय शिंदे के शव को दफनाने को निर्जन स्थान की पहचान का निर्देश दिया। आरोपी पुलिस की जवाबी गोलीबारी में मारा गया था। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति एमएम सथाये की पीठ ने कहा कि स्थान की पहचान होने पर पुलिस शिंदे के परिजनों को सूचना देगी।

कोर्ट ने अभियोजन पक्ष की इस दलील को रद कर दिया कि शिंदे के समुदाय में शवों को दफनाने की कोई प्रथा नहीं है तथा इसे उनके माता-पिता की इच्छा बताया। शिंदे के पिता ने बेटे के शव को दफनाने के लिए जगह की व्यवस्था का अनुरोध करते हुए कोर्ट का रुख किया। सरकारी वकील हितेन वेनेगांवकर ने बताया कि बदलापुर और पड़ोसी इलाकों के सभी कब्रिस्तानों ने शिंदे के शव को दफनाने से इनकार कर दिया है और इसका विरोध किया है।

### शीना बोरा हत्याकांड

## इंद्राणी की विदेश यात्रा की अनुमति रद

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने अपनी बेटी शीना बोरा की हत्या की आरोपी पूर्व मीडिया एक्जीक्यूटिव इंद्राणी मुखर्जी को विदेश यात्रा की सीबीआई की विशेष अदालत की ओर से दी अनुमति शुक्रवार को रद कर दी। यह आदेश न्यायमूर्ति श्याम सी चांडक की एकल पीठ ने सीबीआई की याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया। सीबीआई ने इस आधार पर याचिका दायर की है कि इंद्राणी एक गंभीर अपराध के लिए मुकदमे का सामना कर रही हैं और उनके देश से भागने की संभावना है।

# प्रधानमंत्री के एकाधिकार मॉडल ने एमएसएमई को किया तबाह : राहुल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एकाधिकार मॉडल ने नौकरियां छीन लीं तथा सूक्ष्म , लघु एवं मध्यम उपक्रमों (एमएसएमई) को तबाह कर दिया है। राहुल ने पिछले दिनों जम्मू- कश्मीर में स्टार्टअप उद्यमियों से मुलाकात की थी और आज इसका वीडियो एक्स पर साझा किया।

राहुल गांधी ने पोस्ट किया कि जम्मू - कश्मीर के एक युवा स्टार्टअप मालिक की आंखों में निराशा भारत के अधिकांश उद्यमियों और छोटे - व्यवसाय मालिकों के संघर्ष को दर्शाती है।



- **लोस में नेता प्रतिपक्ष ने जम्मू- कश्मीर में स्टार्टअप उद्यमियों से मुलाकात का वीडियो एक्स पर किया साझा**

मोदी के एकाधिकार मॉडल ने नौकरियां छीन ली हैं, एमएसएमई को तबाह कर दिया है और लोगों को अवसरों से वंचित कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि खराब जीएसटी और नोटबंदी जैसी नीतियों से छोटे और मध्यम उद्योगों पर व्यवस्थित हमले ने उत्पादक से उपभोक्ता अर्थव्यवस्था में बदल दिया है। इस दर पर हम न तो चीन से प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं और न लोगों के लिए समृद्धि सुनिश्चित कर सकते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसलों के सारांश के साथ वेब पेज किया शुरू

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट अपने महत्वपूर्ण निर्णयों का सारांश उपलब्ध कराने को नया वेब पेज शुरू किया है। इस संबंध में कहा गया कि वेब पेज लैंडमार्क जजमेंट समरीज नागरिकों के लिए सुविज्ञ सूचना देने, कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देने और कानून के साथ सार्वजनिक जुड़ाव को बढ़ाने के अदालत के व्यापक लक्ष्य के अनुरूप न्यायालय के महत्वपूर्ण निर्णयों को समझना आसान बनाता है।

इसमें कहा गया कि उच्चतम न्यायालय के फैसले देश भर में सार्वजनिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों को प्रभावित करते हैं। इसलिए न्यायालय अपने निर्णयों को सभी नागरिकों के लिए सुलभ बनाने के महत्व को पहचानता है। हालांकि, जटिल कानूनी भाषा और लंबे फैसले नागरिकों को न्यायालय के काम और निर्णयों को समझने में बाधा बन सकते हैं, और यहां तक कि महत्वपूर्ण निर्णयों के बारे में गलत धारणाएं भी पैदा हो सकती हैं। वेब पेज पर सार्वजनिक हित के महत्वपूर्ण फैसलों की वर्ष-वार सूची शामिल है।

## बिहार में स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस पर पथराव

**समस्तीपुर।** बिहार के समस्तीपुर रेलवे स्टेशन के पास स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस पर अज्ञात बदमाशों ने पथराव किया, जिससे पेंट्री कार सहित तीन कोच की खिड़कियों के शीशे टूट गए। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) सरस्वती चंद्रा ने बताया कि बीती रात नौ बजकर 50 मिनट पर जब स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस (जयनगर से नई दिल्ली-ट्रेन संख्या 12561) समस्तीपुर रेलवे स्टेशन के आउटर सिग्नल के पास पहुंची तभी कुछ बदमाशों ने ट्रेन पर पथराव किया।

# आतिशी, केजरीवाल की याचिका पर सोमवार को शीर्ष सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### मानहानि मामला

सुप्रीम कोर्ट मानहानि के मामले में हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और आप नेता अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। दोनों नेताओं ने हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें मतदाता सूची से कुछ समुदायों के 30 लाख मतदाताओं के नाम कथित तौर पर हटाने के बारे में उनकी टिप्पणियों पर मानहानि का मामला रद करने से इनकार कर दिया गया था। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एस. वीएन भट्टी की पीठ ने शुक्रवार को भाजपा नेता राजीव बब्बर की ओर से पेश अधिवक्ता सोनिया माथुर की दलीलों पर गौर किया कि रिपोर्ट में उनके कैविएट का उल्लेख नहीं किया है और वे जवाब दाखिल नहीं कर सकीं, क्योंकि याचिका गुरुवार देर शाम सौंपी गई। पीठ ने सुनवाई के लिए सोमवार का दिन तय किया।

## एमसीडी की रिक्त सीट भाजपा ने जीती

**नई दिल्ली।** भाजपा ने दिल्ली नगर निगम की 18 सदस्यीय स्थायी समिति की एकमात्र रिक्त सीट पर शुक्रवार को निर्विरोध जीत हासिल की क्योंकि सत्तारूढ़ आप और कांग्रेस के पार्षदों ने चुनाव का बहिष्कार किया था। भाजपा उम्मीदवार सुंदर सिंह को पार्टी के सभी 115 पार्षदों के वोट मिले, जबकि आप की निर्मला कुमारी को कोई वोट नहीं मिला। स्थायी समिति दिल्ली नगर निगम के संबंध में निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था है। इस चुनाव परिणाम के साथ भाजपा के पास अब समिति में 10 सदस्य हैं।

# भारत माता की जय का नारा नफरती नहीं

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कर्नाटक हाईकोर्ट ने विभिन्न धार्मिक समूहों के बीच शत्रुता को रोकने के लिए दंडात्मक प्रावधानों का दुरुपयोग करने की निंदा करते हुए ''भारत माता की जय'' नारा लगाने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को भी रद कर दिया है।

कर्नाटक के उल्लाल तालुक के निवासियों पर भारत माता की जय के नारे लगाने के आरोप में भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए के तहत

- **कर्नाटक हाईकोर्ट ने कहा- यह राष्ट्रीय एकता को देता है बढ़ावा**



मामला दर्ज किया गया था। अदालत ने इस नारे को घृणा भाषण या धार्मिक वैमनस्य को बढ़ावा देने के लिए उपयुक्त नहीं माना। यह फैसला धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले भाषण की परिभाषा को स्पष्ट करने में महत्वपूर्ण है। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने अपने फैसले में कहा कि यह मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए का अभूतपूर्व दुरुपयोग है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि धारा 153ए के तहत आरोप साबित करने के लिए आवश्यक कोई भी तत्व इस मामले में मौजूद नहीं थे। उन्होंने कहा कि यह मामला धारा 153ए का क्लासिक दुरुपयोग है और यह केवल एक प्रतिकार के रूप में दर्ज किया गया था। भारत माता की जय का नारा लगाना किसी भी तरह से धार्मिक वैमनस्य को बढ़ावा नहीं देता है, बल्कि यह राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देता है।

## खेल डायरी

### चोटिल जॉश हल पाकिस्तान दौरे से हुए बाहर

**लंदन।** इंग्लैंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जॉश हल क्वाड चोट के कारण अक्टूबर में वाले पाकिस्तान दौरे से बाहर हो गए हैं। 20 वर्षीय हल ने इस महीने की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने ओवल में तीसरे टेस्ट में तीन विकेट लिए थे। इसी टेस्ट मैच के दौरान उन्हें चोट लगी थी। इसके बाद वे ऑस्ट्रेलिया के साथ इंग्लैंड की सीमित ओवरों की सीरीज से बाहर हो गए थे। चयनकर्ताओ ने हल की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को टीम में नहीं जोड़ा है। पाकिस्तान दौरे के लिए क्रिस वोक्स, मैथ्यू पॉट्स, ओली स्टोन, गस एटकिंसन और ब्रायडन कार्स पाकिस्तान दौरे के लिए इंग्लैंड की 16 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाजी विकल्प हैं। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार हैमस्ट्रिंग चोट के कारण कप्तान बेन स्टोक्स के सा अक्टूबर से शुरू होने वाले पहले टेस्ट के दौरान गेंदबाजी करने की संभावना नहीं है। इंग्लैंड की पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट शृंखला सात अक्टूबर से मुल्तान में शुरू होगी और 15 अक्टूबर को दूसरे टेस्ट भी उसी मैदान पर खेला जायेगा। जबकि तीसरा टेस्ट 24 अक्टूबर को रावलपिंडी में होगा।

### त्रिसा-गायत्री की जोड़ी सेमीफाइनल में, श्रीकांत हारे

**मकाऊ।** भारत के किदांबी श्रीकांत शुक्रवार यहां मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल से बाहर हो गए लेकिन त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंची। मई में लगी चोट से वापसी कर रहे छठे वरीय श्रीकांत पुरुष एकल मुकाबले में हांगकांग के निग का लोंग एंगस के खिलाफ लय हासिल करने में संघर्ष करते दिखे और महज 31 मिनट में 16-21 12-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। त्रिसा और गायत्री की तीसरी वरीय जोड़ी ने महिला युगल क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे की छठी वरीय सु यिन हुई और लोन जिह युन की जोड़ी को 21-12 21-17 से शिकस्त दी। टूर्नामेंट में भारतीयों में अब बस त्रिसा और गायत्री की जोड़ी की ही चुनौती बची है। सेमीफाइनल में उनका सामना सिएह पेई शान और हुंग एन जु की चीनी ताइपे की जोड़ी से होगा। यह जोड़ी मई-जून में सिंगापुर ओपन सुपर 750 में भी अंतिम चार में पहुंची थी।

### शुभंकर की स्पेन ओपन में निराशाजनक शुरुआत

**मैड्रिड।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने यहां 2024 डीपी विश्व टूर पर स्पेन ओवन टूर्नामेंट के पहले दौर में तीन ओवर 74 के स्कोर से अपने अभियान की निराशाजनक शुरुआत की। अपने खेल की शरुआत बैक नाइन से करते हुए शर्मा ने पहले दो होल में डबल बोगी और बोगी कर दिया। वह इसके बाद 15वें होल में भी बोगी कर बैठे। इससे उनका स्कोर चार ओवर हो गया। शुभंकर को अब कट में जगह बनाने के लिए दूसरे दौर में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

### प्राणवी और त्वेसा की फ्रांस में औसत शुरुआत

**ड्यूविले (फ्रांस)।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स और त्वेसा मलिक ने लैकोस्टे ओपन डी फ्रांस शुरुआती दौर में एक ओवर 72 के समान कार्ड के साथ औसत प्रदर्शन किए। बारिश के कारण ये दोनों भारतीय खिलाड़ी संयुक्त रूप से 35वें स्थान पर है। प्राणवी चार बर्डी के मुकाबले पांच बोगी कर बैठी जबकि ने त्वेसा ने चार बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाए। इंग्लैंड की बेल वार्डले, स्थानीय खिलाड़ी एम्मा ग्रेची और फॉर्म में चल रही कर्स्टन रुडगेली तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर है।

### युवराज संधू ताइपे में संयुक्त दूसरे स्थान पर

**ताइपे।** भारत के युवराज संधू ताइवान में येंगडर टीपीसी गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर सात अंडर 65 का शानदार कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। युवराज ने शुरुआती चार होल में तीन बर्डी लगाकर शानदार आगाज किया। उन्होंने आखिरी सात होल में पांच बर्डी और एक बोगी लगाकर 65 का कार्ड खेला। वह तालिका में शीर्ष पर काबिज थाईलैंड के सुतीपत प्रतीप्तिएंचाई (आठ अंडर 64) से एक शॉट पीछे है। चीनी-ताइपे के वांग वेई-ह्वान सात अंडर 65 का कार्ड खेल संधू के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। युवराज के अलावा टूर्नामेंट में भाग ले रहे अन्य खिलाड़ियों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। अजितेश संधू (67) और करणदीप कोचर (67) संयुक्त छठे स्थान पर हैं जबकि शिव कपूर (68) संयुक्त 14वें स्थान पर हैं। राशिद खान (70) संयुक्त 46वें, गगनजीत भुल्लर (71) संयुक्त 67वें कट में जगह बनाने की दौड़ में है। एसएसपी चौरसिया (75) संयुक्त 128वें, एस चिक्कारंगप्पा (76) संयुक्त 137वें और वरुण चोपड़ा (82) संयुक्त 150वें के लिए कट में प्रवेश करना मुश्किल होगा।

# बारिश बनी बाधा, धुला डेढ़ सत्र

## दूसरे टेस्ट के पहले दिन बांग्लादेश ने 166 मिनट में तीन विकेट के नुकसान पर बनाए 107 रन

- **शुरूआती दो विकेट की सफलता आकाशदीप ने दिलाई, अश्विन को मिला एक विकेट**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



विकेट लेने के बाद जश्न मनाते भारतीय टीम के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**स्कोर बोर्ड**

| बांग्लादेश (पहली पारी) | 107/3 35 ओवर | | |
|---|---|---|---|
| | रन | गेंद | 4/6 |
| जाकिर का जायसवाल बो आकाश दीप | 0 | 24 | 0/0 |
| शदमन इस्लाम पगबाधा आकाश दीप | 24 | 36 | 4/0 |
| मोमिनुल हक नाबाद | 40 | 81 | 7/0 |
| नजमुल हसन शंटो पगबाधा अश्विन | 31 | 57 | 6/0 |
| मुशफिकुर रहीम नाबाद | 6 | 13 | 1/0 |

अतिरिक्त: 6, विकेट पतन: 1-26, 2-29, 3-80

गेंदबाजी : बुमराह 9-4-19-0, सिराज 7-0-27-0, अश्विन 9-0-22-1, आकाश दीप 10-4-34-2

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में पहले दिन शुक्रवार को बारिश बड़ी बाधा बनी रही। पहले दिन का डेढ़ सत्र का खेल बारिश में धुल गया। सुबह पहले सत्र में तो बारिश नहीं हुई, लेकिन सत्र समाप्त होते ही बारिश शुरु हो गई।

भारत को दोनों सफलता आकाशदीप ने दिलाई। भोजन के बाद के दूसरे सत्र में बांग्लादेश ने अपना तीसरा विकेट खोया। इस सत्र में अभी कुल 9 ओवर का ही खेल हो सका था कि तेज बारिश फिर बाधा बनी। तेज बारिश देखकर अंपायर्स ने खेल खत्म करने की घोषणा कर दी। पहले दिन 166 मिनट का ही खेल हो सका। बांग्लादेश ने पहली पारी में 35 ओवर में 3 विकेट खोकर 107 रन बनाए।

पहले दिन का मैच बारिश के कारण डेढ़ घंटे देरी से शुरु हुआ। टॉस जीतकर टीम इंडिया ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। जसप्रीत बुमराह व मो. सिराज की गेंदों का सामना करने में बांग्लादेश की ओपनर जोड़ी जाकिर व शादमान परेशान नजर आए। इसके बाद एक छोर पर अश्विन और दूसरे छोर पर आकाशदीप को लाते ही सफलता मिली। पारी के नौवें ओवर में आकाश दीप ने अपने पहले ओवर की तीसरी ही गेंद पर जाकिर हसन को (0) पर चलता किया। इसके बाद 29 रन के स्कोर पर आकाशदीप ने शादमान को बाहर का रास्ता दिखाया। इसके बाद मोमिन उल हक के साथ कप्तान नाजमुल शांतो सधे अंदाज में रन जुटाते रहे और खेल को पहले सत्र के अंत तक ले गए। पहले सत्र में कुल 26 ओवर डाले गए। बांग्लादेश ने लंच तक 2 विकेट खोकर 74 रन बना लिए थे। तीसरे विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी हुई। लंच के बाद 29वें ओवर में अश्विन ने मेहमान कप्तान नाजमुल शांतो को 31 रन पर एलबीडब्ल्यू करके तीसरी सफलता दिलाई।



ग्रीनपार्क स्टेडियम में दूसरे सत्र के दौरान हुई बारिश के बाद मैदान को किया कवर। ● एजेंसी

## नतीजा निर्भर होगा अश्विन और जडेजा से कैसे निपटते हैं हमारे बल्लेबाज : मैक्सवेल

**नई दिल्ली।** ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को लगता है कि आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि मेजबान टीम के बल्लेबाज भारत की शीर्ष स्पिन जोड़ी रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा से किस तरह निपटते हैं।



- **ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन बोले- लगातार तीसरी शृंखला जीतना चाहेगी भारतीय टीम**

भारत ने 2018-19 और 2020-21 के दौरे पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी और अब टीम की निगाहें लगातार तीसरी शृंखला कब्जाने पर लगी हैं। बल्कि भारत एशिया का एकमात्र देश है जिसने टेस्ट शृंखला में ऑस्ट्रेलिया को उसकी सरजमीं पर शिकस्त दी है। मैक्सवेल ने कहा कि अकसर अश्विन और जडेजा की जोड़ी खेल का नतीजा तय करती है। मैक्सवेल ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा मेरा मानना है कि लंबे समय तक अश्विन और जडेजा जैसे गेंदबाजों के खिलाफ खेलने के बाद ऐसा लगता है कि हमने लगातार इन दोनों का सामना किया है और अकसर उनके खिलाफ हमारा प्रदर्शन मैच का नतीजा तय करता है। मैक्सवेल हालांकि अब ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट क्रिकेट की योजना का हिस्सा नहीं हैं और 2017 में अपना अंतिम टेस्ट खेलने के बाद उन्होंने कहा कि उनके देश के बल्लेबाजों को भारत के सीनियर स्पिनरों के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी करनी होगी। अश्विन और जडेजा ने मिलकर 330 पारियों में 821 विकेट झटके हैं जिसमें से 50 दफा वे पांच विकेट झटक चुके हैं।

## मेदवेदेव ने बीजिंग में मोनफिल्स को हराया, अल्काराज एकतरफा जीते

बीजिंग, एजेंसी

डेनियल मेदवेदेव चीन ओपन के शुरुआती दौर में शुक्रवार को यहां फ्रांस के अनुभवी गेल मोनफिल्स की मुश्किल चुनौती से पार पाने में सफल रहे। रूस के इस तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 92 मिनट तक चले मुकाबले में 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। वहीं, कार्लोस अल्काराज ने पहले दौर में जियोवानी एमपेट्शी पेरीकार्ड के खिलाफ सीधे सेट में 6-4, 6-4 से एकतरफा जीत हासिल की।

लकी लूजर के तौर पर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाले रोमन सफीउलिन ने तीन बार के ग्रैंड स्लैम विजेता स्टेन वावरिंका को हराकर बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने 6-3 6-4 से जीत दर्ज की। वह अगले दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से भिड़ेंगे। महिला वर्ग में छठी



वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को चीन की वाइल्ड कार्ड धारक झांग शुआई ने 75 मिनट में 6-4, 6-2 से हराया। हुबर्ट हुर्काज तोक्यो में दूसरे दौर में अमेरिकी ओपन सेमीफाइनलिस्ट जैक ड्रेपर से हार गए। टेलर फ्रिट्ज और कैस्पर रूड पहले ही बाहर हो गए है। बेन शेल्टन भी मारियानो नवोन को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

## श्रीलंका ने बनाया 602 का बड़ा स्कोर

गाले, एजेंसी

कामिंडू मेंडिस (नाबाद 182), दिनेश चांदीमल (116), कुसल मेंडिस (नाबाद 106) की शतकीय पारियों के दम पर श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को पांच विकेट पर 602 रन बनाने के बाद पारी घोषित करने के बाद न्यूजीलैंड के 22 रन पर दो विकेट चटकाते हुए मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है।

श्रीलंका ने कल के तीन विकेट पर 306 रन से आगे खेलते हुए अभी 22 रन ही जोड़े थे कि ग्लेन फिलिप्स ने एंजलो मैथ्यूज (88)को आउट कर पवेलियन भेज दिया। श्रीलंका का पांचवां विकेट 402 रन पर धनंजय डीसिल्वा (44) के रूप में गिरा। कप्तान धनजय डी सिल्वा के आउट होने के बाद मैदान पर आए कुसल ने 148 गेंद का सामना करते हुए अपना शतक पूरा किया। कुसल ने टेस्ट करियर का 10वां शतक जड़ा। शतक पूरा करने के लिए मेंडिस ने छह चौके और तीन छक्के लगाए। कुसल ने कामिंदु मेंडिस के साथ छठे विकेट के लिए 200 रन की साझेदारी की। कामिंडू मेंडिस ने 250 गेंदों में 16 चौके और चार छक्के लगाते हुए (नाबाद 182) रनों की पारी खेली। श्रीलंका ने दूसरे दिन 602 रन पर पारी घोषित की। कामिंदु मेंडिस (नाबाद 182) और कुसल मेंडिस (106) रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की ओर से ग्लेन फिलिप्स ने तीन विकेट लिये। वहीं टीम साउदी ने एक बल्लेबाज को आउट किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में टॉम लेथम (2) का विकेट गवां दिया।



- **कामिंडू मेंडिस ने खेली नाबाद 182 रनों की पारी चांदीमल और कुसल ने भी जड़े शतक**

शतक के बाद दर्शकों का अभिवादन करते कुसल ● एजेंसी

## ड्वेन ब्रावो ने सभी प्रारूपों से संन्यास लिया, मेंटोर बनकर केकेआर से जुड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

वेस्टइंडीज के दिग्गज हरफनमौला खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की है। वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से मेंटोर (मार्गदर्शक) के तौर पर जुड़ेंगे जिससे चेन्नई सुपरकिंग्स के साथ उनका लंबे समय तक चला जुड़ाव खत्म हो गया।

विश्व कप विजेता 40 साल के ब्रावो केकेआर में गौतम गंभीर की जगह लेंगे जिन्होंने इस साल की शुरुआत में भारत के मुख्य कोच का पद संभालने के लिए यह भूमिका छोड़ दी थी। ब्रावो को चोट के कारण कैरेबियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र से बीच में ही हटना पड़ा था। उन्होंने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर लिखा आज वह दिन है जब मैं उस खेल को अलविदा कह रहा हूं जिसने मुझे सब कुछ दिया है। एक पेशेवर क्रिकेटर के रूप में 21 साल यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि मैं अपना सपना इसलिए जी सका क्योंकि मैंने इस खेल को हर कदम पर शत प्रतिशत दिया। उन्होंने कहा मैं इस रिश्ते को जारी रखना चाहूंगा, लेकिन अब वास्तविकता का सामना करने का समय आ गया है।



- **वेस्टइंडीज के हरफनमौला ने छोड़ दिया चेन्नई का साथ**

## चोट ठीक है, अगला बड़ा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप

सोनीपत, एजेंसी

भारतीय स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने आगामी सत्र के लिए शत प्रतिशत फिट होने का वादा करते हुए शुक्रवार को कहा कि उनका अगला लक्ष्य 2025 तोक्यो विश्व चैम्पियनशिप में पोडियम पर जगह हासिल करना है। ओलंपिक में दो बार के पदक विजेता नीरज ब्रुसेल्स में डायमंड लीग के फाइनल में दूसरे स्थान रहे थे। वह मौजूदा सत्र को समाप्त कर स्वदेश वापस आ गये हैं।

तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज ने पेरिस ओलंपिक में रजत पदक अपने नाम किया। वह लगातार दो ओलंपिक में पदक जीतने वाले भारत के पहले ट्रैक एवं फील्ड एथलीट हैं। इस 26 साल के खिलाड़ी ने हरियाणा खेल विश्वविद्यालय की मिशन ओलंपिक 2036 पर आयोजित एक सम्मेलन के मौके पर कहा मेरा सत्र अब खत्म हो गया है। अगले साल का सबसे बड़ा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप है और हम इसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर देंगे। ओलंपिक हमेशा हमारे दिमाग में रहता है, उसके लिए हमारे पास चार साल हैं। विश्व चैंपियनशिप अगले साल 13 से 21 सितंबर तक आयोजित होने वाली है। चोपड़ा पूरे साल मांसपेशियों की चोट से जूझते रहे और इससे ओलंपिक और डायमंड फाइनल दोनों में उनका प्रदर्शन प्रभावित हुआ। डायमंड लीग फाइनल में उन्होंने टूटे हुए बाएं हाथ के साथ भी प्रतिस्पर्धा की थी।

### यह साल चोटों से भरा रहा है, नए सत्र के लिए पूरी तरह से फिट हो जाऊंगा

सत्र के अंत में डॉक्टरों से सलाह लेने की बात कही थी ताकि यह तय किया जा सके कि चोट से उबरने के लिए सर्जरी की जरूरत होगी या नहीं। चोपड़ा ने फिटनेस के बारे में पूछे जाने पर चोट की चिंताओं को नजरअंदाज करते हुए कहा कि अपनी तकनीक में सुधार करने पर ध्यान दे रहे हैं। मेरे लिए यह साल चोटों से भरा रहा है लेकिन अब चोट अब ठीक है। मैं नए सत्र के लिए पूरी तरह से फिट हो जाऊंगा। तकनीकी मुद्दे भी हैं लेकिन हम उन पर काम करेंगे। मैं अपनी तकनीक में सुधार करने पर ध्यान दूंगा। मैं भारत में भी अभ्यास करना पसंद करता हूं लेकिन जब प्रतियोगिताएं शुरू होती हैं तब मेरे लिए विदेश में अभ्यास करना सही रहता है। भारतीय खिलाड़ियों के ओलंपिक में छह पदक जीते लेकिन इसमें कोई स्वर्ण पदक नहीं था। इसके बारे में पूछे जाने पर चोपड़ा ने कहा हमारे कई खिलाड़ी चौथे स्थान पर थे, लेकिन इस बार हमने पैरालंपिक में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और कई पदक जीते। आने वाले समय में हमें ओलंपिक और पैरालंपिक दोनों में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद है।



## बॉलीवुड हलचल

### फिल्म वेट्टैयन द हंटर का हिंदी टीजर रिलीज



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की आने वाली फिल्म वेट्टैयन द हंटर का हिंदी टीजर रिलीज हो गया है। टीजे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन की भी अहम भूमिका है। अमिताभ और रजनीकांत ने अंधा कानून, गिरफ्तार और हम जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। यह जोड़ी 33 साल के बाद साथ नजर आएगी। वेट्टैयन द हंटर का हिंदी टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में अमिताभ बच्चन और रजनीकांत टॉप लेवल के एक अधिकारी की भूमिका में नजर आ रहे हैं। रजनीकांत जहां एनकाउंटर स्पेशलिस्ट हैं। वहीं अमिताभ भी अहम भूमिका में नजर आ रहे हैं। लाइका प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत और अमिताभ बच्चन के अलावा राणा दग्गुबाती फहद फाजिल, मंजू वारियर, दुशारा विजयन, रितिका सिंह, जीएम सुंदर, रोहिणी, राव रमेश, रमेश थिलक, रक्षण और अन्य सितारे शामिल हैं। इस फिल्म में संगीत अनिरुद्ध रविचंदर का है। वेट्टैयन 10 अक्टूबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### पुष्पा 2: द रूल के सेट पर पहुंचे एसएस राजामौली

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एसएस राजामौली पुष्पा 2 द रूल के सेट पर पहुंचे और निर्देशक सुकुमार के साथ तस्वीर खिंचवाईं। इस साल की सबसे प्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2 द रूल के धमाकेदार टीजर और गानों के रिलीज के साथ, यह फिल्म वास्तव में सबसे बड़ा फिनोमेना बन चुकी है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस सबके बीच, निर्देशक एसएस राजामौली ने पुष्पा 2 द रूल के सेट पर दौरा किया और सुकुमार के साथ तस्वीर खिंचवाई। इन दोनों निर्देशकों के बीच इस आइकोनिक मुलाकात का पल कैद करते हुए, टीम ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा की और लिखा सेट्स से एक आइकोनिक तस्वीर #पुष्पा, भारतीय सिनेमा का गर्व <bha>@</bha>एसएस राजामौली ने सबसे बड़े मास फिल्म- #पुष्पा2 द रूल के सेट पर दौरा किया। पुष्पा 2 द रूल का प्रदर्शन 6 दिसंबर 2024 को विश्वभर के सिनेमाघरों में होने वाला है। इस फिल्म को सुकुमार ने निर्देशित किया है और इसे माइट्री मूवी मेकर्स द्वारा प्रोड्यूस किया जा रहा है। फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फ़हद फासिल शामिल हैं। संगीत टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत किया गया है।

### एक्टर नहीं बनना चाहती हैं नव्या नवेली नंदा

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की नातिन और श्वेता बच्चन की बेटी नव्या नवेली नंदा एक्टर नहीं बनना चाहती हैं। नव्या नवेली नंदा शोबिज़ का हिस्सा नहीं हैं। इसके बावजूद, नव्या का बहुत बड़ा फैनबेस है। उनका पॉडकास्ट, व्हाट द हेल नव्या? अपने दो सफल सीज़न के साथ हिट रहा है। नव्या अपने पिता निखिल नंदा के नक्शेकदम पर चल रही हैं और अपने फैमिली बिजनेस में शामिल हो गई हैं। नव्या नवेली नंदा हाल ही में इंडिया टुडे मुंबई कॉन्क्लेव 2024 में शामिल हुई थीं। इस दौरान उन्होंने बताया है कि वह एक्टर नहीं बनना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि यह फैसला पूरी तरह से उनकी पसंद का है। चाहे मैं किसी भी बैकग्राउंड से आती हूं, मैं हमेशा से यही करना चाहती थी। मैं उन सभी अवसरों के लिए आभारी हूं जो आज मेरी रियलिटी हैं। भारत में कई लोगों के लिए ये रियलिटी नहीं है. मैं कभी भी एक्टिंग नहीं करना चाहती थी। नव्या नवेली नंदा ने ये भी बताया कि आईआईएम अहमदाबाद में दाखिला लेने के बाद उन्होंने ट्रोलिंग से कैसे डील किया था।

## अंडर-17 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में नेपाल से भिड़ेगा भारत

**थिम्पू।** आत्मविश्वास से भरी भारत की अंडर-17 फुटबॉल टीम शनिवार को यहां सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में नेपाल से भिड़ेगी। भारतीय टीम को इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में अपनी शानदार फॉर्म बरकरार रखने की उम्मीद है जिसने बांग्लादेश को 1-0 और मालदीव को 3-0 से शिकस्त दी तथा ग्रुप ए तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई।

नेपाल ने भूटान के खिलाफ अपने अंतिम मैच में आखिर में किए गोल की बदौलत जीत हासिल कर ग्रुप बी तालिका में पाकिस्तान के बाद दूसरा स्थान हासिल किया और सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं पाकिस्तान का सामना शनिवार को दूसरे सेमीफाइनल में बांग्लादेश से होगा। भारत को अपने मुकाबलों के बीच काफी आराम मिला जिसमें सेमीफाइनल की तैयारी के लिए उन्हें पूरे तीन दिन मिले।

## डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर में भारत ने छह स्वर्ण सहित 27 पदक जीते

नई दिल्ली, एजेंसी

- **लड़कियों ने अंडर-19 और अंडर-15 वर्गों में सभी पोडियम स्थान किए हासिल**

भारत ने युवा टेबल टेनिस खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के बूते सऊदी अरब के दम्मम में डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर प्रतियोगिता में छह स्वर्ण सहित 27 पदक जीते। लड़कियों ने अंडर-19 और अंडर-15 वर्गों में सभी पोडियम स्थान हासिल किये। इससे भारत ने सात रजत और 14 कांस्य पदक भी अपने नाम किए।

भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) ने कहा कि प्रतियोगिता में टेबल टेनिस की दिग्गज टीमों के प्रमुख खिलाड़ी शामिल नहीं थे लेकिन देश के खिलाड़ियों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया। लड़कियों के अंडर-19 वर्ग में भारत की सुहाना सैनी, तनीषा कोत्चा, सयाली वानी और प्रीथा वर्तिका ने क्लीन स्वीप किया। लड़कों की अंडर-19 स्पर्धा में अंकुर भट्टाचार्जी ने रजत जीता जबकि पीबी अभिनंद और जोश मोदी ने कांस्य पदक अपनी झोली में डाले। वहीं लड़कों की अंडर-17 श्रेणी में प्रियानुज भट्टाचार्य को चीनी ताइपे के लियू शिह-मिंग से करीबी अंतर से हारने के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि अभिनंद ने एक और कांस्य पदक हासिल किया। एम हंसिनी ने सिंड्रेला दास को हराकर लड़कियों का अंडर-17 फाइनल जीता तो दिव्यांशी बोमिक और जेनिफर वर्गीज ने क्रमशः कांस्य पदक जीते। लड़कों की अंडर-15 श्रेणी में भारत के सार्थक आर्य ने कांस्य पदक हासिल किया और वहीं लड़कियों की इसी श्रेणी में काव्या भट्ट, हंसिनी, सिंड्रेला और दिव्यांशी ने क्लीन स्वीप किया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

